CMYK

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम: 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, सोमवार 19 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 145 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में करीब चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी पेज 2



इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब खेल टाइम्स



कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ, अफवाह व दुष्प्रचार सम्पादकीय



ट्रम्प ने आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: तीन साल बाद गैंगरेप पीड़ित युवती की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। एक न्यूज चैनल के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था।

### धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है।

### घने कोहरे से उड़ानें बाधित, परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के मद्देनजर एयर इंडिया और इंडिगो सहित विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों में संभावित देरी और रुकावटों को लेकर यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयर इंडिया ने कहा कि सोमवार सुबह दिल्ली सहित कई क्षेत्रें में दृश्यता कम रहने के कारण उड़ानों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसने रुकावटों को कम करने के लिए पहले से ही कदम उठाए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि देरी, मार्ग परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में हवाई अड्डा पर मौजूद कर्मचारी सहायता प्रदान करेंगे। कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से चेतावनी मिलेंगी, जिसमें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान रीशेड्यूल करने या रद्द होने की स्थिति में बिना किसी जुर्माना के पूरी राशि पाने का विकल्प होगा।

## महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंसा

# शिंदे गुट ने ढाई साल तक बीएमसी मेयर पद मांगा

## 29 पार्षद होटल भेजे, भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू, बहुमत का आंकड़ा 114

**मुंबई।** बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं।

हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर

- संजय राउत बोले: शिंदे खुद नहीं चाहते मुंबई में भाजपा का मेयर हो



'भगवान' चाहेंगे, तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है। मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट ने 29 वार्ड जीते हैं। बहुमत के आंकड़े 114 के लिए भाजपा को शिंदे गुट के 29 पार्षदों की जरूरत है। उद्धव के 'मराठी कार्ड' खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या सीमित रह गई। अब शिंदे गुट ने मेयर पद का दांव चला है। अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती, तो सत्ता के समीकरण बिगड़ सकते हैं। इसके चलते शिंदे ने तय किया है कि होटल में ही बैठक कर पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हॉर्स- ट्रेडिंग को रोकने के लिए यह सब किया जा रहा है। सभी 29 पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। यानी अगले 3 दिन वहीं रहना होगा। इससे पहले 2017 में नगर निगम चुनावों के बाद अविभाजित शिवसेना ने 7 मनसे कॉर्पोरेटर का दलबदल करवाया था। शिंदे गुट का पार्षदों को होटल में रखना, 2022 की उस बगावत की भी यादें ताजा कर रहा है, जिसके कारण शिवसेना टूट गई थी। दरअसल, मई 2022 महाराष्ट्र सरकार में नगर विकास मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 39 विधायकों के साथ बगावत कर दी थी।

### दिल्ली में सांसों पर 'आफत' AQI '493' पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहां एक्यूआई 493 दर्ज किया गया।


# भाजपा-एनडीए ने बिहार में जंगलराज रोका: पीएम मोदी

## कहा: अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार, घुसपैठ रोकने को फेंसिंग जरूरी

**कोलकाता/गुवाहाटी, वार्ता**

**पीएम नरेंद्र मोदी** ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। प. बंगाल में मोदी ने कहा कि टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो। टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा। जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। पीएम ने असम में कहा कि हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है, तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं। असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नार्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था। कांग्रेस की नीति है कि घुसपैठियों को बचाओ, उनकी मदद से सत्ता पाओ, बिहार में कांग्रेस ने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, बिहार ने इन्हें बाहर कर दिया, मुझे विश्वास है असम भी यही करेगा।





- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है: पीएम
- प्रधानमंत्री ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया
- अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर और कामाख्या- रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई

### टीएमसी जनता से दुश्मनी निकाल रही: मोदी

**कोलकाता।** बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। बंगाल की धरती ने देश की विरासत देश की आजादी के लिए जो दिशा दी, जो नेतृत्व दिया।

बीजेपी उस प्रेरणा को राष्ट्र के कोने-कोने तक ले जा रही है। भाजपा सरकार ही है जिसने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर इंडिया गेट के सामने नेताजी सुभाषबाबू जी की तस्वीर लगाई है। आजाद हिंदी फौज के त्याग को नमन किया गया। नेताजी के नाम पर अंडमान में द्वीप का नाम रखा गया। पहले 26 जनवरी के कार्यक्रम 24-25 को शुरू होकर 30 तारीख को पूरे होते थे। हमने अब इसे बदल दिया, अब 23 जनवरी सुभाष बाबू की जयंती से शुरू करके महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरा किया है।

# यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं।

अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी। यूपी के लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, अयोध्या समेत 50 ज्यादा जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक रह गई है। उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को

- उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी व पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ

बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। बिहार के कई हिस्सों में सुबह और रात के वक्त घना कोहरा बरकरार है। मौसम विभाग ने रविवार को बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे ठंडा सबौर (भागलपुर) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब में रविवार सुबह घनी धुंध रही। इस वजह से बठिंडा के मौड़ मंडी में पीआरटीसी बस गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से टकरा गई।

# प्लेन में बम की सूचना पर इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली।

विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होने की पुष्टि होने के बाद शाम 4:40 बजे यात्रियों समेत

- विमान में 230 यात्री थे सवार

डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था कि प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया।

# लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक जेल में फर्श पर सो रहे

**नई दिल्ली।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमो ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

सोनम वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे। गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम



- वांगचुक की पत्नी गीतांजलि बोलीं: बैरक में टहलने तक की जगह नहीं,
- सरकार जानती है, उनके केस में दम नहीं

वांगचुक की हिरासत के खिलाफ विरोध न होने से वह थोड़ी निराश हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए। आंगमो के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिए, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए। उन्होंने कहा कि यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए। जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। जिन पांच एफआईआर का हवाला दिया गया है, उनमें से तीन में वांगचुक का नाम नहीं है। जिन दो एफआईआर में नाम है, उनमें से एक अगस्त 2025 की है, जिसमें न तो नोटिस दिया गया और न पूछताछ हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला मजिस्ट्रेट का हिरासत आदेश पुलिस के प्रस्ताव की कॉपी-पेस्ट है। अधिकारी को अपना दिमाग लगाना चाहिए, सिर्फ कागजों की नकल नहीं करनी चाहिए। आंगमो ने कहा कि वे मामले को राजनीतिक नहीं बनाना चाहतीं। लेकिन उन्होंने कोर्ट में हो रही देरी पर चिंता जताई। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की ओर से तारीख पर तारीख ली जा रही है। गीतांजलि आंगमो ने बताया कि सोनम जेल के अपने अनुभव पर जो किताब लिख रहे हैं, उसका टाइटल शायद फॉरएवर पॉजिटिव होगा। अगर वह कुछ चींटियों और उनके व्यवहार को देखते हैं, तो वह मुझसे चींटियों के व्यवहार पर किताबें लाने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि चींटियों के समुदाय में बहुत एकता, बहुत टीम भावना होती है, तो शायद वह उसका अध्ययन करना चाहते हैं।

# नोएडा में कार सहित दलदल में गिरा इंजीनियर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में घने कोहरे की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दलदल में गिरकर मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा कि पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। इसके बाद कार समेत नाले के पानी से भरे 30 फीट गहरे दलदल में समा गया।

इंजीनियर युवराज मेहता अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। रास्ते में एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले

- 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाता रहा
- पिता को फोन कर कहा: मैं मरना नहीं चाहता

की दीवार तोड़ते हुए 30 फीट गहरे पानी से भरे दलदल में गड्ढे में गिर गई। युवराज की कार गड्ढे में गिरते ही दलदल में समाने लगी। युवराज किसी तरह कार से निकलकर उसके ऊपर चढ़ गए। पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों ने की 306 एकड़ में फैली अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर प्रशासन ने पिछले सप्ताह से जारी अभियान में 306 एकड़ भूमि में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांगपोकपी जिले के साइ. कुल थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर 12 से 17 जनवरी तक चलाए गए अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग 306 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इस अभियान के तहत खेतों में बनाई गई 43 अस्थाई झोपड़ियों के साथ-साथ स्प्रे पंप, पाइप, नमक, कीटनाशक और खरपतवारनाशक को भी नष्ट कर दिया गया। पूरे मणिपुर में गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिससे कई गिरफ्तारियां हुई हैं और अवैध अफीम की खेती के बड़े इलाकों को नष्ट किया गया है।

### तेजस राजधानी में बम की अफवाह से अफरा-तफरी

**चंदौली।** राजेंद्र नगर पटना से नई दिल्ली जा रही 12309 तेजस राजधानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना से शनिवार की रात यहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ट्रेन को दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) पर रोककर सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच अभियान चलाया। किसी तरह की विस्फोटक सामग्री बरामद ना होने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। तेजस राजधानी एक्सप्रेस शनिवार रात करीब 10:15 बजे पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची थी। इसी दौरान रेलवे बोर्ड को सूचना मिली कि ट्रेन में बम रखा गया है। अलर्ट मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ, जिला पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया।

# मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज, वार्ता**

- भीड़ का आलम ये था 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया था

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा चुके थे। आज सुबह चार बजे से ही मौनी अमावस्या का स्नान शुरू हो गया था।

जैसे जैसे सूरज निकला उसी रफ्तार से श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी भीड़ का आलम ये था कि 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगो ने स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने भी अपनी योजना में बदलाव करते हुए दूसरे रास्ते से स्नान घाट तक पहुंचाया। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और खिली खिली धूप मे लोग स्नान करते रहें। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आज शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने वाले लोगो पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मौनी अमावस्या का स्नान सबसे बडा स्नान पर्व होता हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान था कि आज के दिन तीन से साढ़े तीन करोड़ लोग स्नान करेंगे लेकिन दो बजे तक ही तीन करोड़ लोगो नें स्नान कर लिया था। लिहाजा ये आकड़ा और बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार कल देर रात 12 बजे से ही घाट पर डटे रहें और खुद ही पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ एक जगह एकत्र न हो, शहर के अंदर भी पुलिस ने खास इंतजाम किए हैं। जानसेन गंज चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड घे बंद कर दिया गया था। बिजली घर से सिविल लाइन्स जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेटिंग की गई हैं। इसके अलावा सिविल लाइन्स रेलवे स्टेशन साइड पर पैदल ही श्रद्धालुओं घे जाने दिया जा रहा हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से ट्रैफिक प्लान तैयार किया हैं उससे काफी अच्छा असर पड़ा है। श्रद्धालु स्नान कर रहें हैं और शहर मे जाम भी नहीं लगा। मौनी अमावस्या का स्नान करने शंकराचार्या स्वामी अविमुकतेशवारा नन्द महाराज अपने रथ पर सवार होकर भीड़ के बीच जा रहे थे। तभी पुलिस नें रथ की बजाए पैदल जाकर स्नान करने की अपील की जिस पर शांक. राचार्य के साथ चल रहे लोगों ने पुलिस से कहासुनी कर ली।

### प्रियंका ने दीं मौनी अमावस्या की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर देश भर के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीमती वाड्रा ने एक्स हैंडल पर साझा किए गए एक संदेश में कहा कि तपस्या, त्याग, ध्यान और दान को समर्पित मौनी अमावस्या के पवित्र त्योहार पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा देश के सभी नागरिकों का कल्याण करें।

# स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी: किशन रेड्डी

**हैदराबाद, वार्ता**



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में 'संडेज ऑन साइकिल' के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गति. विधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नागरिकों से तेल की खपत कम करने की भी अपील की है। रेड्डी ने बताया कि मानसिक तनाव कई बीमारियों के पीछे एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और रोजमर्रा की जिदगी में शारीरिक श्रम का बोझ कम होने से भी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। मंत्री ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत में युवाओं की आबादी बहुत अधिक है और अगर युवा स्वस्थ रहेंगे, तभी एक स्वस्थ भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक फिट और सक्षम पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा में बेहतर योगदान दे सकती है, जिससे विकास और प्रगति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवाओं की बुद्धि और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को आदत बनाने का आग्रह किया।

# अवैध धर्मांतरण केस में एटीएस ने आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी

**लखनऊ/नागपुर।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण से जुड़े बड़े मामले में यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस टीम ने एक दिन पूर्व शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से ईदुल इस्लाम नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के कथित अवैध धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। एटीएस के अनुसार आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ एटीएस थाने में दर्ज मुकदमे में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इसमें धारा 121ए (देश के खिलाफ साजिश), 153ए (सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना) सहित धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। इसके साथ ही आरोपी पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के तहत भी कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि ईदुल इस्लाम नागपुर में 'भारत प्रतिकार्थ सेवा संघ' नामक संगठन का संचालन कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि इसी मंच के जरिए अवैध धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। बताया गया है कि संगठन में ईदुल ने छांगुर उर्फ जलालुद्दीन को अवध प्रांत का अध्यक्ष भी नियुक्त किया था, ताकि उत्तर प्रदेश में नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। एटीएस जांच में यह भी सामने आया है कि ईदुल इस्लाम केवल संगठन से जुड़ा नाम भर नहीं था, बल्कि छांगुर के गिरोह का सक्रिय सदस्य था और सीधे तौर पर गतिविधियों में सहयोग कर रहा था। एजेंसी को

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन

# यूपी बनेगा देश का बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहा: प्रदेश अब मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा
- राज्य सरकार उप्र दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इना. 'वेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिग का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ नहीं, बल्कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर करीब 35 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। सरकार का लक्ष्य है कि चिकित्सा सुविधा हर नागरिक तक, विशेषकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बीते पौने नौ वर्षों के बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दो एम्स, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, सीएचसी-पीएचसी नेटवर्क और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। यूपी में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल चुके हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। जिन परिवारों का छूट जाना संभव था, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुधारों का असर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों पर भी दिखा है। साथ ही, एक समय प्रदेश में कहर बन चुकी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर निर्णायक रणनीति अपनाकर नियंत्रण पाया गया है। टेक्नोलॉजी के उपयोग पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि अब लक्ष्य है कि स्क्रीनिंग और प्राथमिक जांच गांव स्तर पर ही हो जाए, जिससे मरीजों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन और एआई आधारित स्क्रीनिग को राज्य में बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाएगा। योगी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क तथा ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### सीएम ने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में उन्होंने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण और क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े एसओपीयस प्रकाशन का विमोचन किया। उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यूपी में बेहतर इंफास्ट्रक्चर, सुरक्षित माहौल और सिगल विडो व्यवस्था उपलब्ध है, सरकार समयबद्ध स्वीकृतियों के साथ हर स्तर पर सहयोग देगी। वहीं गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से राज्य सरकार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह त्रिदिवसीय आयोजन राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।



**सेंसेक्स** 83570.35
**निफ्टी** 25694.35



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287 550
प्रति किलो



# कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार को मिलेगी दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों के सपाट रहने के बाद आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार की दिशा तय होगी। आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणामों से इस सेक्टर में तेजी बनी हुई है, जो आने वाले सप्ताह में जारी रहने की संभावना है।

अगले सप्ताह संेसेक्स की कंपनियों में इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। संसद में 01 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। पिछले सप्ताह बृहन्न मुंबई नगर निगम चुनाव को कारण गुरुवार को बाजार में अवकाश रहा था। सोमवार और शुक्रवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का संेसेक्स 5.89 अंक की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.05 अंक की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 25,694.35 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के लिए बीता सप्ताह अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक भी 0.46 अंक ऊपर बंद हुआ। संेसेक्स की 30 में से 19 के शेयर पिछले सप्ताह टूट गए, जबकि अन्य 11 में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 4.24 फीसदी लुढ़का। मारुति सुजुकी में 3.91 प्रतिशत, सन फार्मा में 3.51, एशियन पेंट्स में 2.39, आईटीसी में 2.33, इंडिगो में 2. 19 और बीईएल में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.67, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.20, बजाज फाइनेंस का 1.05 और अडानी पोर्ट्स का 0.99 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 5.65 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर भी 5.50 प्रतिशत, इंफोसिस 4.62, भारतीय स्टेट बैंक 4.23, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.52 और एनटीपीसी 3. 04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 2.20 फीसदी, एक्सिस बैंक के 1.78 और इटरनल के 1. 11 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एफपीआई ने जनवरी में निकाले 19,940 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 19,940 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। शुद्ध बिकवाली का मतलब है कि उन्होंने बाजार में जितना पैसा लगाया है, उससे अधिक निकाले हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इक्विटी में 22,530 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। वहीं डेट, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। डेट में उनका शुद्ध निवेश 2,150 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 392 करोड़ रुपये पर रहा। हाइब्रिड में उन्होंने अबतक 52-58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले, साल 2025 में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 83,972 करोड़ रुपये निकाले थे। इक्विटी में उनकी शुद्ध निकासी 1,60,103 करोड़ रुपये थी।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक तेजी, चीनी नरम, दालों, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही।

चीनी की कीमतों में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 39 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,795 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 13 रुपये मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 2,867 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 186 रुपये और सरसों तेल की 103 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 34 रुपये और वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 67 रुपये और सोया तेल की 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 35 रुपये और उड़द दाल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत चार रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069. 98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608. 86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी, श्याम लाल कॉलेज द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर 16-17 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक दृष्टि ने इस आयोजन को स्पष्ट दिशा प्रदान की तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं भाषाई विरासत के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर, उन्हें भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सभ्यतागत विरासत के संवाहक के रूप में समझना था। सम्मेलन के शैक्षणिक एवं वैचारिक संचालन में सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. कुशा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में सम्मेलन की विषयवस्तु और सत्र संरचना को अकादमिक दृष्टि से समग्र एवं अंतर्विषयक स्वरूप प्राप्त हुआ। दो दिनों के दौरान उद्घाटन सत्र, थीम आधारित सत्र, प्लेनरी सत्र, राउंड टेबल चर्चा, पैनल चर्चा तथा तकनीकी सत्रों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के विविध पक्षों पर व्यापक विमर्श किया गया। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. चंद किरण सलूजा रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, विशिष्ट वक्ता प्रो. पवन कुमार शर्मा (भारतीय भाषा समिति) तथा विशिष्ट अतिथि डा. मंथा श्रीनिवासु (संयुक्त सचिव, यूजीसी) उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नोएडा में...** डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह भी फोर्स के साथ वहां आए। दमकल कर्मी भी छोटी-बड़ी क्रेन के साथ पहुंचे। युवराज से कुछ ही मीटर दूर पिता और तमाम फोर्स थी, लेकिन कोहरे की वजह से वह एक-दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। वह मोबाइल का टार्च जलाकर चिल्लाता रहा- पापा मुझे बचा लो, मेरी कार डूब रही है। कुछ ही समय में उसकी आवाज आनी बंद हो गई। करीब ढाई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। घटना शुक्रवार देर रात की है।

# गरुड़ कमांडोज के लिए मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की विशेष बल इकाई 'गरुड़' के जवानों के प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपलक्ष्य में रविवार को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चंडी नगर में मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा एयर स्टाफ ऑपरेशंस (एयर डिफेंस) के सहायक प्रमुख ने की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस अवसर पर गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर के कमांडेंट ने प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 'गरुड़' जवानों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप विशेष बलों के लिए कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सेज टैब प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफियां भी सौंपी गईं। पासिग आउट समारोह के दौरान गरुड़ कमांडोज ने कॉम्बैट फायरिग, बंधक बचाव अभियान, फायरिग ड्रिल, असॉल्ट एक्सप्लोसिव्स, बाधा पार, दीवार चढ़ाई, स्लिथरिग, रैपलिग तथा सैन्य मार्शल आर्ट्स जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़' बल के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल परिणति और प्रशिक्षुओं के 'युवा विशेष बल ऑपरेटर' के रूप में रूपांतरण को दर्शाता है।

# रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण और सुरक्षा क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

- वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा, 7,500 ट्रैकों का नवीनीकरण जारी

देश में पिछले एक साल में रेलवे ट्रैकों के नवीनीकरण की दिशा में काफी तेज गति से काम हुआ है, जिसके कारण रेल सुरक्षा मजबूत हुई है। रेलवे की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा हुआ है और मौजूदा समय में 7,500 ट्रैकों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, जिसके वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा होने का अनुमान है।

इसके अलावा, 2026-27 के लिए 7,900 किमी ट्रैक का नवीनीकरण करने की योजना है। रेलवे ने बताया है कि 2024-25 में, 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (सीएमएस) क्रॉसिंग लगाए गए। वहीं 2025-26 में, 8,000 से ज्यादा थिक वेब स्विच और 3,000 से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए जाने की योजना है। रेलवे ने बताया कि ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और राइड क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बैलास्ट की मशीनीकृत डीप स्क्रीनिंग लगातार की गई है। रेलवे के मुताबिक 2024-25 के दौरान, 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिग पूरी की गई, जबकि 2025-26 में 7,500 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिग किए जाएंगे। मशीनीकृत रखरखाव में मदद करने और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने अपने ट्रैक मशीन बेड़े का काफी विस्तार किया है। वर्ष 2014 से अब तक 1,100 से ज्यादा ट्रैक मशीनें खरीदी गई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का रखरखाव तेजी से और ज्यादा कुशलता से हो रहा है। रेलवे ने बताया है कि पशुओं के ट्रेन की चपेट में आने और अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम करने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे सेफ्टी फेंसिग को प्राथमिकता पर लिया गया है, जिससे कुल मिलाकर सुरक्षा बढ़ी है। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर की फेंसिंग लगाई गई है, जिससे उन सेक्शनों पर सुरक्षा में सुधार हुआ है, जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलती हैं। रेलवे ने कहा है कि वर्ष 2014 में 110 किमी प्रति घंटे और उससे ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के योग पटरियों की लंबाई 31,445 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, जो अब बढ़कर 84,244 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 80 प्रतिशत) हो गई।

# दून मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग के आरोप में दो छात्र निष्कासित




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** दून मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग के आरोप में दो छात्र निष्कासित किए गए हैं।

फिलहाल एंटी रैगिंग कमेटी मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट आने तक वे हॉस्टल से निष्कासित रहेंगे। रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर छात्रों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन की ओर से आदेश जारी किया गया है। दून मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में हाल ही में जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग का मामला सामने आया था। इस पर अब एंटी रैगिंग कमेटी ने कार्रवाई की है।

## एमबीबीएस छात्र रैगिंग प्रकरण दुर्भाग्यपूर्ण:डॉ. रावत

■ दून मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या को दिए जांच के आदेश, कहा, शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के खिलाफ उठाए जाएंगे कड़े कदम,

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र के साथ हुए रैगिंग प्रकरण पर विभाग ने सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इस संबंध में कॉलेज की प्राचार्या को प्रकरण की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं, ताकि भविष्य में छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो।

प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दून मेडिकल कॉलेज में घटित रैगिंग की घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही कॉलेज प्रशासन को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। डॉ रावत ने कॉलेज की प्राचार्या को प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों, परिस्थितियों एवं आरोपों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर अन्य छात्रों एवं संबंधित व्यक्तियों से भी पूछताछ करने को कहा, ताकि सही तथ्य सामने आ सकें और दोषियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई की जा सके जो भविष्य के लिए नजीर बने। उन्होंने जांच रिपोर्ट आने तक आरा.



पी छात्रों को डिबार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। डॉ रावत ने रैगिंग जैसी घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं संस्थागत अनुशासन एवं व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को रैगिंग की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप सभी आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाने को कहा।

दून मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बताया कि विभागीय मंत्री के निर्देशों के अनुरूप मामले की जांच की जा रही है। कॉलेज में गठित एंटी–रैगिंग कमेटी ने जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पीड़ित छात्र की शिकायत के आधार पर आरोपी छात्रों के बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट शीघ्र ही सौंप दी जाएगी।

# टकराव की राजनीति कर प्रदेश का माहौल राब करना चाहती है कांग्रेस : चौहान

■ स्वस्थ परंपरा के विप. रीत अराजक आचरण से क्या संदेश देना चाहती है कांग्रेस?

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस पर प्रदेश मे वातावरण खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह टकराव की राजनीति को प्रश्रय दे रही है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने चेताया कि जिस तरह मंत्रियों और पार्टी नेताओं के कार्यक्रमों को बाधित करने का प्रयास हो रहा है वह स्वस्थ लोकतंत्र और सार्वजनिक जीवन मूल्यों के विपरीत है। कांग्रेस के बड़े नेताओं को लो. कतांत्रिक मर्यादाओं का ख्याल रखते हुए अपने कार्यकर्ताओं को यह बात समझानी चाहिए।

उन्होंने भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए हाल फिलहाल में कांग्रेस द्वारा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आदि के प्रवास कार्यक्रमों में हंगामे की को. शिश की कड़े शब्दों में निंदा की है। चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में आला.



चना और विरोध अभिव्यक्ति का अधिकार सभी को है, लेकिन यह सब मर्यादा के दायरे मे होना चाहिए। किसी के विरोध प्रदर्शन के नाम पर रास्ता बाधित करना, कार्यक्रम में हंगामा करना, बेहद आपत्तिजनक प्रदर्शन या जानबूझकर टकराव की स्थिति उत्पन्न करने को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। क्योंकि जो लोकतंत्र उन्हें अपने राजनैतिक कार्यक्रम करने का अधिकार देता है, वहीं सभी लोगों के पास है। कांग्रेस पार्टी के ऐसे कृत्यों से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी है, लेकिन वे अनुशासन से बंधे हैं।चौहान ने आरोप लगाया कि लगातार चुनावी हार से हताश निराश कांग्रेस पार्टी, प्रदेश का माहौल खराब करने की कीमत पर भी वापसी की इच्छुक है। यही वजह है कि प्रदेश में टकराव की राजनीति को बढ़ावा देने का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष घटनाओं को अंजाम दे रही है। कानून उल्लंघन की इन घटनाओं में वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ जनता को भी कसूरवार बना रही हैं । उनकी को. शिश रहती है कि किसी भी तरह से बड़ी अराजक घटना को अंजाम देकर प्रदेश का माहौल खराब किया जाए।

चौहान ने कांग्रेस को सलाह दी कि वे अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को कानून हाथ में लेने या अराजक स्थिति पैदा करने से रोकें। अनुशासन से बंधे भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस के इस आचरण का जवाब दे सकते हैं। सार्वजनिक मंच पर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भाजपा महज चुनाव तक सीमित दल नही, बल्कि पार्टी पूरे साल जनता के बीच उपस्थिति दर्ज कराती है। कांग्रेस को विरोध प्रदर्शन शालीनता और कानून के दायरे में रहकर करना चाहिए। मात्र चुनावी दृष्टि से की जा रही ऐसी विपक्षी हरकतों को जनता भी देख रही है और आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से उनका जबाब देगी।

# महेन्द्र भट्ट के गोपेश्वर पहुंचने पर दिखाए काले झंडे, कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर** (चमोली)।अंकिता भंडारी हत्याकांड की सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग, उधमसिंहनगर में किसान आत्महत्या की घटनाओं, सोशल मीडिया पर अं. कता हत्याकांड को लेकर की जा रही कथित भ्रामक चर्चाओं, वीआईपी की जाति बताकर मामले को जाति–धर्म से जोड़ने, केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने सहित विभिन्न जनमुद्दों को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपेश्वर योगेन्द्र बिष्ट के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट के गोपेश्वर आगमन पर काले झंडे दिखाकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच काफी देर तक धक्का–मुक्की और तीखी नोकझोंक होती रही, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन



गई।कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार अंकिता हत्याकांड में प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास कर रही है और मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की जांच सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से कराई जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके। साथ ही उधमसिंहनगर में किसान आत्महत्या की घटना को लेकर सरकार की नीतियों पर भी सवाल खड़े किए गए।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड को किसी जाति या धर्म से जोड़ने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे समाज को बांटने की साजिश की जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने को गरीबों और मजदूरों के हितों पर कुठाराघात बताया।स्थिति बिगड़ने पर पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।इस अवसर पर पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेन्द्र गरोड़िया, सभासद सूर्या पुरोहित, सभासद मनमोहन नेगी, सभासद उमेश सत्ती, लीला रावत, विजया कंडारी, मंजू देवी, विक्रम नेगी, मनमोहन ओहली, मदन सेमवासी, मुकुल बिष्ट, रविन्द्र वर्तवाल, किशन वर्तवाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिंदों की गिनती ने बढ़ाया संरक्षण का भरोसा

■ 126 प्रजातियों के 5806 जलपक्षी हुए दर्ज
प्रवासी मेहमानों से गुलजार दिखा आसन बैराज
सुरखाब से लेकर स्टेप ईगल तक बने आकर्षण के केंद्र

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में एशियन जलपक्षी गणना 2026 का आयोजन 18 जनवरी 2026 को आसन बैराज/आसन आर्द्रभूमि में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह नागरिक–विज्ञान अभियान अंत. रराष्ट्रीय जलपक्षी गणना का हिस्सा रहा, जो इस वर्ष एशियन जलपक्षी गणना का 40वां और अंतरराष्ट्रीय जलपक्षी गणना का 60वां वर्ष मना रहा है। इस अभियान में पक्षी प्रेमियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और वन विभाग के कर्मियों ने सर्दियों में आने वाले प्रवासी एवं स्थानीय जलपक्षियों की निगरानी की।आसन आर्द्रभूमि में हुई गणना के दौरान कुल 126 पक्षी प्रजातियां दर्ज की गईं, जिनकी कुल संख्या 5806 रही। इनमें कई दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियां भी शामिल रहीं, जो इस आर्द्रभूमि के संरक्षण महत्व को दर्शाती हैं।

## संकटग्रस्त प्रजातियों की मौजूदगी

गणना में कुल छह संकटग्रस्त एवं निकट संकटग्रस्त श्रेणी की प्रजातियां दर्ज की गईं। इनमें स्टेप ईगल (संकटग्रस्त), इजिप्शियन गिद्ध (संकटग्रस्त), पैलास मछली चील (संकटग्रस्त), कॉमन पोचार्ड (असुरक्षित), फेरुगिनस बतख (निकट संकटग्रस्त), एशियन ऊनी–गर्दन सारस (निकट संकटग्रस्त) व नदी टिटिहरी (निकट संकटग्रस्त) शामिल रहीं। इन प्रजातियों की उपस्थिति ने असन आर्द्रभूमि को केंद्रीय एशियाई उड़ान मार्ग पर एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में रेखांकित किया।

## रुडी शेलडक की सर्वाधिक संख्या

गणना की प्रमुख उपलब्धि रुडी शेलडक (सुरखाब) की 983 की सर्वाधिक संख्या रही। इसके अलावा बार–हेडेड हंस, ग्रेलैग हंस, कॉमन पोचार्ड, फेरुगिनस बतख, एशियन ऊनी–गर्दन सारस और पैलास मछली चील की मजबूत उपस्थिति दर्ज की गई। इससे यह स्पष्ट हुआ कि असन आर्द्रभूमि प्रवासी जलपक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण शीतकालीन आश्रय स्थल है।

## 27 प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस गणना में कुल 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें पक्षी पर्यवेक्षक, स्थानीय मार्गदर्शक और वन विभाग के कर्मचारी शामिल थे। सभी ने विभिन्न सेक्टरों में जाकर जलपक्षियों की गणना और पहचान की। वहीं अगर पिछले वर्षों से तुलना की जाए तो इस बार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में 141 प्रजातियां और 5228 पक्षी थे,वर्ष 2025 में 118 प्रजातियां और 5287 पक्षी दर्ज किए गए थे। वहीं, वर्ष 2026 में असन आर्द्रभूमि पर पक्षियों की संख्या स्थिर और कुछ मामलों में बेहतर पाई गई, जबकि राज्य स्तर पर वर्ष 2025 की तुलना में अधिक स्थलों को कवर किया गया।

## मानवीय दबाव के खतरे से बचाव करना होगा

गणना के दौरान आर्द्रभूमियों पर प्रदूषण, अतिक्रमण और मानवीय दबाव जैसे खतरों की भी पहचान की गई। एकत्रित आंकड़ों को ई–बर्ड मंच तथा आर्द्रभूमि आकलन प्रपत्र के माध्यम से साझा किया जाएगा, जिससे केंद्रीय एशियाई उड़ान मार्ग पर संरक्षण रणनीतियों को मजबूती मिलेगी। इस आयोजन का समन्वय उत्तराखंड वन विभाग, उत्तराखंड राज्य जैव विविधता बोर्ड और ई–बर्ड इंडिया द्वारा किया गया। इसमें तितली ट्रस्ट, दून नेचर वॉक्स, वाइल्डलाइफ प्रिजर्वेशन सोसाइटी सहित शैक्षणिक संस्थानों और अन्य भागीदार संगठनों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में राज्य एशियन जलपक्षी गणना समन्वयक संजय सोंधी, वन विभाग से प्रदीप सक्सेना, वरिष्ठ पक्षी पर्यवेक्षक आंचल सोंधी, अजय शर्मा, डॉ. वैभव महेश गुप्ता तथा ई–प्रोजेक्ट समन्वयक कुमारी रिया जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जोशी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून स्थित सामुदायिक भवन, नागल हटनाला में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड 04 राजपुर में 398.96 लाख की लागत से निर्मित नागल हटनाला पेयजल योजना तथा मण्डी परिषद के 23 लाख की लागत की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया, वहीं वार्ड के अंतर्गत नागल हटनाला, चालंग एवं कुल्हान क्षेत्रों में सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्यों का 188.36 लाख की लागत से शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री जोशी द्वारा इस प्रकार कुल 616.67 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी गई।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पेयजल, सड़क और नाली जैसे विकास कार्य आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सरकार प्रत्येक क्षेत्र के संतु. लित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री जोशी ने संबंधित अधिकारियों को आंतरिक सड़क निर्माण कार्यों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, पार्षद महिमा पुंडीर, पूर्व प्रधान समीर पुण्डीर, मण्डल महामंत्री अल्का कुल्हांन, अनुज कौशल, प्रमोद रावत, विक्रम इंद्रवाल, प्रेम पाठक, लोनिवि के ईई राजेश कुमार, जलनिगम के ईई दीपक नौटियाल, सुधीर पुंडीर, राज. श रमोला, मंजीत रावत, संजय रावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों और पार्टी के सक्रिय सदस्यों को क्या सम्मानित

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं पार्टी के सक्रिय सदस्यों को सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालों में पूर्व प्रधान चालंग रामलाल ठाकुर, प्रेम पाठक, मीनाक्षी भट्ट, कमल गुप्ता, रविंद्र सिंह, कलम सिंह रमोला, राखी पुंडीर, रणवीर और उमेश त्यागी सहित अन्य शामिल रहे।

# उत्तराखंड क्षत्रिय कल्याण समिति के चुनाव सम्पन्न



■ दिगम्बर सिंह नेगी बने नये अध्यक्ष, तो गो. विंद सिंह बिष्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गये

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उप निबंधक के लिखित निर्देश पर उत्तराखंड क्षत्रिय कल्याण समिति के द्वि वार्षिक चुनाव का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण और लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। इस चुनावी प्रक्रिया में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से क्षत्रियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया व अपने मताधिकार का प्रयोग कर नई कार्यकारिणी के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतदान प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी सदस्यों को अपने प्रतिनिधि चुनने का निष्पक्ष अवसर प्राप्त हुआ। चुनाव अधिकारी की देखरेख में हुई इस प्रक्रिया ने समाज की एकजुटता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया है।

मतदान के पश्चात हुई गणना में निम्न पदाधिकारी निर्वाचित घोषित हुए । अध्यक्ष पद पर श्री दिगम्बर सिंह नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री गोविन्द सिंह बिष्ट,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री राजेन्द्र सिंह रावत निर्विरोध , कोषाध्यक्ष पद पर श्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट , उप कोषाध्यक्ष पद पर श्री धर्म सिंह रावत, महासचिव पद पर श्री सोहन सिंह नेगी और सहायक महासचिव पद पर श्री विक्रम पुण्डीर, संघठन सचिव पर श्री चंद्र पाल सिंह जमवाल और श्री शेखर नेगी निर्विरोध निर्वाचित हुए, सांस्कृतिक सचिव पर श्रीमती परमेश्वरी रावत निर्वाचित हुए,

मतदान के लिए तीन सदस्यीय निर्वाचन समिति का गठन किया गया था जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह बिष्ट तथा उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी एसएस गुसाई और भगवान सिंह नेगी की देख रेख में चुनाव संपन्न हुए। 4 जनवरी को निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत नामांकन किया गया ।

निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान और क्षत्रिय हितों की रक्षा का संकल्प लिया। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने भारी संख्या में मतदान करने के लिए सभी क्षत्रिय समाज का आभार व्यक्त किया। आगामी कार्यकाल में समिति शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगी।

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने एक–दूसरे को बधाई देते हुए समाज की उन्नति के लिए मिल–जुलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर डॉ भरत बिष्ट धीरज नेगी हीरा नेगी जयमल नेगी जी एस बिष्ट संपादक मेजर महाव. ीर रावत धनपाल रावत मनोहर रावत ईश्वर असवाल गजेन्द्र रावत सुरेंद्र असवाल मदन रौतेला मनमोहन कंडारी रविदर्शन तोपाल धीर बिष्ट किशन भंडारी प्रेम रावत दिगंबर रावत देवेश्वरी नेगी महेंद्र रावत अशोक रावत ठाकुर रावत राजेंद्र रावत राय सिंह रावत महावीर बिष्ट नरेंद्र बिष्ट धीरेंद्र नेगी आदि लोग सम्मिलित रहे ।

# नैनीताल में चूहों का अजीब संकट, नगर पालिका करेगी जल्द करेगी समाधान

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल:** उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल अपनी खूबसूरत झील के लिए पूरे देश में जानी जाती है. नैनीझील नैनीताल के सौंदर्य में चार चांद लगा देती है. लेकिन नैनीताल की इस नैनीझील के किनारे की दीवारें कमजोर होती जा रहीं हैं. इन दीवारों के कमजोर होने का कारण चूहों द्वारा दीवारों में बनाए गए बिल भी हैं. नैनीताल शहर के मल्लीताल क्षेत्र में बोट हाउस क्लब, पंत पार्क, बैंड स्टैंड से लेकर कैपिटल सिनेमा तक का भू–भाग नैनीझील से लगा है. झील किनारे वर्षों पहले दीवार बनाई गई थी, जिसमें आज भी कई चूहों के बिल देखें जा रहे है. चूहों ने दीवारों में ही नहीं, बल्कि बैंड स्टैंड के आसपास की जमीन पर भी कई जगह बिल बना लिए हैं. इससे भू–धंसाव भी हो रहा है. इन चूहों से निपटना विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है.

नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि शहर के मल्लीताल झील के किनारे और तल्लीताल के इलाके में चूहों की संख्या बढ़ रही है. इस संबंध में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि इसका समाधान किया जाए. जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें पशुपालन विभाग और नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित थे. उन्होंने बताया कि चूहों का साइज काफी बड़ा है।

जिन्हें चूहेदानी में पकड़ पाना मुश्किल है. उन्होंने बताया कि इस सबंध में पूर्व में सूरत की नगर निगम से संपर्क किया गया था. उनके मेडिकल ऑफिसर ने आश्वस्त किया था कि उनकी टीम नैनीताल आएगी. लेकिन अभी तक कोई टीम नैनीताल नहीं पहुंची है. उन्होंने बताया कि वह लगातार सूरत की नगर पालिका के संपर्कमें है. वहीं आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि यदि सूरत नगर पालिका की टीम नहीं पहुंच पाती है तो हल्द्वानी से कोई एक्सपर्ट है तो उनसे संपर्क कर लिया जाए. उन्होंने बताया कि वो कृषि विभाग के साथ भी इस समस्या के समाधान के लिए समन्वय बना रहे हैं, क्योंकि जब खेतों में चूहों की संख्या बढ़ जाती है. तो कैमिकल डालकर मार दिया जाता है. लेकिन यदि यहां ऐसा किया गया तो चूहों के मरकर सड़ने की घटना सामने आ सकती है. जिस वजह से यहां कैमिकल नहीं डाला जा सकता. उन्होंने कहा कि नगर पालिका पशुपालन विभाग, कृषि विभाग से लगातार संपर्क में है. उन्होंने कहा कि खुले में खाद्य सामग्री फेक रहे लोगों के खिलाफ भी नगरपालिका कार्यवाही कर रही हैर।

उन्होंने बताया कि नैनीताल में चूहों का आकार बिल्ली से भी बड़ा हो चुका है. ऐसी स्थिति में मार्च महीने से पहले चूहों की इस चुनौती से नगर पालिका ने निपटने का लक्ष्य रखा है. उन्होंने कहा कि चूहों की इस तरह बढ़ती संख्या नैनीताल के पहाड़ी इलाकों के लिए खतरा बनते जा रही है।

## मुंबई के अविक अग्रवाल ने जीता 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का खिताब

**मुंबई।** मुंबई के पवई में बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल के ग्यारह साल के अविक अग्रवाल ने एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 15 में जीत हासिल करके 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का राष्ट्रीय खिताब जीता। उन्होंने देशभर के 1.25 लाख से अधिक छात्रों को पीछे छोड़ दिया। भारत की सबसे लंबे समय तक चलने वाली स्पेलिग प्रतियोगिता के 15वें संस्करण में देशभर के 300 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। इसका समापन एक रोमांचक ग्रैंड फिनाले में हुआ, जिसमें प्रतियोगियों की स्पेलिग की सटीकता, शब्दावली की ताकत और हाजिर जवाबी का कड़ा परीक्षण लिया गया। अविक ने देश के सबसे हो. शियार शब्दों के जादूगरों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई।

# बारिश ना होने से वनाग्नि की घटनाएं बढ़ीं

## चितई के जंगलों में भी धधकी आग, मानव संसाधन और सूचना तंत्र कमजोर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में वनाग्नि की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार देर शाम सोमेश्वर तहसील, चितई, कठपुड़िया समेत तीन जंगलों में आग धधक उठी। सोमेश्वर के जंगल में लगी आग तहसील परिसर तक पहुंच गई। बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका, जबकि चितई और कठपुड़िया के जंगल देर रात तक धधकते रहे। इससे कई हेक्टेयर जंगल को नुकसान पहुंचा है। दरअसल, इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों से लगे जंगलों में आग की घटनाएं आम हो गई हैं। शनिवार देर शाम सोमेश्वर तहसील परिसर से लगे जंगल में आग धधक उठी। विकराल हो चुकी आग तहसील के परिसर तक पहुंची पहुंच गई। इससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में लोगों ने फायर सर्विस की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर सर्विस की टीम ने जंगल में धधकी आग पर काबू पाने में जुट गए।



करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। इधर, चितई से सटे जंगल में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग जंगल के एक बड़े हिस्से में फैल गई। रात भर जंगल आग से धधकते रहे। हवालबाग विकासखंड के चितई क्षेत्र से सटे जंगल में एकाएक आग धधक गई। आग ने कुछ ही समय में जंगल का बड़ा हिस्सा अपने अगोश में ले लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। विभागीय अधिकारियों को मुताबिक आग से करीब आधा हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ। उधर, रानीखेत के कठपुड़िया क्षेत्र में भी जंगल में आग धधक उठी। फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उल्लेखनीय है कि पहाड़ में लंबे समय से बारिश नहीं होने से वनाग्नि की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। जिससे वन विभाग को चिंता में डाल दिया है। वहीं, वनाग्नि की घटनाओं से निपटना अब वन विभाग के लिए चुनौती बनता जा रहा है। तमाम प्रयासों के बाद भी विभाग वनाग्नि की घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है। ऐसे में वन विभाग कम संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के बीच आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटा हुआ है। वनाग्नि को रोकना विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बना जाता है।

# उपपा ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने रविवार को अपना 17 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने भाजपा और कांग्रेस की नीतियों पर सवाल उठाए। साथ ही नगर में जुलूस निकाला। नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित सभा में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि हम नशा नहीं रोजगार दो की बात करते हैं, सरकार गांव-गांव मे शराब की दुकानें खुलवा रही है। आज सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बात नहीं करती है। धर्म व जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम किया जा रहा है। जल, जंगल और जमीनों का दोहन हो रहा है। वहीं, सरकार एक तरफ यूसीसी कानून लाने की बात करती है, दूसरी ओर लोगों को समानता का अधिकार नहीं दिया जा रहा है। कहा कि आज भाजपा और कांग्रेस के पहाड़ विरा. धी नीतियों के खिलाफ सभी को एकजुट होने की जरूरत है। इस मौके पर यहां संजय कुमार, मुहम्मद साकिब, मो वसीम, राजू, हरीश बिष्ट, हेम पाण्डे, मनोज कुमार पंत, आनंदी, किरन आर्या, ममता बिष्ट, ममता जोशी, नारायण राम, कौस्तुभानंद भट्ट, गिरधारी कांडपाल, पूजा थापा, गोविंद राम, बसंत लाल, गोपाल मेहरा, शंकर सिंह, ललित सिंह, अमन सिंह, स्निग्धा तिवारी, गीता बिष्ट, बीना बिष्ट, गोविंद सिंह, गोविंद वर्मा, आशा साह समेत अन्य मौजूद रहे।



## एक नजर...

### पूर्व सैनिक, वीर नारियों का सम्मान

बागेश्वर। कुमाऊं सेंटर रानीखेत की एक टीम ने डिग्री कालेज परिसर में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमाऊं सेंटर रिकॉर्ड की टीम के साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में पहल करना रहा। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। सभी ने कुमाऊं रेजिमेंट की इस पहल की सराहना की और इसे सैनिक परिवारों के लिए प्रेरणादायक बताया। उत्तराखंड पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष भूपेश सिंह ने कुमाऊं रेजिमेंट की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मान के साथ अपनी बात रखने का अवसर मिलता है, जिससे उनका हौसला बढ़ता है।

### जयपुर रवाना हुए ताइक्वांडो खिलाड़ी

**बागेश्वर।** जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को जयपुर में आयोजित होने वाली द्वितीय फेडरेशन कप राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। जिला ताइक्वांडो एवं पारा ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। फर्स्वाण ने कहा कि यह बागेश्वर के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मेहनत और अनुशासन के बल पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

### नयना का गणतंत्र दिवस परेड को चयन

**अल्मोड़ा।** नगर की मूल निवासी व ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून में बीटेक की छात्रा नयना बिष्ट का गणतंत्र दिवस परेड 2026 कर्तव्य पथ नई दिल्ली के लिए चयन हो गया है। एनसीसी 11 यूके गर्ल्स बटालियन देहरादून



में अंडर सीनियर ऑफिसर है। उनके चयन पर गृह क्षेत्र अल्मोड़ा में खुशी की लहर है। नयना के ग्राफिक एरा कालेज देहरादून में बीटेक की छात्रा है। उनके कठिन अभ्यास अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन होने पर एनसीसी अधिकारियों कालेज प्रशासन और अल्मोड़ा में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। नयना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों को देती है। उनका कहना है कि शिक्षकों का मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारियों का अनुशासनात्मक परीक्षण व परिवार का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन ही इस उपलब्धि की मजबूत नींव बनी। उनके पिता प्रकाश बिष्ट एक प्रसिद्ध रंगकर्मी है। माता प्रीति बिष्ट समाज सेविका हैं।

### 20-21 फरवरी को होलिकोत्सव का निर्णय

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में महिला होलीकोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। रविवार को महिला कल्याण संस्था की ओर से होलीकोत्सव के आयोजन पर चर्चा हुई। तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 व 21 फरवरी को महिला होलिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने बताया कि पहले दिन 20 फरवरी को अल्मोड़ा की सभी टीमें प्रतिभाग करेंगी। 21 फरवरी को कुमाऊं से आई टीमों के साथ अल्मोड़ा की टीमें प्रतिभाग करेंगी। यहां बैठक में संस्था की संरक्षक मीता उपाध्याय, सचिव पुष्पा सती, अखिलेश थापा, चंद्रा अग्रवाल, आशा कर्नाटक, ममता चौहान, अंजू अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, दीपा, सतीश जोशी, सरला बिष्ट, आदि. ति, दीपा जोशी, गोपा नयाल, ममता खत्री, रिचा दुर्गापाल, बबीता महाजन, तारा नैनवाल, हेमा कांडपाल, विमला तिवारी, लता भट्ट, विमला काण्डपाल, हीरा कनवाल, नंदी देवी, जीवंती देवी महिलाएं मौजूद रही।

### विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**काशीपुर।** महिला ने पति पर बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली आईटीआई क्षेत्र के जसपुर खुर्द निवासी शिवानी पुत्री बलराम सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि उसका सौरभ कुमार निवासी सुभाष नगर आवास-विकास से लगभग नौ वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 20 सितंबर 2020 को उन दोनों ने खोखरा मंदिर में हिन्दू रीति-रिवाज के साथ शादी कर ली और पति के साथ खड़कपुर देवीपुरा में रहने लगी। ससुराल वाले परमानंद विहार कॉलोनी रोशनाबाद जिला हरिद्वार में रहते हैं। बताया उसका पति शैफ है और नौकरी के लिए ओमान जाते रहते थे। इसी बीच 16 अगस्त 2024 को ससुराल वाले आए और दहेज की मांग करने लगे। पति ने उसके साथ मारपीट की। पति ने कहा जब तक बुलेट मोटरसाइकिल व अन्य दहेज नहीं मिलता खर्चा नहीं देगा।

### नुक्कड़ नाटकों में बढ़ रही है भीड़

**काशीपुर।** नुक्कड़ नाटक मंडली के लोक कलाकारों ने आज दूसरे दिन भी नगर के विभिन्न वार्डों में घूम घूम कर आम जनमानस को सफ़ाई के प्रति सचेत किया। लोगों में नुक्कड़ नाटक के प्रति काफी रुझान देखा गया और जिस क्षेत्र में भी यह कलाकार गए वहां लोगों ने भारी भीड़ के साथ इनकी बात को सुना। लोक कलाकारों ने लोगों को सूखे और गीले कूड़े को अलग अलग रखने के साथ-साथ पॉलीथिन और प्लास्टिक का उपयोग न करने कूड़ा केवल कूड़ा गाड़ी में ही डालने और शहर को साफ़ स्वच्छ रखने के बारे में समझाया गया। दिन निकलते ही लोक कलाकारों की टीम वार्ड संख्या एक में जा पहुंची जहां पार्षद बीना नेगी सहायक नगर आयुक्त विनोद शाह, स्वास्थ्य एवं सफ़ाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, महापौर प्रतिनिधि चौ. समरपाल सिंह, पार्षद मयंक मेहता स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं। वही वार्ड नंबर दो में पार्षद संजय शर्मा सोनू कुमार सिंह राजकुमार आदि बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने सोनू की दुकान के पास हुए नुक्कड़ नाटक देखा। वार्ड नंबर 35 में स्टेडियम मोड पर, वार्ड नंबर 34 में शिवनगर कॉलोनी तथा वार्ड नंबर 33 में मंडी के पास लगे ट्रांसफार्मर के नजदीक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जहां नुक्कड़ नाटक देखने वालों की काफी भीड़ देखी गई।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने दो लोगों पर जमीन के पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। ग्राम बघेलेवाला निवासी भोगराज सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने बरखेड़ा पाण्डे निवासी नीरज शर्मा पुत्र रामचन्द्र शर्मा व सुमैर कौशिक पु संजय शर्मा के साथ जमीन का सौदा किया था। जिसमे उसे नीरज शर्मा व सुमेर कौशिक से रूपये लेने थे। आरोप लगाया कि 13 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे आवास विकास चौराहे पर उसे दोनों मिले तो उसने पैसों का तकादा किया। जिस पर उन्होंने गाली-गलौच कर पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी तथा कार से फरार हो गये। कहा कि दोनों लोग ऱ्जीबाड़ा करने में माहिर हैं तथा जमीन खरीद फरोख्त के मामले मे लोगो के साथ धोखधड़ी करते रहते हैं, इन लोगो के विरूद्ध कई मुकदमे भी विचाधीन हैं। कहा कि आरोपी पैसे मांगने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# शांतिपुरी में उत्तरायणी महोत्सव की धूम

## फौजी ललित मोहन, पुष्कर मेहर व प्रीति ने मचाया धमाल



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव जवाहरनगर में रविवार को आयोजित उत्तरायणी महोत्सव का रंगारंग आगाज भगवान श्री गणेश व सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में क्षेत्र के दर्जन भर नामचीन विद्यालयों की सांस्कृतिक टीमों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं कुमाऊं के लोकप्रिय लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी ने अपने सुपरहिट गीत टक टका टक कमला, नैनीताल की मधुली, कश्मीरा बार्डर प्यारी, राइफल मेरी कानी मां सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही लोक गायक पुष्कर मेहर व गायिका प्रीति की प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियां शिव तांडव, विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं किच्छा गुरुकुल विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत योगाभ्यास कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। चिलचिलाती धूप में लोगों ने भांग की चटनी और नींबू सना का स्वाद भी लिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन मोहन कोरंगा उर्फ लक्खा व सोनू कार्की ने किया। इस अवसर पर प्रधान तारा पाण्डे, डाक्टर गणेश उपाध्याय, नारायण सिंह बिष्ट, विनोद कोरंगा, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, संजीव कुमार, पूर्व प्रधान नारायणी कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, मोहन लक्खा, राजू पटवाल, संजू पटवाल, नरेश बिष्ट, मोहन चंद्र पांडे, पंकज कोरंगा, दीपक भट्ट, कुंदन अधिक. री, जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य पूर्णिमा दानू, कुंदन सिंह दानू, सोनू कार्की, ग्राम प्रधान तारा पांडे, प्रधान दीपा कांडपाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य सरो. जनी कार्की, प्रधान कविता तिवारी, बिशन सिंह मेहरा सहित सैकड़ों दर्शक, कलाकार एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# उत्तरायणी मेले में कुश्ती का दंगल

## जममू के बादल और फैज़ल ने पहले दिन के मुकाबले जीते



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सरयू बगड़ में उत्तरायणी मेले का सबसे आकर्षक इवेंट कुश्ती दंगल शुरू हो गया है। पहले दिन खेले गए मुकाबले में जम्मू के बादल व फैजल ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया है। इससे पहले पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल और प्रायोजक दलीप खेतवाल ने प्रतियोगिता शुरू कराई। इस मौके पर प्रायोजक दलीप सिंह खेतवाल ने कहा कि उनका दंगल करवाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं की खेलो के प्रति रुचि बढ़ना है। उन्होंने पहाड़ के युवा युवतियों से रील की दुनियां से बाहर निकलकर रियाल दुनियां में आने की अपील की गई। दंगल का पहला मुकाबला बरेली के सुरेंद्र और जम्मू के बादल के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में बादल ने पटखनी दी। दूसरा मुकाबला जम्मू के फैजल गनी व हरियाणा के मोनू पहलवान के बीच हुआ। यह मुकाबला कड़ा हुआ। फैजल ने जीत हासिल की। इसके बाद महिला वर्ग की प्रतियोगिता खुशी पाल काशीपुर स्टेडियम व सरिता राजस्थान के मध्य खेला गया। यह मुकाबला खुशी ने जीता। इसी क्रम में राजू थापा देहरादून और वसीम पहलवान राजस्थान के बीच खेला गया, यह मुकाबला सभी मुकाबलों से रोचक रहा, करीब 20 मिनट तक चले इस मुकाबले में राजू ने अपने प्रतिद्वंदी को पटकनी देकर चित किया। इस मौके पर विधायक बागेश्वर पार्वती दास, कपकोट सुरेश गड़िया, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय, बलवंत सिंह भौर्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी सहित सैकड़ों मेलार्थी मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रही धूम

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। लोक कलाकारों ने देर रात तक दर्शकों का मनोरंजन किया। उत्तरैणी कौतिक लागिरौ सरयू का बगड़ में गीत में दर्शक झूमते रहे। कैलाश कुमार, दीपिका, राकेश खनवाल व कमलजीत ने जमाई महफ़िल। धारचूला के विधायक समेत नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष ने मेले का आनंद लिया। नुमाईशखेत मैदान में बने रंगमंच में राकेश खनवाल ने क्रीम पाउडर घिसनी किले नै, हलवदार की चेलि हिमूलि गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच पर कैलाश कुमार, दीपिका व कमलजीत ढकरियाल ने नॉन स्टाप कार्यक्रम पेश किया। इससे पहले मेला कमेटी ने अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल दीपा दरमवाल, विधायक धारचूल हरीश धामी, दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, जिपं सदस्य नवीन परिहार का स्वागत किया। अध्यक्ष पालिका सुरेश खेतवाल ने कहा कि इस बार मेले में लोक संस्कृतिक को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस मौके पर मेलाधिकारी प्रियंका रानी, सचिव विनोद जीना, सांस्कृतिक समिति के दीपक खेतवाल, जयंत भाकुनी, हरीश सोनी, मनोज कपकोटी, आदि मौजूद रहे। जबकि रविवार दिन में मेला अपने चरम पर रहा। चारों घाटियों से आए मेलार्थियों ने जमकर मेले का लुत्फ उठाया। मेलार्थियों ने मेले से जमकर मिठाई, गर्म कपड़े, लोहे के वर्तन, रिंगाल के वर्तन, सहित अन्य सामग्री खरीदी। जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को आकर्षित किया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। भारी भीड़ को देखते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। मेला क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया गया है। पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 40 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई, जबकि गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर तीन वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया। थाना कपकोट पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चालक कमल बघरी को अत्यधिक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़ा। चालक को गिरफ्तार कर बोलेरो वाहन सीज किया। इसके साथ ही बम निरोधक दस्ता ने मेला क्षेत्र, संवे. दनशील स्थलों, घाटों तथा प्रदर्शनी मैदानों में आधुनिक उपकरणों से सघन चेकिंग की। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने कहा कि मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश न करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना पुलिस या हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

### कोतवाली के सामने से फड़ हटाने के लिए कल का समय

**काशीपुर।** कोतवाली के सामने स्थित फड़ स्वामियों की रोजी-रोटी पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन की ओर से क्षेत्र में संचालित सभी 29 फड़ों को नोटिस जारी करते हुए स्थान खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे फड़ व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी फड़ संचालकों को कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं। इस बार प्रशासन ने उन्हें 17 जनवरी तक जगह खाली करने का अल्टीमेटम दिया था। हालांकि फिलहाल प्रशासन की ओर से इन्हें मंगलवार तक की अस्थायी राहत प्रदान की गई है, लेकिन इसके बाद क्या होगा, इसे लेकर असमंजस बना हुआ है। प्रशासन के नोटिस के बाद फड़ संचालक गहरी चिंता में हैं। अपनी आजीविका पर आए इस संकट से निपटने के लिए फड़ व्यवसायियों के बीच आपसी विचार-विमर्श लगातार जारी है। हालांकि इस दौरान फड़ संचालक मीडिया के सामने खुलकर बोलने से बचते नजर आए। कुल मिलाकर प्रशासन की कार्रवाई से फड़ व्यवसायियों में डर और अनिश्चितता का माहौल है।

### ड्रिल मशीन गिरने से घायल बच्चे की हालत में सुधार

**काशीपुर।** मझरा क्षेत्र में शनिवार शाम को बिजली पोल लगाने वाली ड्रिल मशीन की चेन टूटकर एक साइकिल सवार बच्चे पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मोहल्ला अल्ली खां रहमत शाह बाबा की मजार के पास हुई। घायल बच्चे की पहचान 13 वर्षीय उमैद के रूप में हुई, जो घर से साइकिल पर सामान लेने गया था। जब वह दुकान से लौट रहा था, तो ड्रिल मशीन की चेन टूटकर उसके ऊपर गिर गई। इससे उमैद की साइकिल का अगला पहिया पूरी तरह से कटकर अलग हो गया। उसे तुरंत रामनगर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसकी हालत में सुधार बताया गया। उमैद के पिता मो. यासीन ने बताया कि ड्रिल मशीन का ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

# खूंट-धामस में भूमाफियाओं पर जमीन खरीद फरोख्त का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के खूंट-धामस में ग्रामीणों ने कुल लोगों पर जबरन जमीन खरीद फरोख्त का आरोप लगाया है। रविवार को मामले को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से भू-माफिया पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। ग्राम पंचायत में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि भू-माफियाओं द्वारा स्थानीय लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। वहीं, वृद्ध ग्रामीणों के साथ मारपीट, छाती पर लात मारने जैसे अमानवीय कृत्य किए गए हैं। कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती देती हैं, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक शांति और सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। बैठक के दौरान ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बैठक में नायब तहसीलदार और पटवारी भी पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। वहीं, पूरे प्रकरण की जांच करने और दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। यहां बैठक में विनय किरौला, विनोद तिवारी, राजेंद्र सिंह चौहान, डुंगर सिंह, जगदीश सिंह, चंदन सिंह, विजय कुमार, भीम राम, रंजित सिंह, राजेंद्र बिष्ट, भूपाल बिष्ट, गोविन्द सिंह, बचे सिंह, विजय सिंह, अशोक तिवारी, कैलाश बिष्ट, प्रताप सिंह, कुंदन सिंह, दीपक चौहान, सूरज, मनीष, भरत बिष्ट, प्रियांशु, नारायण सिंह, देव सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# बेटियों को शिक्षा और संस्कार देकर विदा करें: उर्वशी बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** समाजसेवा में जुटीं डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली समय-समय पर समाज में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों और दिखावे के जीवन के प्रति झकझोरने वाले विचारों से समाज में जागृति लाने का प्रयास करती रहती हैं। श्रीमती बाली का कहना हैं कि आज के आधुनिक और जागरूक समाज में यह सोच बदलना अत्यंत आवश्यक है कि बेटी की विदाई केवल दहेज से होती है। दहेज या शादियों पर बहुत सारा पैसा उड़ा कर न तो सुरक्षा देता है और न ही सम्मान। बेटी का सच्चा सम्मान और सुरक्षित भविष्य शिक्षा, मां बाप के संस्कार और आत्मनिर्भरता से ही सुनिश्चित होता है। श्रीमती बाली कहती है कि बेटियों को यह सिखाना ज़रूरी है कि वे ससुराल को दूसरा घर समझकर जाएं, ससुराल समझ के नहीं। उन्होंने कहा कि बेटियों को उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देना माता-पिता की ही ज़िम्मेदारी है। शिक्षा उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने की ताक़त देती है, सही और गलत में फर्क करना सिखाती है और आत्मविश्वास बढ़ाती है। दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त कर बेटियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा, थोड़ी संपत्ति उनके नाम और आत्मनिर्भरता का मार्ग दें।



# दिनेश गुरुरानी को एक और बड़ी जिम्मेदारी

## कुमाऊं मंडल विकास निगम के सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति ने बनाया प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति कुमाऊं मंडल विकास निगम के रविवार को हुए अधिवेशन में राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। बता दें दिनेश गुरुरानी कुमाऊं मंडल विकास निगम के संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम व संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के विगत 30 वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं जो कि राज्य में एक रिकार्ड है। सेवा. निवृत के बाद पुन: प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।



गुरुरानी द्वारा राज्य में कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर एक नई पहल पौधारोपण अभियान जो 24 जुलाई 2024 से चलाया गया वह निरंतर जारी है।

पौधारोपण अभियान का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। गुरुरानी को पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पांच बार मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में दिनेश गुरुरानी उत्तराखंड क्रांति दल के टिकट से विधानसभा डीडीहाट से उम्मीदवारी कर रहे हैं। अधिवेशन में दिनेश गुरुरानी ने कहा वह दोनों निगमों के लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को समान कार्य का समान वेतन व नियमितीकरण की लड़ाई लड़ते रहेंगे। साथ ही सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित देयकों व पेंशन प्रकरण को लेकर भी संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुमाऊं मंडल विकास निगम से कर्मचारी राजनीति की शुरुआत की, अब वह कर्मचारी राजनीति के साथ-साथ जनता की समस्याओं को लेकर सक्रिय राजनीति भी करेंगे। पौधारोपण अभियान के 552वे दिन काठगोदाम स्थित संघ भवन परिसर में राष्ट्रीय संघर्ष समिति के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह अधिकारी, कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह नेगी समेत उत्तराखंड समन्वयक जगत सिंह डोभाल सहित गणेश मेलकानी, बृजमोहन सिजवाली, भुवन कांडपाल, बसंत जोशी, गोविंद मेहता, कुंवर सिंह कार्की, दीवान सिंह बिष्ट, मंगल सिंह बघरी तथा देवेंद्र पांडे सहित पौधारोपण अभियान से जुड़े। कार्यकारिणी के चुनाव में मुखय संयोजक भुवन कांडपाल,प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी, महामंत्री बसंत जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह बघरी, गोविंद सिंह मेहता उपाध्यक्ष, दीवान सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह कार्की कार्यालय मंत्री, भुवन लाल शाह संयुक्त मंत्री, सतीश जोशी और बची राम आर्य प्रचारमंत्री, महेश चंद्र भट्ट, संगठन मंत्री में गुमान सिंह कुमटिया, गिरधर सिंह मनराल और देवेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष महेश चंद्र कांडपाल को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य में देवेंद्र पांडे, गोविंद बनकोटी, दिनेश जोशी, केशव दत्त नैनवाल, दिनेश सागुडी, मोहन चंद्र बेलवाल, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, देवेंद्र चंदोला व गंगाराम को चुना गया।

# मुकेश बोरा को 'केमिकल फ्री मिल्क' अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा को 'केमिकल फ्री मिल्क अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो किसानों की मेहनत और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है। किसानों और पशुपालकों के हितों की मजबूती, साथ ही केमिकल फ्री 'आँचल' दूध व दुग्ध उत्पादों को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाने के लिए मुकेश बोरा को यह सम्मान अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह सरोवर नगरी नैनीताल स्थित रॉयल होटल में कुमाऊँ काउंसिल देवभूमि विकास द्वार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए मुकेश



### नैनीताल दुग्ध संघ की मुहिम को मिली पहचान

बोरा ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि नैनीताल दुग्ध संघ से जुड़े हजारों दुग्ध उत्पादकों, किसानों और पशुपालकों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संघ का संकल्प है कि उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित और रसायन-मुक्त दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जाएं, ताकि स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न हो। मुकेश बोरा ने स्पष्ट किया कि दुग्ध संघ आने वाले समय में भी गुणवत्ता, पारदर्शिता और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार नए कदम उठाता रहेगा। उनका कहना था कि जब किसान मजबूत होगा, तभी उपभोक्ता तक शुद्ध उत्पाद पहुँचेगा। कार्यक्रम में दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, प्रशासन एवं विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी, पीएंडआई सुभाष बाबू, कालाढूंगी अवशीतन केंद्र प्रभारी शांति कोरंगा सहित कई अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने जलाया सरकार का पुतला

## ऐतिहासिक मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनारस एवं दिल्ली में वर्षों पुराने मंदिरों तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों को चेन से खींचकर तोड़े जाने की घटना को लेकर विधायक सुमित हृदयेश की अगुवाई में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क जोरदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सनातन परंपरा के प्रतीक मंदिर एवं देवी-देवताओं की मूर्तियाँ केवल पूजन-स्थल नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक चेतना, आस्था और सभ्यता की आत्मा हैं। काशी स्थित मणिकर्णिका घाट, जिसकी सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और विशेष महत्ता है, वहाँ यह मान्यता है कि यदि किसी की अंत्येष्टि मणिकर्णिका घाट में हो जाए तो उसे सीधे मोक्ष की



प्राप्ति होती है। यह घाट केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि पुराणों में वर्णित सनातन परंपरा और धार्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पावन घाट के आसपास स्थित प्राचीन मंदिरों एवं उनमें स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों को जेसीबी मशीनों से तोड़ा गया। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि काशी जैसे पवित्र और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल में मंदिरों एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़े जाने की घटना अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय और आस्था को गहरा आघात पहुँचाने वाली है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि दिल्ली के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र झंडेवाला मंदिर को तोड़े जाने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। यह केवल एक मंदिर को नुकसान पहुँचाने का मामला नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था पर सीधा हमला है। भाजपा सरकार के शासन में देश की राजधानी तक में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जो सरकार की नाकामी और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषी अधिकारियों एवं असामाजिक तत्वों की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए भविष्य में मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हेतु ठोस, प्रभावी और स्थायी व्यवस्था लागू किए जाने की मांग की। पुतला दहन करने वालों में हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, हेमंत बगड़वाल, प्रकाश पांडे, हरेंद्र बोरा, एनबी गुणवंत, नंदन दुर्गापाल आदि थे।

## लालकुआं रेलवे स्टेशन के किनारे पड़ा मिला ड्राइवर का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं रेलवे स्टेशन के किनारे एक बस चालक बेसुध हालत में पड़ा हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लाकलुआं पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों को लालकुआं रेलवे स्टेशन के समीप एक अचेत अवस्था में व्यक्ति पड़ा हुआ दिखाई दिया। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अचेत पड़े व्यक्ति की शिनाख्त होने की सूचना बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी 43 वर्षीय सोहन गिरी गोस्वामी के रूप में की और परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि सोहन गिरी गोस्वामी एक स्कूल बस चलाता था।

# पुलिस ने पत्रकारों को हराया

## पुलिस व पत्रकारों के बीच हुआ सदभावना मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी की पहल पर पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी सद्भाव, सहयोग और मैत्री भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को आम्रपाली क्रिकेट मैदान में पुलिस एकादश और प्रेस एकादश के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पुलिस एकादश ने प्रेस एकादश को 39 रनों से पराजित किया। मैच में पुलिस एकादश की कमान स्वयं एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने संभाली, जबकि प्रेस एकादश का नेतृत्व संतोष जोशी ने किया। टॉस जीतकर पुलिस एकादश ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी और एसओजी प्रभारी राजेश जोशी ने पारी की शुरुआत की, लेकिन शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए। इसके बाद एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने एक छोर संभालते हुए 45 रनों की शानदार कप्तानी पारी खेली। अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से पुलिस एकादश ने निर्धारित 20 ओवरों में 163 रन बनाए। प्रेस एकादश की ओर से हर्ष और नवनीत ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस एकादश की शुरुआत पंकज पांडे और नवनीत बिष्ट ने की, लेकिन पुलिस की कसी हुई गेंदबाजी के सामने टीम नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। संघर्षपूर्ण खेल के



बावजूद प्रेस एकादश 123 रन ही बना सकी। नवनीत बिष्ट ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। पुलिस एकादश की ओर से योगेश ने तीन तथा सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल ने दो विकेट झटके। मैच के दौरान दोनों टीमों ने खेल भावना का परिचय दिया। दर्शक दीर्घा में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान भी मौजूद रहे। मैच के बाद एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन ऐसे आयोजनों से पुलिस और प्रेस के बीच आपसी विश्वास और संबंध और मजबूत होते है। भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## नैनीताल जा रही रोडवेज बस ने काठगोदाम में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के भवाली डिपो की रोडवेज बस संख्या यूके07पीए-2971 रविवार तड़के हल्द्वानी से नैनीताल के लिए रवाना हुई,



लेकिन काठगोदाम पहुंचते ही बस तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। बस में उस समय करीब 32 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार यह बस तड़के देहरादून से भवाली वाया नैनीताल के लिए चलती है। हल्द्वानी से लगभग रात 1 बजे यात्रियों को लेकर नैनीताल के लिए रवाना हुई बस जैसे ही काठगोदाम पहुंची, वहीं खराब हो गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को धीरे-धीरे काठगोदाम डिपो तक पहुंचाया। काठगोदाम डिपो की वर्कशॉप में तैनात कर्मचारियों ने बस को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन अधिक तकनीकी खराबी होने के कारण बस को तत्काल ठीक नहीं किया जा सका। इसके बाद भवाली डिपो की एक अन्य रोडवेज बस जो दिल्ली से हल्द्वानी पहुंची थी, उसके जरिये यात्रियों के लिए काठगोदाम डिपो भेजा गया। बस बदलने की प्रक्रिया में यात्रियों को करीब एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि बाद में यात्रियों को वैकल्पिक बस से नैनीताल के लिए रवाना किया गया।

# मकान के सौदे में जालसाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मकान बेचने के नाम पर महिला से लाखों रुपये की ठगी, पैसे मांगने पर धमकी और सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने के बहुचर्चित मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल रवि प्रकाश की अदालत ने छह अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई। अदालत ने मुख्य आरोपी गौरव गुप्ता और उसके भाई सौरभ गुप्ता को सात-सात साल के सश्रम कारावास और 85-85 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। वहीं अन्य चार दोषियों को भी अलग-अलग धाराओं में तीन-तीन साल के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई है। मामले की वादी हल्द्वानी निवासी कवयित्री गौरी मिश्रा ने वर्ष 2019 में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि गौरव गुप्ता ने उनसे 40 लाख रुपये में मकान बेचने का समझौता किया था। इस समझौते के तहत उन्होंने 35 लाख रुपये नकद और चेक के जरिए दिए, लेकिन न तो मकान की रजिस्ट्री कराई गई और न ही रकम वापस की गई। जब पीड़िता ने अपनी राशि की मांग की, तो गौरव गुप्ता ने 30 लाख रुपये के छह चेक दिए, जो तय तिथि पर बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मुकदमा दर्ज होने के बाद गौरव गुप्ता और उसके भाई सौरभ गुप्ता ने लगातार पीड़िता और उसके परिजनों पर केस वापस लेने का दबाव डाला। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सोशल मीडिया के जरिए पीड़िता को बदनाम करने की कोशिश की गई। साइबर अपराध से जुड़े तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पूरक आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें शत्रुघन पांडे उर्फ डिंपल पांडे के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराएं जोड़ी गईं। दोनों मामलों में समान साक्ष्य होने के कारण अदालत ने इन्हें एक साथ जोड़कर सुनवाई की। अदालत ने गौरव गुप्ता और सौरभ गुप्ता को धारा 420 के तहत सात साल सश्रम कारावास, धारा 506 के तहत पांच साल सश्रम कारावास, और धारा 509 के तहत तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 85-85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, शत्रुघन पांडे उर्फ डिंपल पांडे को धारा 509 आईपीसी के तहत तीन साल, धारा 66 (बी) आईटी एक्ट के तहत तीन साल, और धारा 67 आईटी एक्ट के तहत तीन साल की सजा के साथ 1.60 लाख रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा, ललित मोहन पांडे, लीलाधर उर्फ लीला कांडपाल, और मुकेश चंद्र भट्ट को धारा 509 आईपीसी के तहत तीन-तीन साल सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने सभी दोषियों के खिलाफ सजायावी वारंट जारी करते हुए उन्हें जिला उपकारागार हल्द्वानी भेजने के निर्देश दिए।

## सहपाठी पर छात्रा से अश्लीलता का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथ पढ़ने वाले एक नाबालिग छात्र पर उसकी सहपाठी द्वारा अश्लीलता का आरोप लगाया गया है। छात्रा के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लिया। हालांकि, पुलिस को अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी क्षेत्र में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा स्कूल से घर लौटने के बाद परेशान दिखी। जब परिजनों ने छात्रा से उस परेशानी का कारण पूछा, तो उसने बताया कि साथ पढ़ने वाला नवीं कक्षा का छात्र ने उसके साथ अश्लीलता की है। इसके बाद छात्रा के परिजन सीधे पुलिस के पास पहुंचे शिकायत की। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी छात्र को हिरासत में लिया और पूछताछ की, लेकिन नाबालिग ने किसी प्रकार की गलती होने से इनकार किया। वह यह कहते हुए मामले को नकारने लगा कि छात्र की कोई गलती नहीं है। हालांकि, छात्रा के परिजन इसकी शिकायत पर अड़े हुए हैं। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि फिलहाल नाबालिग ने किसी भी प्रकार की गलती से इंकार किया है। यदि परिजन तहरीर देंगे, तो मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को सेवा भारती एवं एनएमओ के तत्वाधान में जेडीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मित्रपुरम जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा वार्ड-36 में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का भाजपा नेता एवं वार्ड नं. 37 के पार्षद प्रतिनिधि हृदयेश कुमार और वार्ड-36 की पार्षद तनुजा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निशुल्क दवाइयाँ वितरित की गई। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि हृदयेश कुमार ने कहा कि आजकल बच्चों व युवा पीढ़ी ने खेलकूद व दौड़भाग बंद कर दी है। मोबाइल पर गेम्स उनकी दिनचर्या बन गया है। खानपान भी सही नहीं है युवा नशा




कर रहा है यही वजह है कि आए दिन हमे हार्ट अटैक व अन्य बीमारियों के बारे में सुनने को मिल रही है। हम सब को इस विषय पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिविर में डाक्टरों ने रोगियों की जांच करते हुए उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण और फिटनेस से संबंधित उपयोगी सलाह दी। शिविर में शहर के प्रतिष्ठित और अनुभवी चिकित्सकों में डा. समीर वर्मा व डा. जीबी बिष्ट नेत्र विशेषज्ञ, डा. बीना बोरा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा. प्रदीप पाण्डेय हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा. प्रदीप कुमार जोशी हृदय रोग विशेषज्ञ, डा. केसी लोहनी वरिष्ठ फिजिशियन शामिल रहे। इस मौके पर सूरज तिवारी, पवन, पनराम, नरेश बिष्ट, रोहित मौर्या, वीरेन्द्र सिंह बिष्ट, पंकज अधिकारी मनीष आर्य थे।

## बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिया दबोचा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुर क्षेत्र में सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए पुलिस ने सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1460 रूपये की नगदी व सट्टे की पर्चियां बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी मो. शकील पुत्र स्व. अब्दुल वाहिद निवासी नईबस्ती ताज मस्जिद के पीछे बनभूलपुरा को अवैध सट्टा लगाते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जिसके पास से सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और 1460 रुपए की नगदी बरामद की। आरोपित के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## अंडर-19 बालक जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 26 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 26 जनवरी से शुरू होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी खिलाड़ी जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी देते हुए क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि इस लीग में प्रदर्शन के आधार पर नैनीताल जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा, जो उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसके साथ ही इस टीम के खिलाड़ी सत्र 2026-27 के लिए उत्तराखंड की अंडर-19 टीम में चयन के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें विनू मांकड और कूच विहार ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सुमित हृदयेश ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

## महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में तैनात एक सेना के जवान पर उसकी पत्नी ने मारपीट सहित गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची। पीड़िता ने बताया कि उसका पति सेना में जवान है और लंबे समय से उसे मारपीट का शिकार बनाना रहा है। इसके अलावा, वह बच्चों के सामने भी उसकी बेरहमी से पिटाई करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जवान को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की। दोनों पक्षों को समझाया गया, लेकिन मामला सुलझ नहीं पाया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि अगर लिखित शिकायत मिलती है, तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## सत्यापन: पुलिस ने मकान मालिकों के कसे पेंच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। किरायेदारों का सत्यापन न कराने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है, हालांकि लगातार अभियान और चेतावनियों के बावजूद इस दिशा में कुछ खास सुधार नहीं हुआ था। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर रामनगर में कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने आशा जोशी, पत्नी कैलाशचंद जोशी, निवासी कानिया चौक, थाना रामनगर को बिना सत्यापन के किरायेदार रखने पर धारा 83 पुलिस एक्ट के तहत 10 हजार रुपये का चालान किया। पुलिस ने आम जन से अपील की है कि वे बिना सत्यापन के किरायेदार न रखें, क्योंकि ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची बुजुर्ग महिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भोटियापड़ाव निवासी एक बुजुर्ग महिला ने पड़ोसी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पड़ोसी उसके घर की तरफ दीवार बना रहा है, जिस पर प्लास्टर का काम चल रहा है। लेकिन पड़ोसी बिना पूछे प्लास्टर का डस्ट उसके घर की तरफ डाल रहा है। जिससे गंदगी हो रही है। 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि पड़ोसी ने काम चालू करने से पहले एक बार भी उन्हें जानकारी नहीं दी। एसएसआई रोहताश सागर ने बताया कि समझा-बुझाकर बुजुर्ग महिला को घर भेज दिया था। साथ ही पड़ोसी को गलती सुधारने को कहा गया है।

## मौनी अमवस्या पर खिचड़ी भोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मौनी अमावस्या और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर रविवार को समाजसेवी और पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि कृति तिवारी द्वारा कठघरिया चौराहे पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि कृति तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सूर्य की आराधना से हुई, जिसके बाद खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान त्रिवेणी गयाल, धीरज जोशी, रवि राठौर, शशांक जोशी, मिहिर तिवारी, चेतन जोशी, विनोद जोशी, पवन पंत समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पिनरौ में बहुउद्देशीय शिविर आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार की जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार की पहल के तहत विकासखंड भीमताल के न्याय पंचायत पिनरौ में सोमवार को एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ओपन थियेटर पिनरौ में आयोजित होगा, जिसमें अपर जिलाधिकारी विवेक राय द्वारा जनता की समस्याओं को सुना जाएगा। शिविर के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और मौके पर ही नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

# गौलापार में उत्तरायणी महाकौतिक का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हीरा कुंवर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित उत्तरायणी महाकौतिक का धूमधाम से समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल, विशिष्ट अतिथि हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, संजीव आर्या और अन्य अतिथियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, दीपेंद्र कोश्यारी, कमलेश चंदोला, प्रदीप बिष्ट हरेंद्र बोरा, और अन्य समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 40 से अधिक सांस्कृतिक और सामाजिक मंचों ने अपनी भागीदारी दर्ज की। गौलापार चोरगलिया क्षेत्र के सामाजिक मंच एवं स्थानीय क्षेत्रवासियों ने रक्तदान




### रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

शिविर आयोजित किया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कार्यक्रम में कई महिला समूहों ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुमाऊंनी संगीतकार जितेंद्र टोक्याल, प्रियंका बेबी रानी और मनोज आर्य ने प्रस्तुतियां दीं। उनके गीतों चहा का होटल खोलूला और इति टनकपुर ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बगडवाल, हरेंद्र क्वीरा, नीरज रैक्वाल और त्रिलोक सिंह नौला द्वारा किया गया। हीरा कुंवर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य निर्मला बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल गंगोला, रवि नेगी, भगवान सिंह सभल और अन्य ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। समिति के सभी सदस्यों महेन्द्र बिष्ट, बच्ची सिंह बिष्ट, तारेष बिष्ट, इंद्रपाल आर्य, अुर्जन सिंह बिष्ट, हरीश बिष्ट, राम सिंह नगरकोटी, राजू आर्य, योगेन्द्र बरगली, दीपू सुनोरी, यशवंत कार्की, खीमराज बसेड़ा, विक्रम बरगली, डिगर सिंह मेहरा, रवि मेहरा, आनंद मेहता, बलम बिष्ट, बसंत संनवाल, प्रकाश पांडे, रविंद्र सिंह रैकुनी और दीपू मेहरा आदि मौजूद रहे।

# बरसाती नाले की आफत से मिलेगी गैरवैशाली को राहत

## विधायक बंशीधर भगत ने जनसमस्या को गंभीरता से लिया, नाला डायवर्जन के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिठोरिया वन चौकी स्थित ट्यूबवेल से चौफला चौराहे तक लगभग 339 मीटर लंबाई के बरसाती नाले के लंबे समय से अवरुद्ध पड़े डायवर्जन कार्य को पुन: प्रारंभ कराए जाने को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा निरंतर मांग की जा रही थी। वर्षों से लंबित इस जनसमस्या के कारण क्षेत्रवासियों को विशेषकर बरसात के मौसम में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है।

इसी जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए रविवार को विधायक बंशीधर भगत की अध्यक्षता में संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, खान अधिकारी नवीन कुमार, सिंचाई विभाग के एसडीओ चंद्रशेखर टम्टा सहित संबंधित विभागों के




अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नाले की वर्तमान स्थिति, उसके अवरुद्ध होने के कारण उत्पन्न समस्याओं तथा तकनीकी एवं प्रशासनिक स्तर पर संभावित समाधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि बरसात के मौसम में नाले के अवरुद्ध रहने के कारण गैरवैशाली क्षेत्र की लगभग 16 कालोनियों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

विधायक बंशीधर भगत ने बैठक के दौरान इस विषय को अत्यंत संवेदनशील एवं जनहित से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा कि यह समस्या वर्षों से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है और इसका स्थायी समाधान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से जिलाधिकारी से वार्ता कर नाले के डाइवर्जन कार्य हेतु शीघ्र बजट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्य पर लगभग 1.88 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है, जिसे जनहित को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान किया जाना आवश्यक है। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने आश्वासन दिया कि सभी संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी तथा बजट स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि आगामी बरसात से पूर्व क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। इस अवसर पर वहां मण्डल अध्यक्ष सुरेश गौड़, संदीप सनवाल, पार्षद नवीन जोशी, योगेश तिवारी, केसी त्रिपाठी, भूपाल गैड़ा, ललित तिवारी, देवकी विहार विकास समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे, बहादुर सिंह हरड़िया, किशोरी लाल, छाया भंडारी, रेखा बोरा, तारा खाती, राजेस्वरी, गीता सिराड़ी, विजय कुमार एवं क्षेत्रीय सम्मानित जनता उपस्थित रही।

# युवती को भगा ले गया किराएदार युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की एक प्रतिष्ठित कालोनी में रहने वाले एक परिवार की बेटी को उनका ही किराएदार बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया।

### परिवार ने दर्ज कराया अपहरण का मुकदमा

परेशान परिजनों ने युवती के अपहरण का मामला दर्ज कराते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 14 जनवरी को उनकी पुत्री को उनके ही किराए में रह रहा किरायेदार अनिल कश्यप नामक युवक बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व किरायेदार अनिल ने उनकी पुत्री को एक मोबाइल भी दिया था जब उसका पता लगा तो परिजनों ने उसे समझया। उन्होंने कहा कि बीते 14 जनवरी को वह किसी काम से घर से निकली लेकिन तब से वापस नहीं आई, और ना ही किरायेदार अनिल का कोई पता लग रहा है। उन्होंने अनिल पर उनकी पुत्री को अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। कोतवाल विजय मेहता ने कहा कि पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने किया मलखान हत्याकांड का खुलासा

- शराब व नशे के दौरान आपसी विवाद में हुई थी मलखान की हत्या
- पुलिस ने वीरपाल और अमित नामक दो युवकों को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर क्षेत्र में लोहड़ी की रात हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में कोतवाली रुद्रपुर पुलिस टीम ने त्वरित विवेचना और सटीक सूचना तंत्र के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझा ली है।

बता दें कि 16 जनवरी को थाना रुद्रपुर क्षेत्र के फाजिलपुर मैहरोला स्थित गिल रिसोर्ट, रामपुर रोड के पास एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू की। शव की शिनाख्त मलखान सिंह पुत्र स्वर्गीय भीम सैन, निवासी वार्ड संख्या 25, प्रीत विहार, थाना रुद्रपुर, उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में ही यह स्पष्ट हो गया था कि मृतक की हत्या बेहद निर्ममता से पत्थर से सिर कुचलकर की गई है। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया तथा घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए। मृतक की पत्नी कोशल्या देवी, निवासी रम्पुरा वार्ड संख्या 22, थाना रुद्रपुर, की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर वीरपाल और अमित नामक युवकों की संदिग्ध भूमिका सामने आई। आज रविवार को कोतवाली रुद्रपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर प्रीत विहार शनि मंदिर के पास, रम्पुरा से दोनों आरोपियों अमित कोली उर्फ अमिताभ पुत्र स्वर्गीय कुन्दन लाल, निवासी वार्ड संख्या 22, रम्पुरा, थाना रुद्रपुर और वीरपाल पुत्र नानकराम, निवासी वार्ड संख्या 22, रम्पुरा, गुरुद्वारा रोड, रुद्रपुर को को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या UK-06AY-9907 को भी बरामद कर लिया है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि लोहड़ी के दिन शराब व नशे के दौरान आपसी विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर अभियुक्त वीरपाल ने मृतक मलखान सिंह के साथ मारपीट की और डंडे व पत्थर से सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार होकर अपने-अपने घर चले गए थे। इस हत्याकांड के खुलासे से एक बार फिर रुद्रपुर पुलिस की कार्यशैली और सक्रियता सामने आई है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया है। पुलिस अब आगे की विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## चेयरमैन की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी की धर्मपत्नी गीता सैनी के आकस्मिक निधन पर तेरहवीं पर राजनीतिक ,सामाजिक व नगर वासियों ने शोक संवेदना व्यक्त की ।बताते चले कि सात जनवरी को नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी की धर्मपत्नी गीता सैनी का आकस्मिक निधन हो गया था सांसद अजय भट्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, पूर्व प्रत्याशी भाजपा राजेश कुमार, कालाढूंगी चेयरमैन रेखा कत्यूरा, गदरपुर चेयरमैन मिंटू गुंबर, नगर पंचायत इमली खेड़ा हरिद्वार मनोज सैनी, मुक्ता सिंह, विजय पाल जाटव, विकास शर्मा, शिवकुमार गुप्ता , सभासद गदरपुर परमजीत सिंह पम्मा, फतेह सिंह, संदीप सिंह, अनिल गुप्ता, अजय गुप्ता, मनोज बंसल, अरविंद सैनी, क्षितिज पाठक, दर्शन सिंह सैनी, प्रेम सिंह सैनी, प्रवीन सैनी, अरविंद नायक आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की ।

## एक नजर

## जनरेटर की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बालाजी महोत्सव की शोभायात्रा के दौरान दर्दनाक हादसे में एक वर्षीय युवक की मौत हो गई। शोभायात्रा में तासा बजाते हुए चल रहा युवक अचानक जनरेटर की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**शोभायात्रा में तासा बजाते हुए चल रहा युवक अचानक आया चपेट में**

जानकारी के अनुसार, श्री सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर धाम की ओर से बालाजी महोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही थी। शाम करीब सात बजे शोभायात्रा जैसे ही डीडी चौक से होते हुए गांधी पार्क की ओर बढ़ी, उसी दौरान तासा बजा रहा एक युवक शोभायात्रा में चल रहे जनरेटर के स्टार्ट करने वाले हत्थे की चपेट में आ गया। घूमते हिस्से में फंसने से वह कई बार उछलकर सड़क पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने तुरंत जनरेटर बंद कराया और घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान 19 वर्षीय मोनू निवासी चंदौसी जिला संभल यूपी के रूप में हुई। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान घायल युवक को अस्पताल में मृत घोषित किया गया है। हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## दो माह से वेतन न मिलने पर रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** समय पर वेतन न मिलने से रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश है। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के मंडल मंत्री मनिंदर सिंह ने बताया कि नियमित कर्मचारियों को दो माह और संविदा व विशेष श्रेणी कर्मचारियों को एक माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि निगम प्रबंधन से कई बार वार्ता और समझौता हुआ, लेकिन उसके विपरीत कार्य किया जा रहा है। नियमानुसार प्रत्येक माह की सात तारीख तक वेतन मिलना चाहिए, जो अब तक नहीं दिया गया। वेतन न मिलने से कर्मचारियों को बच्चों की स्कूल फीस और घरेलू खर्च चलाने में दिक्कत हो रही है। यूनियन ने समय पर वेतन भुगतान की मांग की है और चेतावनी दी है कि अनदेखी जारी रही तो आंदोलन किया जाएगा।

## मलखान हत्या कांड के दोषियों पर होगी कठोर कार्यवाही: विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बीते दिनों गिल रिजॉर्ट के पास लगे एक सूमसान क्षेत्र में रम्पुरा निवासी मलखान कोली की हत्या कर दी गई,जिसमे परिजनों को 48 घंटे से ऊपर का समय बीत जाने के बाद दोषियों का पता न लगने पर विधायक शिव अरोरा से न्याय कि गुहार लगाई, तो विधायक मृतक के परिजनों व रम्पुरा के लोगों के साथ रुद्रपुर कोतवाली पहुंचे।

विधायक ने परिजनों से मामले की जानकारी लीं, साथ ही न्याय दिलाने का भरोसा दिया और उसके बाद रुद्रपुर कोतवाल से परिवार के साथ मुलाकात की। विधायक अरोरा ने कोतवाल मनोज रतूड़ी को कहा बीते दो दिन पहले हुई मलखान कोली की हत्या जो रम्पुरा का निवासी था अपने परिवार की गुजर बसर करने वाला एक मात्र सहारा था। जिसकी बेहरामी से जिस प्रकार हत्या की गई है यह अपने आप मे बहुत जघन्य अपराध है और इसमें गहनता से जांच कर इसमें लिप्त दोषियों पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

विधायक ने कोतवाल को स्पष्ट निर्देश दिए हत्या मे लिप्त जो भी दोषी हैं वह बख्शे नहीं जाने चाहिए। वही विधायक ने मृतक के परिवार को इस दु:ख कि घड़ी में हर सम्भव मदद का भरोसा दिया व उसके परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान चंद्रसेन चंदा, डा. महेश कोली, बिट्टू चौहान, राज कोली, सुदामा कोली, मयंक कक्कड़, नमन चावला, आदेश भरद्वाज, रामवती, सुलेखा, चंद्रवती, सूरज, रवि, विक्की वाल्मीकि अन्य लोग मौजूद रहे।

## ग्राम सभा हरसान में पशु प्रदर्शनी आयोजित

- बग्गा सिंह की भैंस बनीं चैंपियन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम सभा हरसान में विकास खंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष जोशी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, जिला पंचायत सदस्य योगेश डोभाल, मधुबन क्लस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी एवं ग्राम प्रधान उर्मिला पंथ शामिल रहीं। प्रदर्शनी में क्षेत्र के विभिन्न पशुपालक अपने-अपने पशुओं के साथ शामिल हुए। प्रतियोगिता के अंतर्गत अलग-अलग वर्गों में पशुओं का मूल्यांकन किया गया।

गाय हीफर वर्ग में तारा कोली, रामादेवी एवं गोविंद सिंह ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। भैंस हीफर वर्ग में राहुल, किशन सिंह एवं खेम सिंह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। भैंस दुधारू वर्ग में बग्गा सिंह, हेमा जोशी एवं हीरा सिंह को क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। गाय दुधारू वर्ग में श्यामू राम, नंदी देवी एवं ममता देवी विजेता रहे। भैंस कटिया वर्ग में आनंद प्रसाद, हरीश सिंह एवं सीमा भारती ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। गाय बछिया वर्ग में पूरन सिंह बिष्ट, रामादेवी एवं प्रेमा देवी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पशुओं में से चौंपियन पशु का चयन किया गया, जिसमें बग्गा सिंह की भैंस को चैंपियन घोषित किया गया। इस अवसर पर पशुपालक पूरन सिंह बिष्ट ने बाजपुर क्षेत्र में पशुओं की जांच हेतु एक लैबोरेट्री स्थापित किए जाने की मांग रखी। मधुबन क्लस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि जिस प्रकार सरकार द्वारा लावारिस पशुओं के संरक्षण की व्यवस्था की गई है, उसी प्रकार आवारा छोड़ी गई गायों के लिए भी ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने पशुपालन को आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन बताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं 'पशु सखी' के रूप में गांव-गांव जाकर टीकाकरण व प्राथमिक उपचार का कार्य कर रही हैं, जिससे पशुपालकों को लाभ मिल रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी ने सरकार द्वारा संचालित पशुपालन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उपस्थित पशुपालकों की समस्याओं को भी सुना। प्रदर्शनी में कुल 65 पशुपालक अपने पशुओं के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. रवि शंकर झा (गदरपुर), डॉ. सुधांशु मिश्रा (जसपुर), डॉ. मुकेश पांडे, डॉ. रवि कुलवे, डॉ. कोमल सिंह, डॉ. रोहित, अशोक पंत, नवीन पंथ, भगवान सिंह नेगी, पशु सखी नीलम भट्ट, लता दानी, कमलेश देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## राशन समय पर न मिलने पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन के समय पर न मिलने पर रोष व्यक्त किया है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की बैठक में इस बात पर रोष व्यक्त किया है कि दसे महीने से उपभोक्ता राशन की दुकानों पर राशन के लिए चक्कर मार रहे हैं, लेकिन राशन की दुकानों पर दो महीने से राशन नहीं पहुंचा है, जिसके कारण गरीब एवं मध्य वर्ग के लोगों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा सरकार ने लोगों के रोजगार के अवसर पहले ही खत्म कर दिए। जिसके कारण लोगों के समक्ष आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने सोमवार को राशन की दुकानों में राशन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देगी और यदि शीघ्र ही राशन की दुकानों पर राशन नहीं उपलब्ध कराया गया तो उसके लिए धरने प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस दौरान प्रभात ध्यानी, चिंताराम, लालमणि, किरण आर्य, आसिफ, गोपाल असनोड़ा, नंदकिशोर, मनमोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट हों कार्यकर्ता: गोदियाल

### पार्षदों मेयर प्रत्याशी के साथ रायशुमारी कर उनकी नाराजगी को सुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाते हुए आगामी चुनाव की तैयारियों में जुट जाने की बात कही। गोदियाल किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के स्थानीय आवास विकास कालोनी स्थित आवास में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर रहे थे।

गोदियाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों व पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में करायें गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों व विकास के नाम पर की जा रही कोरी राजनीति को जन जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यदि संगठन मजबूत है तो निश्चित रूप से भविष्य में हर चुनाव में सफलता भी मिलेगी। इसलिए पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है इसलिए संगठन में सारे कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में महंगाई,बेरोजगारी, अपराध, माफियाराज,नशा कारोबार आदि के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। श्री गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी व माफिया तत्वों को पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। कार्यकर्ता इसके खिलाफ जोरदार आवाज उठायें। इससे पूर्व श्री गोदियाल का श्री बेहड़ के आवास पहुंचने पर श्री बेहड़ के परिजनों सहित उपस्थित पार्टी के तमाम जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जयघोषों के साथ माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बीना बेहड़, गौरव बेहड़, सौरव बेहड़, सुभाष बेहड़, ममता हालदार, इन्द्रजीत सिंह, मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, सरवरयार खान, मोनिका ढ़ाली, प्रेमानन्द महाजन, गौरव खुराना, परवेज कुरैशी, राजेन्द्र मिश्रा, शिशुपाल सिंह, विजय यादव, सोनू चौहान,राजेश प्रताप, केदार पलड़िया, बबलू चौधरी, नितिन शर्मा, सुनीता कश्यप, रामकिशन साहनी, जनार्दन सिंह, सोफिया नाज, अनुराधा जोशी सहित पार्टी के कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**वहीं** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने श्री बेहड़ संग उपस्थित कांग्रेस के पार्षदों मेयर प्रत्याशी के साथ बंद कमरे में रायशुमारी कर उनकी नाराजगी को ध्यान से सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन देकर सभी से पार्टी के हित को सर्वोपरि रखकर संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान किया। पार्षदों द्वारा संगठन के जिला उधमसिंहनगर व रूद्रपुर महानगर के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव के दौरान पर्यवेक्षकों की कार्यप्रणाली व उसके बाद कार्यकर्ताओं की इच्छा के विपरीत अध्यक्ष के नामों की घोषणा होने पर विस्तार से अपनी बात रखी। उनका कहना था कि इसके विरोध में उन्होंने अपना सामूहिक त्यागपत्र भी दे दिया था।

श्री गोदियाल ने सभी से कहा कि वह वरिष्ठ नेताओं से बातचीत कर इसका समाधान निकालेंगे।

## रिसेप्शन पार्टी के बाद युवक पर जानलेवा हमला

- जातिसूचक शब्दों के साथ मारपीट का आरोप
- पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर, मुकदमा दर्ज करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नन्दपुर नरका टांडा में आयोजित एक रिसेप्शन पार्टी के बाद युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने शराब के नशे में मारपीट, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली बाजपुर में तहरीर सौंपी है।

रविवार को वार्ड संख्या 13, राजीवनगर (चित्रा स्कूल के पास) निवासी गणेश राय खुल्लर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जनवरी 2026 को ग्राम नन्दपुर नरका टांडा स्थित एक मैरिज पैलेस में रिसेप्शन पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी समाप्त होने के बाद कुछ लोगों ने शराब के नशे में उनके पुत्र अरुण खुल्लर और रिश्तेदार रामनिवास के साथ बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की, जिसमें अन्य लोग भी शामिल हो गए। पीड़ित के अनुसार तहरीर में नामजद पांच लोगों सहित बाजपुर और यूपी के 7-8 अन्य लोग इस घटना में शामिल थे। बताया गया कि आरोपियों में से एक व्यक्ति के हाथ में पिस्टल/रिवॉल्वर भी थी।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने अरुण खुल्लर को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। गणेश राय खुल्लर ने पुलिस को बताया कि आरोपी प्रभावशाली और दबंग किस्म के लोग हैं, जिससे उनके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने आने वाले समय में पारिवारिक शादी-विवाह कार्यक्रमों के दौरान किसी अप्रिय घटना की भी आशंका जताई है। पीड़ित ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने देशभर में हासिल किया तीसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई नेशनल साइंस एग्जीबिशन 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरी स्थान मिला है।यह प्रतियोगिता नई दिल्ली में 15 से 17 जनवरी के बीच आयोजित की गई।




विद्यालय की ओर से जीवन ज्योत कौर कक्षा 8 ।1 और रक्षित पंत कक्षा 8 ।2 ने प्रतियोगिता में भाग लिया। दोनों विद्यार्थियों ने पहले स्टेट लेवल पर प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया और इसके बाद नेशनल लेवल पर "हेल्थ और हाइजीन" विषय पर अपने इनोवेटिव और रिसर्च-बेस्ड मॉडल के साथ देशभर के 1300 से अधिक विद्यार्थियों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया। बता दे कि पिछले वर्ष भी विद्यालय ने स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद नेशनल लेवल पर पांचवाँ स्थान हासिल किया था, जबकि इस वर्ष प्रदर्शन को और बेहतर बनाते हुए टॉप थ्री में जगह बनाई, जो विद्यालय की निरंतर प्रगति और शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय प्रिंसिपल डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, डायरेक्टर डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर संदीप अग्रवाल,नितिन जोशी, मिस्टर पवन सिंह,रंजीता कबडवाल,पुष्कर एवं अमिताभ को उनके सतत मार्गदर्शन और सहयोग के लिए दिया गया है।

साथ ही विद्यार्थियों के माता-पिता को भी उनके निरंतर प्रोत्साहन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया है।यह उपलब्धि ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है।

## वन निवासियों को मिलने वाले अधिकारों को लेकर की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विकासखंड रामनगर के सभागार में मालिकाना हक संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित जन सम्मेलन में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत पारंपरिक वन निवासियों को मिलने वाले अधिकारों को लेकर सरकार और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए, उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन विशेष रूप से वन अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, क्योंकि जमीनी स्तर पर इस कानून का पालन नहीं हो रहा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत पारंपरिक वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कई अहम अधिकार दिए गए हैं, जिनमें सबसे पहला अधिकार बेदखली से सुरक्षा का है।उन्होंने स्पष्ट किया है कि जब तक वन भूमि पर निवास से जुड़े दावे पूरी तरह तय नहीं हो जाते, तब तक किसी भी व्यक्ति को हटाया नहीं जा सकता। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के लगातार स्पष्ट आदेश भी मौजूद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड में वन विभाग एक तरफा तरीके से वन अधिकार के दावों को खारिज कर रहा है,विभाग द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि 6 से 7 हजार दावों को एक ही दिन में निरस्त कर दिया गया, जबकि अधिनियम की प्रक्रिया इसके बिल्कुल विपरीत है। कानून के अनुसार पहले टोंगिया पद्धति और वनग्रामों की सूची तैयार कर उसे प्रकाशित किया जाना चाहिए, इसके बाद वन अधिकार समितियों का गठन कर दावे आमंत्रित किए जाने चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यन्त मैनाली, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, पूर्व मंत्री अमिता लोहनी, मालिकाना हक संघर्ष समिति के अध्यक्ष एसलाल, मोहम्मद ताहिर, फरजाना, निखिल भट्ट, रवि कुमार, शारदा देवी, तुलसी देवी, मोहन राम, गुसाई राम, नबी, नूर आलम, सलीम आदि मौजूद रहे।

## भट्टपुरी के तीन मंदिरों में चोरी



- दानपात्र तोड़कर हजारों की नकदी ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम नमूना स्थित भट्टपुरी क्षेत्र के तीन मंदिरों में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिरों के दरवाजों का डंडेला तोड़कर भीतर रखे दानपात्रों के ताले क्षतिग्रस्त किए और उनमें रखी हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। साथ ही मंदिर में रखी अलमारी को तोड़ने का भी प्रयास किया गया।

घटना का खुलासा रविवार सुबह उस समय हुआ जब पूजा-अर्चना के लिए समाजसेविका रेनू कोछड़, पत्नी वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल कोछड़, मंदिर पहुंचीं। उन्होंने देखा कि मंदिर का डंडेला टूटा हुआ है और दानपात्र से नकदी गायब है। इसके बाद उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों और पुजारी को सूचना दी।सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर बरहैंनी पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है और उन्होंने मंदिरों व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस तहरीर भी दी गई है।

## अज्ञात बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार को रवि पुत्र पूरन सिंह, निवासी ग्राम सहिदा माजरा, तहसील स्वर, जिला रामपुर ने कोतवाली बाजपुर में दी तहरीर में बताया कि उनका भाई अजय पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडियो कंपनी में कार्यरत है। शनिवार सुबह लगभग 6 बजे अजय ड्यूटी समाप्त कर पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कनोरा पेट्रोल पंप, जियो के पास अचानक एक अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अजय को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

दुर्घटना में अजय का एक पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि मुंह पर भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

## कर्नल बीएस रौतेला के तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस रौतेला के लगातार तीसरी बार उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग जिला नैनीताल के जिलाध्यक्ष बनने पर रामनगर और हेमपुर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिक आश्रितों ने हर्ष व्यक्त किया है।

लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस. रौतेला सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद लगभग 12 वर्ष से अधिक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के रूप में कुमाऊं मंडल के लगभग सभी जिलों में तैनात रहकर नि:स्वार्थ भाव से पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण कार्यों के लिए बेहद चर्चित रहे हैं। अभी हाल ही में बीते 20 दिसम्बर को सेना मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस. रौतेला को सेवानिवृत्त होने के उपरांत नि:स्वार्थ सेवा के क्षेत्र में सार्थक प्रयास एवं कार्यदक्षता का परिचय देते हुए उत्तराखंड राज्य की प्रगति में सराहनीय योगदान देने के लिए भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों,वीर नारियों और सैनिक आश्रितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस. रौतेला के मार्गदर्शन में उन सभी को एक नई शक्ति और नई उर्जा मिलेगी।

इस अवसर पर कर्नल दिनेश बिष्ट, कर्नल एसएस. रांगड़ा, सूबेदार मेजर नवीन पोखरियाल, चन्द्र मोहन सिंह मनराल, कैप्टन हरगोविंद पांडे, हरेन्द्र रावत, मान सिंह रावत, राजीव पंत, सूबेदार मेजर घनश्याम छिम्वाल, एनडब्लू. एम. खान, डीडीएस. रावत, भारत सिंह नेगी, खीम सिंह रावत, पूरन सिंह बंगारी, प्रेम सिंह रावत, भारत सिंह रावत, मंगल सिंह रावत, गजेन्द्र सिंह चौहान, भगवत सिंह, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिक आश्रितों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# व्यक्ति को जंगल में घसीट ले गया टाइगर

■ वन विभाग कर्मियों को मिला आधा खाया शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट से सटे रामनगर वन प्रभाग के अपर कोसी रेंज के अंतर्गत नया बायपास पुल के पास बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाघ के हमले से वन विभाग में हड़कंप मच गया। रामनगर वन प्रभाग अपर कोसी रेंज के बेला बीट क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक व्यक्ति पर बाघ ने हमला कर उसे सड़क के पास से उठाकर जंगल के भीतर घसीटकर ले गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण देर रात अभियान को रोकना पड़ा। रविवार तड़के एक बार फिर वन विभाग की टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। फायरिंग और बम पटाखों की आवाज के बीच टीम ने बाघ के पद चिह्नों का पीछा करते हुए लगभग दो



किलोमीटर अंदर जंगल में सर्च अभियान चलाया। इसी दौरान जंगल के भीतर व्यक्ति का अधखाया शव बरामद किया गया।

वन विभाग के अनुसार, शव के रूप में केवल सर ही बरामद हो पाया है, जबकि शेष शरीर के अंगों को बाघ ने खा लिया,घटना की जानकारी देते हुए रामनगर वन प्रभाग के एसडीओ अंकित बडोला ने बताया कि यह घटना देर शाम की है, जब बाघ व्यक्ति को सड़क के पास से उठाकर जंगल के अंदर ले गया था। उन्होंने बताया कि रात के समय लगातार सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से अभियान रोकना पड़ा। सुबह पुनः सघन सर्च अभियान चलाया गया, जिसके दौरान जंगल के अंदर से व्यक्ति का अधखाया शव बरामद कर लिया गया। एसडीओ ने बताया कि फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पुलिस के सुपुर्द किया गया है और डीएनए सैंपलिंग भी कराई जाएगी, ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है और आसपास के गांवों में लोगों को जंगल की ओर न जाने की हिदायत दी गई है।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि सूचना पर वह भी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएंगी।

बता दे कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और रामनगर वन प्रभाग और इसके आसपास क्षेत्र में बीते एक महीने के भीतर बाघों के हमलों में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और वन विभाग के सामने मानव-वन्यजीव संघर्ष एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा भी लगातार लोगों से जंगल न जाने की अपील की जा रही है।

# अंबेडकर गांव नरसिंह डांडा में लगी रात्रि चौपाल



■ डीएम मनीष कुमार ने बस्ती के बीच बैठकर सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** कभी अनुसूचित जाति समाज को सामाजिक भेदभाव और हीन भावना से गुजरना पड़ता था, लेकिन अब ये बातें बीते दिनों की हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले चम्पावत में प्रशासन की संवे. दनशील कार्यशैली से यह साफ नजर आने लगा है कि जब जिला प्रशासन सीधे बस्तियों तक पहुंचता है तो लोगों का स्वाभिमान अपने आप मजबूत होता है।

शनिवार देर रात जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अंबेडकर गांव नरसिंह डांडा में रात्रि चौपाल लगाकर यह संदेश दिया कि अब प्रशासन जनता को बुलाता नहीं, बल्कि स्वयं उनके बीच पहुंचता है। बस्ती के बीच चौपाल लगाकर डीएम ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया, उनका हाल-चाल जाना और समस्याएं सुनीं। यह दिन गांव के इतिहास में एक यादगार दिन के रूप में दर्ज हो गया। ग्रामीणों ने जीआईसी में अंबेडकर भवन व बारात घर निर्माण, क्षेत्र पंचायत भवन की मरम्मत, जंगली जानवरों से बचाव के लिए तारबाड़, ओपन जिम, खेल मैदान और लाइब्रेरी जैसी मांगें रखीं। जिलाधिकारी ने सभी मांगों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिस पर अगले ही दिन से संबंधित विभागों ने काम शुरू कर दिया।

## एक नजर

# बाबा जसवंत नाथ महाराज की पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** गुरु गोरखनाथ मठ में आज सिद्ध पुरुष बाबा जसवंत नाथ महाराज की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर गहरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

प्रात:काल बाबा जसवंत नाथ जी के प्रतीकात्मक स्नान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मठ परिसर भक्तिमय वातावरण में "हर-हर महादेव" और "जय गुरु गोरखनाथ" के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों से नाथ संप्रदाय के संत-महात्माओं का भव्य समागम हुआ। नाथ संप्रदाय का यह विश्व प्रसिद्ध मठ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, जहां पीढ़ियों से लोग पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। प्रात: आश्रम के बाबा रामनाथ जी महाराज की देखरेख में पंडित धीरेंद्र पांडे द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं विश्व कल्याण हेतु हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया।

हवन-यज्ञ में रोहतक से पधारे बाबा शंकर नाथ, बाबा विजय नाथ, साई नाथ, जमुना गिरी महाराज तथा मानेसर धाम के धर्मराज पुरी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं ने सहभागिता की और श्रद्धालुओं को अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से आए संत-महात्माओं का मठ प्रबंधक बाबा रामनाथ महाराज द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# अलग-अलग स्थानों से तीन बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में ऑटो लिफ्टर सक्रिय हैं। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन बाइक चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं।

21 दिसंबर को पवन त्रिपाठी की बाइक दानपुर साप्ताहिक बाजार के पास से चोरी हुई। 13 जनवरी को सामिल मल्लिक की बाइक पंजाब नेशनल हाउसिंग फाइनेंस कार्यालय के सामने से गायब हो गई। वहीं 16 जनवरी को संजय चौहान की बाइक पीएसए प्लाजा के पास से चोरी हुई। सीसीटीवी में दो नकाबपोश युवक बाइक ले जाते दिखे हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# न्याय पंचायत दन्तोला में लगा विशाल जनसुनवाई शिविर

## पेयजल आपूर्ति न होने पर जिलाधिकारी सख्त, तत्काल समाधान के निर्देश

■ शिविर में 849 लाभार्थी हुए लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा संचा. लित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत दन्तोला स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पांखू, विकास खण्ड बेरीनाग में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा की गई।

शिविर में दूर-दराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी-अपनी समस्याएं, शिकायतें



एवं मांगें लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सैकड़ों जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया, जिससे ग्रामीणों में विशेष संतोष एवं विश्वास का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा टूटी हुई नालियों एवं सड़कों के निर्माण, फसलों की सुरक्षा हेतु तारबाड़ लगाए जाने, पेयजल आपूर्ति को नियमित एवं सुचारु किए जाने, जंगली जानवरों से सुरक्षा,राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक सरकारी दस्तावेज बनाए जाने, चेक डैम निर्माण, खेल मैदान निर्माण, विद्युत लाइन सुधार, स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याएं तथा आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवन निर्माण जैसी प्रमुख समस्याएं एवं मांगें रखी गईं।

इस दौरान स्थानीय जनता द्वारा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति बाधित होने का मामला जिलाधिकारी के सम्मुख प्रमुखता से उठाया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पेयजल विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि क्षेत्र में पेयजल संकट का तत्काल एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में लगभग 620 व्यक्तियों द्वारा सहभागिता की गई, जबकि विभिन्न विभागीय सेवाओं के माध्यम से कुल 849 लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 105 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 92 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष 13 शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

शिविर में दर्जा राज्य मंत्री हेमराज बिष्ट,विधायक फकीर राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग संगीता चन्याल, सीडीओ डा. दीपक सैनी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कंपनी में घुसकर कर्मचारियों से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विरोध करने पर संच. ालक पर जानलेवा हमला

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर क्षेत्र के ग्राम चकरपुर में स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ का विरोध करना कंपनी संचालक को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंग युवकों ने कंपनी में घुसकर गाली-गलौज की और धारदार हथियार व ईंट से हमला कर संचालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

रविवार को पीड़ित सतीश यादव, निवासी ग्राम चकरपुर, ने कोतवाली बाजपुर में दी तहरीर में बताया कि वह यूनिवर्स पावर सॉल्यूशन नामक कंपनी का संचालन करता है, जहां युवक-युवतियां कर्मचारी के रूप में कार्य करते हैं। कंपनी के पास ही स्थित एक अन्य फर्म पंजाब रेफ्रिजरेशन में कार्यरत एक युवक आए दिन उनकी कंपनी में आकर महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ करता था। जब इसका विरोध किया गया तो उक्त व्यक्ति ने अपने साथी के साथ कंपनी में आ धमका और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना के समय सतीश यादव कार्यालय में मौजूद नहीं थे, लेकिन बाद में जब वह कार्यालय पहुंचे तो दो युवक और उनके 5-6 अन्य साथियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से सतीश यादव के सिर पर वार किया, जिससे सिर में गंभीर चोट आई, जबकि ईंट से हमला कर उनके हाथ को भी घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में पीड़ित को उपचार के लिए ले जाया गया।

पीड़ित ने तहरीर में आरोपियों को अपराधिक प्रवृत्ति का खतरनाक व्यक्ति बताते हुए पुलिस से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किच्छा विधायक बेहड़ के पुत्र पर जानलेवा हमला

■ काबपोश युवकों ने डंडों से ताबड़तोड़ किया हमला

■ ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार शाम नकाबपोश युवकों ने किच्छा विधायक तिलक. राज बेहड़ के छोटे पुत्र और आवास विकास वार्ड-39 के पार्षद सौरभ बेहड़ पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सौरभ को पूर्व में हुए एक विवाद के संबंध में मध्यस्थता के लिए फोन आया था, जिसके बाद वह स्कूटी से थाने जा रहे थे। एसएसपी ने मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

विधायक तिलकराज बेहड़ का परिवार आवास विकास, रुद्रपुर में निवास करता है। रविवार शाम करीब सात बजे सौरभ बेहड़ को ट्रांजिट कैंप थाने से पंचायत के लिए फोन आया था। जैसे ही वह घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित अहिंसा द्वार के पास पहुंचे, तभी स्कूटी सवार तीन नकाबपोश युवकों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सौरभ सड़क पर गिर पड़े।

आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने डंडों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं विधायक बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। घायल सौरभ को तत्काल उपचार के लिए फुटेला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की अस्पताल में भीड़ जुट गई।

इस दौरान नेताओं ने शहर की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि शहर में इस तरह की घटनाएं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने थाना प्रभारी को मामले की तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# 11 अभ्यार्थियों का एसएससी जीडी में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर ( चंपावत )।** रविवार को जिए पहाड़ नि:शुल्क नागरिक पुस्तकालय अभियान के तहत एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई। अभियान से जुड़े 10 छात्र एवं एक छात्रा का एसएससी जीडी में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर जिए पहाड़ नि:शुल्क नागरिक पुस्तकालय समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी (पिंकी) द्वारा चयनित विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में चयनित युवाओं की मेहनत, अनुशासन और पुस्तकालय अभियान की भूमिका की सराहना की गई।

चयनित अभ्यर्थियों में कुमारी मीनू शर्मा, विकास राय, विक्रम सिंह बिष्ट, आयुष कुमार, संजय कुमार, प्रदुम्य कुमार, हर्ष कुल्याल, गौरव जैसवार और हीरा सिंह का आईटीबीपी में, अंकित राणा का सीआईएसएफ व भूपेन्द्र जोशी का बीएसएफ में चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर नागरिक पुस्तकालय अभियान के संरक्षक राज भट्ट सहित मेघराज देवपा, नरेंद्र लडवाल, हर्षवर्धन रावत, हंस राज



देवपा, रवि कुमार, रोहिताश अग्रवाल, अमित जोशी, दरबान सिंह मेहर, धीरज मोनी, भुवन सिंह कठायत एवं अन्य गणमान्य लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

वक्ताओं ने कहा कि जिए पहाड़ नि:शुल्क नागरिक पुस्तकालय अभियान ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है। यह अभियान सीमित संसाधनों में भी नि:शुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और अनुशासित माहौल उपलब्ध कराकर युवाओं को देश की सेवा के लिए तैयार कर रहा है। यह सफलता न केवल चयनित अभ्यर्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा और विश्वास का संदेश भी है कि सही दिशा, मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

# कनोरा पुल के नीचे दिखे तीन विशालकाय अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर क्षेत्र के ग्राम कनोरा में उस समय हड़कंप मच गया, जब कनोरा पुल के नीचे तीन विशालकाय अजगर सांप एक साथ दिखाई दिए। अजगरों के लगातार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।



ग्रामीणों के अनुसार बीते कुछ दिनों से पुल के नीचे और आसपास के क्षेत्र में अजगर सांप देखे जा रहे हैं। जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। खासतौर पर सुबह-शाम पुल से गुजरने वाले राहगीर और ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वही ग्रामीण फुरकान ने बताया कि एक साथ तीन-तीन बड़े अजगर दिखाई देना बेहद खतरनाक है और इससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग की टीम ने कार्रवाई नहीं की तो जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल मौके पर टीम भेजकर अजगरों को सुरक्षित रूप से पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

# जर्मनी वर्क वीजा के नाम पर 7.38 लाख की ठगी

■ दुबई-यूक्रेन में खंडहर में रखा, जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विदेश में वर्क वीजा व पीआर दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 7 लाख 38 हजार 800 रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

रविवार को पीड़ित वार्ड संख्या 6 केशवनगर निवासी दानिश पुत्र शकील अहमद ने पुलिस को बताया कि उसके फुफेरे भाई इरशाद की जान-पहचान ग्राम धनसारा निवासी एक व्यक्ति से थी, जो विदेश भेजने का काम करने का दावा करता था। उक्त व्यक्ति ने खुद को जर्मनी भेजने वाली एक "टीम" का सदस्य बताते हुए वर्क वीजा व पीआर दिलाने का भरोसा दिलाया। कई खातों में भेजी गई रकम, कुल भुगतान 7.38 लाख रुपये आरोप है कि उक्त व्यक्ति के कहने पर पीड़ित व उसके परिजनों ने अलग-अलग तिथियों में कई लोगों के खातों में पैसे जमा किए। इसके बाद पीड़ित व उसका भाई 10 नवंबर 2025 को दिल्ली से दुबई भेजे गए। दुबई पहुंचते ही उक्त व्यक्ति के आदमी ने उनके पासपोर्ट व दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए।

## यूक्रेन भेजकर खंडहर में छोड़ा

पीड़ित का आरोप है कि दुबई में अतिरिक्त रकम की मांग की गई। मजबूरी में और पैसे देने के बाद उन्हें यूक्रेन का वर्क वीजा दिलाया गया, लेकिन वहां न तो कोई काम दिया गया और न ही जर्मनी भेजा गया। दोनों को एक खंडहरनुमा जगह पर रखा गया, जहां खाने-पीने और रहने की कोई व्यवस्था नहीं थी।

परिजनों से संपर्क करने पर आरोपियों ने पीड़ित को वापस भेजने के बदले दो लाख रुपये मांगने और रकम न देने पर पुलिस से पकड़वाने व जान से मारने की धमकी दी। मजबूरी में 1.10 लाख रुपये और देने के बाद 25 दिसंबर 2026 को पीड़ित को भारत वापस भेजा गया। पीड़ित ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर उक्त व्यक्ति व अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और अवैध मानव तस्करी के आरोपों में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मुकुल-राघव गोयल की जमीन पर पुलिस व चकबंदी विभाग की टीम ने किया मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के मोहल्ला रामभवन बाजपुर निवासी युवा व्यापारी दो भाइयों मुकुल गोयल व राघव गोयल की जमीन पर रविवार को पुलिस और चकबंदी विभाग की टीम हथबंदी कराने पहुंची। टीम ने मौके पर पहुंचकर जमीन का गहन मुआयना किया। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

गौरतलब है कि दोनों भाइयों ने गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय के पुत्र सहित अन्य लोगों पर जमीन से संबंधित गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई की गई। मौके पर चकबंदी विभाग से चकबंदी कर्ता रमेश कुमार, कानूनगो दिनेश सक्सेना तथा पटवारी विकास उपस्थित रहे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उच्चाधिकारियों से मौखिक आदेश प्राप्त हुआ था, जिसके तहत जमीन का मुआयना किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित



दस्तावेजों की गहन रीडिंग की जा रही है और दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुआयना के दौरान घटनास्थल पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी रही।

# बंग्ला फिल्म खनन 23 के पोस्टर का विमोचन




बांग्ला फिल्म के सुप्रसिद्ध विलेन के किरदार सुमित गांगुली ने निभाया किरदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** उत्तराखंड में खनन को लेकर बनी बांग्ला फिल्म खनन 23 के पोस्टर का विमोचन एक किया गया। इस दौरान फिल्म में अभिनय करने वाले, फिल्म निर्देशक सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रविवार को गूलरभोज मार्ग स्तिथ एक निजी होटल में उत्तराखंड में फिल्माई गयी बांग्ला फीचर फिल्म खनन 23 के पोस्टर के विमोचन के अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।इस दौरान फिल्म का पोस्टर को दर्शाया गया। साथ ही पर्दे के माध्यम से फिल्म का टेलर भी दिखाया गया।फिल्म को प्रताप दत्ता के निर्देशन में बनाया गया है।जबकि विलन की भूमिका में पश्चिम बंगाल के अभिनेता सुमित गांगुली दिखे है।नायिका का रोल पश्चिम बंगाल की कलाकार प्रियंका ,इसी के साथ फिल्म में कई स्थानीय कलाकारों ने भी अहम भूमिका अदा की है।फिल्म की शूटिंग तराई के शक्तिफार्म इलाके सहित उत्तराखंड की विभिन्न लोक. शन पर की गई है।फिल्म नदियों में हो रहे खनन पर आधारित है।जिसे बंगला भाषा मे बनाया गया है।फिल्म एक घंटा तीस मिनट की है।फिल्म में रोमांच की साथ साथ मारधाड़ भी दिखाई गयी है। फिल्म में कोलकाता के सुप्रसिद्ध विलेन के किरदार सुमित गांगुली के अलावा शक्तिफार्म दिनेशपुर तथा रूद्रपुर व दिल्ली के कलाकारों ने अपनी अदाकारी से लोगों को बहुत उत्साहित किया। किरदारों में सुमंत विश्वास,मनोज राय, संजय बाछाड़, विजय मंडल,रंजीत ढाली,रीता चक्रवती, परिमल राय,रेखा राय, राकेश सरकार तथा कैमरामैन काली पद विश्वास् सहित हिमांशु सरकार , सुभाष व्यापारी , प्रशंनजीत शाह , दीपंकर मंडल , रवि सरकार , मनोज राय , दिलीप मंडल , जगदीश राय , असीत मंडल आदि लोग उपस्थित रहे।

# चारदीवारी निर्माण को लेकर दबंगों का विरोध

■ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर क्षेत्र में भूमि पर चारदीवारी निर्माण को लेकर दबंगों द्वारा विरोध, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। रविवार को पीड़ित ने भाजपा गदरपुर विधायक के पुत्र समेत नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित मुकुल गोयल पुत्र स्व. राजकुमार गोयल निवासी मोहल्ला रामनगर, बाजपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी माता स्व. ममता गोयल पत्नी राजकुमार गोयल ने वर्ष 2009 में ग्राम बाजपुर स्थित भूमि उपनिबंधक कार्यालय बाजपुर में पंजीकृत बैनामे के माध्यम से खरीदी थी।

माता के निधन के बाद उक्त भूमि का नामांतरण विधिवत रूप से पीड़ित और उसके भाई के नाम दर्ज हो चुका है। शिकायत के अनुसार 4 जनवरी 2026 की शाम करीब 4:30 बजे वह अपने भाई के साथ अपनी भूमि पर चारदीवारी निर्माण के लिए सामग्री उतरवा रहा था। इसी दौरान भाजपा गदरपुर विधायक अरविंद पांडे के पुत्र अतुल पांडेय, व तहरीर में नामजद अन्य तीन तथा अज्ञात सहित 5-6 अन्य अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि सभी ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और जमीन को अपनी बताते हुए जबरन काम रुकवाने का प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया, लेकिन इसके बाद भी आरोपी राजनीतिक रसूख का हवाला देते हुए लगातार धमकियां दे रहे हैं।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक आरोपी ने स्वयं को विधायक का पुत्र बताते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने की बात कही।पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार



को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# धरी क्षेत्र में तेंदुए की दहशत, वन विभाग की नींद उड़ी

## वन विभाग ने सौ ट्रैप कैमरों के साथ 11 पिंजरे लगाए, गश्त जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी विकास खंड के आसपास के गाँवो में पूर्व में दो महिलाओं को गुलदार ने निवाला बनाकर मौत के घाट उतार दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से ठोस कदम उठाने की मांग की थी, जिसके बाद से बीते 26 दिसंबर 2025 के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर आ गयी है। वर्तमान में विभाग की ओर से गुलदार को पकड़ने के लिए करीब सौ ट्रैंप कैमरों के साथ 11 पिंजरे और 60 से अधिक वन कर्मियों की ड्यूटी गश्त के लिए लगातार लगाया गया है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से भी



गुलदारों और बाघों पर पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक वन विभाग धारी तथा ओखलकांडा समेत रामगढ़ से चार गुलदार को पकड़ने में कामयाब दिखा है लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्र में गुलदार देखें जा रहें है। मामले में वन रेंजर विजय भट्ट ने बताया कि वन विभाग दिन रात अपने स्तर से होने वाले सभी प्रयास में लगा है। यहाँ तक उन्हें पूरी रात कड़ाके की ठंड के बीच जंगल में गुजारनी पड़ रही है। खुटियाखाल के जंगल में गश्त के बाद सुबह जब वन कर्मी नदी पार करने के बाद अपने खाने पीने आदि आवश्यक सामान के लिए मुख्य सड़क तक आ रहें हैं तो उन्हें नदी के बीच पत्थर पर जमे पाले को हटाने के बाद नदी पार करनी पड़ रही है। रेंजर भट्ट ने बताया कि वन विभाग इन दिनों काफी मेहनत कर रहा है जिससे आदमखोर गुलदार व बाघ पकड़ने में आ सकें। इस दौरान अभय जोशी वन क्षेत्राधिकारी समेत हरीश धामी, विपिन चन्द्र, भुवन परिहार, भारत मासीवाल तथा मनोज आदि मौजूद रहे।

# श्री मां पाषाण देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह आज से



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह सोमवार आज से शुरु होने जा रहा है। वार्षिकोत्सव के चलते पूरे मंदिर परिसर को बिजली की आकर्षक मालाओं से सजा दिया गया है जिसके चलते रात्रि में दूर से ही मंदिर की शोभा देखते ही बन रही है। मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश भट्ट के मुता. बिक सोमवार आज पहले दिन सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन, शिव पूजन व रुद्री पाठ, अपराह्न एक बजे से सुंदरकांड के बाद भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण जबकि शाम को 7 बजे से पंच आरती होगी। 20 जनवरी यानी मंगलवार को सुबह 7 बजे से गणेश पूजन, पंचांगी कर्म, राम परिवार का पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ की शुरुआत होगी वही शाम को 7 बजे से पंच आरती के बाद भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण होगा वहीं अंतिम दिन 21 जनवरी यानी बुधवार को सुह के समय पूजन, अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन के बाद दो बजे से श्री मां का समिष्ट भंडारा शुरु होगा जो देर शाम तक चलेगा।

# जैव प्रौद्योगिकी संस्थान किसानों को देगा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पहाड़ों में खेती व पशुपालन के साथ मछली तथा मौन पालन व मशरूम उत्पादन से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी परिषद पटवाडांगर प्रयास कर रहा है। परिषद की ओर से पहाड़ के किसानों को प्रशिक्षण देकर किसानों को आर्थिक स्थिति में सुधार के उपाय बताए जा रहे हैं। बता दें कि जैव प्रोधोगिकी परिषद पटवाडांगर में पहाड़ों के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। निदेशक डा. संजय कुमार कुमार के नेतृत्व में किसानों को खेती को नई तकनीकों के साथ करने की सलाह दी जा रही है। परिषद के प्रभारी डा. सुमित पुरोहित ने बताया कि परिषद में पहाड़ के किसानों को अच्छी तकनीक के साथ खेती करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि एक वर्ष में लगभग 200 किसानों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें खेती का सही तरीका व साथ में पशुपालन से दुग्ध उत्पादन करने की जानकारी दी जाती है साथ ही किसानों को पशुपालन व खेती के साथ मुर्गी व मछली व मौन पालन करने की सलाह व प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बताया कि कई किसानो ने प्रशिक्षण के बाद अपनी आय बढ़ाई है। जो अब अन्य किसानों को तैयार कर रहे हैं। बताया कि परिषद की ओर से लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# 120 ग्रामीणों को मिले सेलर लैंप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** धारी लैंडस्केप के अंतर्गत ग्राम पंचायत च्यूरीगाड में ग्रामीणों को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। हिमालय उन्नति मिशन के तत्वावधान में श्री ग्रामीण विकास कार्यक्रम ट्रस्ट तथा आर्ट ऑफ लिविंग एवं प्राणा सोलर लैंप पहल के सहयोग से 120 से अधिक सोलर लैंप वितरित किए गए। आर्ट ऑफ लिविंग की रेशमा टंडन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ हिमालयी क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ साथ शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सतत आजीविका को मजबूत करना है। सोलर लैंप का लाभ स्थानीय ग्रामीण परिवारों, स्वयं



सहायता समूहों की महिलाओं, युवा आचार्यों और आजीविका से जुड़े कार्यकर्ताओं को मिला जिससे शिक्षा, प्रशिक्षण और दैनिक कार्यों में सुविधा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमालय उन्नति मिशन के सीईओ एयर मार्शल (सेवानिवृत) विजय राणा ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा समाधान ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं और हिमालय जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक विकास को भी गति देते हैं। हिमालय उन्नति मिशन के कार्यक्रम निदेशक अमित मेहता ने बताया कि प्राणा सोलर लैंप जैसे प्रयास बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की आजीविका गतिविधियों और सामुदायिक कार्यों को सशक्त बनाते हैं। वहीं मिशन की साझेदारी निदेशक अंजु बाहरी ने कहा कि विभिन्न संस्थानों और समुदायों के सहयोग से दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है।इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक साहनी, ग्राम प्रधान च्युरीगाड, वन पंचायत सरपंच, समुदाय समन्वयक प्रकाश पचवाड़ी सहित ग्रामीण महिलाएं व युवा और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष के लिए कार्यक्रमों पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों व बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में रविवार को जिले के भवाली व गरमपानी में बैठक व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भवाली के पालिका सभागार में आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा तय करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए नगर संचालक कैलाश चंद्र सुयाल ने बताया कि बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में चंद्रशेखर (सह प्रांत प्रचारक) उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष का चुनाव समिति के आगामी भेंट कार्यक्रम के बाद तय करने का



### आम सभा में संयोजक सभा गठित


निश्चय किया गया और इसके साथ ही समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। आम सभा में गठित संयोजक सभा में उपाध्यक्ष डा. प्रगति जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन शाह तथा प्रकाश आर्य, संयोजक संजय वर्मा, सहसंयोजक पवन भाकुनी, कोषाध्यक्ष बालम सिंह मेहरा व सह कोषाध्यक्ष आशु चंदोला का चयन किया गया। कार्यकारिणी की सदस्यों के रूप में आदित्य बोरा, वीरेंद्र रावत, पवन भाकुनी, जुगल मठपाल, नंदकिशोर पांडे व अंकित गौरव का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अगली बैठक में अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 25 जनवरी रविवार को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला संचालक हेम पांडे, नगर जिला प्रचारक अमित, नगर कार्यवाह नैनीताल तथा एडवोकेट हाईकोर्ट ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था खजान भट्ट अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद तथा प्रकाश आर्य द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न अनुसांगिक संगठनों विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी तथा गौ रक्षा दल तथा अधिवक्ता परिषद व विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। दूसरी ओर सरस्वती शिशु मंदिर गरमपानी में आयोजित कार्यक्रम के अतिथि सह प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राजेश जोशी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य रहे। इस दौरान उन्होंने सौ वर्ष पूरे होने पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान वक्ताओं में हिंदू धर्म के बारे में लोगों को जागरूक करने का आवाहन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द समिति का विस्तार किया जाएगा। बताया कि गरमपानी में चार मंडल हैं जिसमें गरमपानी, रातीघाट व सुयालबाड़ी और सिमलखा शामिल हैं जिसमें संयोजक, सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष आदि की नियुक्ति की जाएगी व 8 फरवरी रविवार से आगामी कार्यक्रमों की तैयारी की जाएगी। आगामी दिनों में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कहा कि जिसमें सभी समुदाय के लोग प्रतिभाग करेगें। कार्यक्रम में शीलनिधि प्रांत बाल विद्यार्थी प्रमुख, मनोहर जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख समेत दिनेश पाण्डेय, मदन मोहन कैड़ा, चंद्रशेखर, कुंदन सिंह जीना, नरेंद्र, महिपाल, डिकर, प्रेम कुमार, दीपक, दीपक पांडे, नीरज बिष्ट, रमेश सुयाल, उमेश जलाल, विनोद जलाल, हीरा सिंह बिष्ट, त्रिभुवन सिंह, कमल बधानी, मनोज कुमार, दिनेश फुलारा, निर्मला जोशी, गंगा जलाल, राधा जलाल, उषा पीनारी, गीता प्रधान, गीता पाठक, ललिता, ललित दानी, पवन, अमन कुमार व मदन मोहन आदि मौजूद रहे।

# सफेद नहीं, काली पड़ीं हिमालय की चोटियां

## वर्ल्ड स्नो-डे पर विशेष: ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन चिंतनीय

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** आज पूरी दुनिया वर्ल्ड स्नो डे मना रही है, लेकिन उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल में यह दिन बिना बर्फ के ही गुजर रहा है। बर्फबारी न होने से नैनीताल के हिमालय दर्शन क्षेत्र से नजर आने वाली हिमालय की चोटियां अब सफेद नहीं, बल्कि काली नजर आने लगी हैं यह बदलाव साफ तौर पर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के असर को दर्शाता है। हिमालय की चोटियां जो कुछ साल पहले तक बर्फ की चादर से ढकी रहती थीं, अब केवल ऊपरी हिस्सों में



हल्की बर्फ के साथ दिखाई दे रही हैं। जनवरी का माह बीतने को है लेकिन इस बार पर्यटकों को र्फ देखने का अवसर नहीं मिल पाया। वर्ल्ड स्नो डे के मौके पर जहां दुनिया भर में बर्फ और शीतकालीन खेलों का जश्न मनाया जाता है, वहीं नैनीताल में सैलानी बिना बर्फ देखे ही मायूस लौट रहे हैं। मौसम के इस बदले मिजाज का सीधा असर पर्यटन कारोबार पर भी पड़ा है।

पहले बर्फबारी के दौरान नैनीताल और हिमालय दर्शन क्षेत्र में भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते थे, लेकिन अब पर्यटकों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है इससे स्थानीय कारोबारी भी चिंतित नजर आ रहे हैं। स्थानीय व्यापारी पंकज वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो से मौसम पूरी तरह असंतुलित हो गया है। बर्फ नहीं गिरने से पर्यटन और पर्यावरण दोनों पर गहरा असर पड़ रहा है पहले किलबरी और पंगोट रोड तक बर्फ गिरती थी जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक आते थे और हिमालय दर्शन क्षेत्र में कारोबार बढ़ता था। अब बर्फ न होने से काफी नुकसान हो रहा है पर्यावरण के साथ हो रही छेड़छाड़ भी इसका बड़ा कारण है। वर्ल्ड स्नो डे पर जहां बर्फ संरक्षण और जलवायु संतुलन का संदेश दिया जाता है, वहीं नैनीताल में बर्फ की कमी आने वाले समय के लिए गंभीर चेतावनी है अगर जलवायु परिवर्तन पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमालय की सफेद पहचान केवल तस्वीरों तक ही सीमित रह जाएगी।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 66 लोगों की हुई जांच

**चकराता।** श्री सत्य साई सेवा समिति ओली, चकराता के तत्वावधान में विवेकानंद हॉस्पिटल के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चकराता में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कुल 66 लोगों की आंखों की जांच की गई।शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वित. रित की गईं, जबकि 22 लोगों को नि:शुल्क दृष्टि चश्मे प्रदान किए गए। इसके अलावा गंभीर नेत्र रोग से पीड़ित 10 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए देहरादून स्थित विवेकानंद हॉस्पिटल भेजा गया।

# अपराधी जगबीर दून से 6 माह के लिए तड़ीपार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी की रायपुर पुलिस ने जघन्य अपराधों में लिप्त एक शातिर अपराधी को जिले की सीमा से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने रविवार को अभियुक्त को सहारनपुर सीमा पर ले जाकर छोड़ दिया और कड़ी हिदायत दी कि अगले छह महीनों तक जनपद की सीमा में कदम रखा तो जेल की सलाखों के पीछे जाना होगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रायपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, बालावाला निवासी जगबीर सिंह एक आदतन अपराधी है, जिस पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम जैसे गंभीर धाराओं में पांच से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

लगातार अपराधों में संलिप्तता को देखते हुए पुलिस ने जगबीर के विरुद्ध गुण्डा अधिनियम के तहत जिला बदर की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी थी। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए डीएम ने उसे 6 माह के लिए शजिला बदरश करने के आदेश जारी किए। रविवार को रायपुर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जगबीर को आशारोड़ी चेकपोस्ट के रास्ते जनपद सहारनपुर (यूपी) की सीमा में छोड़ दिया।

# मसूरी में कैंपटी फॉल के पास कार खाई में गिरी, यूपी के युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पर्यटन नगरी मसूरी के पास कैंपटी फॉल क्षेत्र में रविवार सुबह कांडीखाल में एक कार (यूके 07 एफपी 0359) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में जान गंवाने वाले युवक का नाम विजय कुमार (पुत्र प्रदीप कुमार) बताया गया है।वह कस्बा कांधला जनपद शामली (उत्तर प्रदेश) का निवासी था।

जानकारी के अनुसार, विजय अपने दोस्तों के साथ कैंपटी फॉल घूमने आया था।देर रात उसके दोस्त होटल में रुक गए, जबकि विजय अपनी



कार में ही था।

सुबह जब दोस्तों ने होटल के बाहर कार नहीं देखी और फोन करने पर भी संपर्क नहीं हो पाया, तो उन्होंने मसूरी पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान कांडीखाल क्षेत्र में एक स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि सड़क से नीचे खाई में एक कार गिरी हुई है और उसमें एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है।

पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक वही युवक निकला, जो रात से लापता था। मसूरी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को खाई से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस के माध्यम से मसूरी उप जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई पुलिस मृतक के साथ आए दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है। मसूरी पुलिस इंचार्ज योगेंद्र गुसाईं ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है. पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने बताया कि कैंपटी फॉल से कांडीखाल जाने वाली सड़क पर कई स्थानों पर पैराफिट और क्रैश बैरियर नहीं है। जिस कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने शासन-प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## एक नजर....

### डीएम के पास पहुंचेगा आधार कार्ड का मामला

**नैनीताल।** युवा कांग्रेस के जिला सचिव प्रबल दरम्वाल ने कहा है कि जिले के रामगढ़ और आस पास के क्षेत्रों में बिना किसी कानूनी दस्तावेज या वोटर आईडी के नेपाल से आए संदिग्ध लोगों के आधार कार्ड बनाने के मामले सामने आ रहे हैं। बिना पहचान सुनिश्चित किए ऐसे दस्तावेज जारी करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि वह मामले को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मिलेंगें। कहा कि ये लोग कौन हैं, कहां से आए हैं, इनकी पहचान कया है, इसकी जांच होनी आवश्यक है।

### जैकेट की चेन लगाने से मना किया तो विवाद

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक दर्जी की ओर से जैकेट में चेन न लगाने की बात पर ग्राहक शिकायत लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गया। एसएसपी कार्यालय से मामला जांच के लिए कोतवाली पहुंचा तो चर्चा का विषय बन गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी एक व्यक्ति ने शिकायती पत्र में कहा था कि बीते नवंबर माह में वह अपने बच्चे की जैकेट में चेन लगवाने मल्लीताल एक दर्जी की दुकान में गया था। जहां उसने बच्चे की जैकेट देते हुए कुछ माह पूर्व उसकी जैकेट में लगाई गई चेन में सही से सिलाई नहीं होने की शिकायत की। यह सुन भड़कते हुए दर्जी ने बच्चे की जैकेट में चेन लगाने को मना कर दिया। जिस पर ग्राहक नाराज हुआ और ग्राहक की ओर से व्यापार मंडल, उपभोक्ता फोरम के साथ ही एसएसपी को पत्र भेजकर शिकायत की गई। व्यापार मंडल व उपभोक्ता फोरम ने शिकायत का संज्ञान नहीं लिया लेकिन शनिवार को एसएसपी कार्यालय से तल्लीताल थाने होते हुए शिकायती पत्र मल्लीताल कोतवाली पहुंचा, जिसे पढ़कर पुलिस कर्मी हैरत में पड़ गए। मामले में कोतवाली के एसआई मो. यूनुस ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन में 25 चालान

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सखत दिखी। पुलिस ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि नगर में टैक्सी चालकों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों की ओर से सड़क किनारे वाहन पार्क करने से यातायात प्रभावित हो रहा है, वहीं पुलिस के सामने ही लोग बिना हेलमेट पहनें स्कूटी बाइक दौड़ा रहे हैं। जिसको देख लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। जिसको देखते हुए एसपी के निर्देश पर नागरिक पुलिस व यातायात पुलिस की ओर से रविवार को वृहद अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत के नेतृत्व में मल्लीताल क्षेत्र में 12 व तल्लीताल क्षेत्र में 8 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई जबकि टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने 5 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

### वनाग्नि रोकने के लिए वन प्रभाग अलर्ट

**नैनीताल।** आगामी गर्मी के मौसम में जंगलों को आग से बचाने के लिए नैनीताल वन विभाग ने प्राथमिकता से तैयारी शुरू कर दी हैं। आग से निपटने के लिए नैनीताल वन प्रभाग ने अपने 9 वन रेंजों में 70 क्रू स्टेशन बनाए हैं, जहां से जंगल की आग पर नजर रखने का काम किया जा रहा है। बता दें कि बारिश न होने के चलते नैनीताल व आसपास के क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं आगामी गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं की संभावना भी बनी हुई है। जिसको देखते हुए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी हैं। नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि जंगल की आग वन विभाग के लिए हमेशा चुनौती बनी रहती है। जंगलों की आग से प्रतिवर्ष अमूल्य प्राकृतिक संपदा समेत जीव जंतुओं को नुकसान होता है। जिसको देखते हुए 15 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक जंगलों में फायर लाइन काटने का कार्य किया जा रहा है। बताया कि नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत 70 क्रू स्टेशन बनाये गए हैं साथ ही 280 वन रक्षकों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा जंगलों की निगरानी के लिए ग्राम प्रहरियों समेत युवक मंगल दलों को लगाया गया है ताकि जंगलों में आग लगने से बचाया जा सके।

### कॉलेज के दो छात्रों का राष्ट्रीय कबड्डी के लिए चयन हुआ

**विकासनगर।** फोर्डिशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित अंदर-19 अंदर 14 सीनियर कबड्डी बालिका वर्ग की प्रतियोगिता नालागढ़ हिमाचल प्रदेश में 19 से 23 जनवरी 2026 तक होने वाले प्रतियोगिता में निधिका धीमान कक्षा 12 का उत्तराखंड की टीम में बेस्ट डिफेंडर के रूप में चयन हुआ है अंडर 14 सब जूनियर बालिका वर्ग नव्या नेगी कक्षा 8 का चयन उत्तराखंड की कबड्डी टीम अंडर 14 में गुड्डी वाला आंध्र प्रदेश में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जिसकी प्रतियोगिता 21 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक गुड़ीवाड़ा आंध्र प्रदेश में संपन्न किया जाना है इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम में नव्या नेगी ऑलराउंडर के रूप में कबड्डी टीम में सम्मिलित हुई है। महर्षि अरविंद घोष इंटर कॉलेज डाकपत्थर के दो छात्रों का राष्ट्रीय कबड्डी के लिए चयन हुआ है। प्रधानाचार्य अरुण डबराल ने विद्यालय के चयनित छात्रों के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। कीड़ा प्रभारी कुंवर सिंह राय ने कहा है की विद्यालय में समय-समय पर खेल गतिविधियां कराई जाती है जिसका परिणाम आज हमें सफलतापूर्वक मिल रहा है कड़ी मेहनत और परिश्रम के बलबूते पर खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण अग्रवाल, क्रीड़ा प्रभारी कुंवर सिंह राय, भरत चौहान, कुशलानद पुरो. हित, शूरवीर तोमर, चेतन रमोला, इंद्रजीत कुमार, सरिता बिजलवान, कृष्णा जोशी, बिनतोष गैरोला, अमित कुमार, सुमित कुमार, रेनू शर्मा, सुनील शर्मा, कमल बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### खेल महाकुंभ सेपियंस स्कूल विकासनगर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर के छात्राओं ने 'खेल महाकुंभ जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता' 2026 में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्तराखंड खेल महाकुंभ की तरफ से 'जिला स्तरीय प्रतियोगिता' का आयोजन देहरादून में किया गया।सेपियंस स्कूल, विकासनगर से वॉलीबॉल अंडर 19 बालिका (प्रथम स्थान), खो-खो अंडर 19 बालिका (प्रथम स्थान), खो-खो अंडर 19 बालक (प्रथम स्थान), खो-खो अंडर 14 बालक (द्वितीय स्थान), कबड्डी अंडर 19 बालक (द्वितीय उपविजेता), कबड्डी अंडर 14 बालिका (प्रथम उपविजेता), पिट्ठू अंडर 14 बालिका (द्वितीय उपविजेता), लंबी कूद अंडर 14 बालिका (प्रथम स्थान), राज्य स्तर के लिए चुने गए खिलाड़ियों में रौनक नेगी (कबड्डी), योगेश रावत (खो-खो), आर्यन तोमर (खो-खो), सिद्धार्थ नेगी (खो-खो), निहारिका ठाकुर (खो-खो), कनिष्का शाह (लंबी कूद), सक्षम रावत( कबड्डी) शामिल हैं।प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, रशिता सपरा ने प्रशिक्षक बीएस राय, संजय चौहान, सतीश चौहान, सूरज चौहान का आभार व्यक्त किया।

### दून में 76 जर्जर स्कूल भवन होंगे ध्वस्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के बाद जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनपद के 76 जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। लंबे समय से लंबित इस मामले में डीएम की सख्ती के बाद महज 10 दिन में 100 स्कूलों की रिपोर्ट तैयार की गई।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वस्तीकरण और सुरक्षा कार्यों के लिए घ्1 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार कुल 79 विद्यालय भवन पूरी तरह निष्प्रोज्य पाए गए हैं। इनमें 13 माध्यमिक और 66 प्राथमिक स्कूल शामिल हैं।63 स्कूलों में पढ़ाई की वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई है, जबकि शेष 16 में तत्काल व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।17 भवन आंशिक रूप से जर्जर हैं, जिनकी मरम्मत कराई जाएगी।डीएम ने लोनिवि को जल्द से जल्द ध्वस्तीकरण प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था तक जोखिम वाले भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं होंगी।

# इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब

**मुंबई, वार्ता।** इथियोपियाई धावक टाडू अबाटे और एशी चेकोले ने रविवार को आयोजित हुई मुम्बई मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। अबाटे का यह चौथा अंतर्राष्ट्रीय फुल मैराथन खिताब है। उन्होंने 2:09:55 के समय के साथ पुरुष एलीट वर्ग में शीर्ष पर रहे। केन्या के लियोनार्ड लंगाट 2:10:10 के समय के साथ दूसरे स्थान, जबकि पिछले एडिशन के उपविजेता इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे ने 2:10:22 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

2023 के विश्व चैंपियन युगांडा के विक्टर किपलांगट 2:11:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में, एशी चेकोले ने टॉप स्थानों पर इथियोपियाई धावकों का दबदबा बनाया, उन्होंने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। किडसन एलेमा गेब्रेमेडिन 2:27:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर, गोज्जाम त्सेगाए एनएव 2:28:27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इथियोपिया की मदीना आर्मिनो, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रही थीं, 2:33:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट महिलाओं में, संजीवनी जाधव ने अपने मुंबई मैराथन डेब्यू में शीर्ष पर रहीं।



उन्होंने 2:48:58 का समय निकालकर निर्मबेन ठाकोर को खिताब की हैट्रिक बनाने से रोक दिया। ठाकोर 2:49:07 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सोनम ने 2:49:21 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में, कार्तिक करकेरा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रहे, वे 2:19:55 के समय के साथ 2:20:00 से कम समय में दौड़ने वाले एकमात्र भारतीय बने। पूर्व चैंपियन अनीश थापा 2:20:08 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रदीप चौधरी ने 2:20:49 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चीन के झांग पहले राउंड में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीन के सबसे सफल पुरुष खिलाड़ियों में से एक, झांग झिझेन रविवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन 18वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हार गए। मार्गरेट कोर्ट एरिना में गर्म मौसम में, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण रखा और दो घंटे और आठ मिनट में 6.3, 7.6 (0), 6.3 की जीत में 38 विनर्स लगाए। यह लगातार दूसरा साल था जब पूर्व विश्व नम्बर 31 झांग सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में कोई मैच नहीं जीत पाए। दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी सेरुंडोलो अब बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहर से खेलेंगे। सेरुंडोलो ने कहा, ष्मैंने आज बहुत अच्छा खेला, और मैं बहुत खुश हूं। यह साल शुरू करने का एक शानदार तरीका है।ष सेरुंडोलो कभी भी किसी मेजर के चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़े हैं। यह झांग के लिए निराशाजनक था।

# सोनमेज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंड्रोवा को हराया

**मेलबर्न, वार्ता।** क्वालीफायर जेनेप सोनमेज ने खेल भावना, हॉट शॉट्स और आखिरकार तुर्की के इतिहास का एक हिस्सा पेश किया, जब वह तीसरे सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद नम्बर 11 सीड एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7.5, 4.6, 6.4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत हासिल की।

23 साल की सोनमेज ने अपने करियर की दूसरी टॉप 20 जीत हासिल की (पिछले साल बीजिंग में क्लारा टौसन को हराने के बाद), और ओपन एरा में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैच जीतने वाली पहली तुर्की महिला बनीं। पिछले साल, वह कागला बुयुकाकके के बाद यहां मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करने वाली दूसरी तुर्की महिला बनीं, जो 2017 में अपने एकमात्र मुख्य-ड्रॉ उपस्थिति में पहले राउंड में हार गई थीं। 2 घंटे, 37 मिनट का यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सोनमेज ने पहला सेट 5.2 से पीछे होने के बाद जीता, एक सेट प्वाइंट बचाया, और लगातार सात गेम जीते( वह दूसरा सेट 3-1 से आगे होने के बाद हार गईं क्योंकि एलेक्जेंड्रोवा ने अगले नौ में से आठ गेम जीते( लेकिन निर्णायक सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद, सोनमेज ने फिर से लय पकड़ी और आखिरी सात में से छह गेम जीते, एलेक्जेंड्रोवा के बैकहैंड नेट पर लगने के साथ ही उन्होंने अपना चौथा मैच प्वाइंट जीता। सोनमेज की तीसरे सेट में वापसी दिन के सबसे



अच्छे प्वाइंट में से एक से शुरू हुई, जो रैली बनाने की एक मास्टरक्लास थी। जब एलेक्जेंड्रोवा 3-1, 15-30 पर सर्व कर रही थीं, तो सोनमेज ने एक शक्तिशाली एंगल्ड फोरहैंड से कोर्ट खोला। उसने एलेक्जेंड्रोवा को ड्रॉप शॉट से नेट के पास खींचकर यह किया, और हालांकि एलेक्जेंड्रोवा ने अपने जवाब में अच्छी स्पीड बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## ज्वेरेव ने धीमी शुरुआत के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई

**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को मेलबर्न में गैब्रियल डियालो के खिलाफ चार सेट की जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी धीमी शुरुआत पर काबू पाया। रॉड लेवर एरिना के सेंटर कोर्ट पर गर्म मौसम में, जर्मन खिलाड़ी ने 24 वर्षीय डियालो को दो घंटे और 43 मिनट में 6-7 (1), 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले साल मेलबर्न पार्क में फाइनल में हारने वाले ज्वेरेव को तब थोड़ी घबराहट हुई जब वह पहले सेट के टाईब्रेक में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभाला और अपने जाने-माने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक से पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण कर लिया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने कहा, ष्पहला सेट मेरा सबसे अच्छा टेनिस नहीं था, लेकिन उसके बाद जब मैं मैच में आया, तो मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा और मैं निश्चित रूप से अपने खेल के स्तर से खुश हूं। ज्वेरेव की पहली बड़ी जीत की तलाश जारी रहेगी जब वह अगले मैच में ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपीरिन या फ्रांस के अलेक्जेंडर मुलर से खेलेंगे।

## उस्मान सदात, महबूब खान के अर्धशतकों से अफगानिस्तान ने बनाए 262/6

**विडहोक, वार्ता।** उस्मान सदात (88) और कप्तान महबूब खान (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह विकेट पर 262 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खालिद अहमदजई और उस्मान सदात की सलामी जोड़ी ने अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 18वें ओवर में विटेल लॉज ने खालिद अहमजई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# आईपीएल मैचों से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को सशर्त मंजूरी

**बेंगलुरु।** भले ही 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन कर्नाटक सरकार ने इस जगह को इंटरनेशनल क्रिकेट मैच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेजबानी के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है।

गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने कहा कि यह फैसला कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन और उन पर रखे गए ष्भरोसेष पर आधारित है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए, परमेश्वर ने कहा कि सरकार का फैसला कई निरीक्षणों और समिति की रिपोर्टों के बाद आया है, लेकिन यह भी माना कि सुरक्षा शर्तों का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, ष्उन्होंने लिखित में दिया है कि वे शर्तों को पूरा करेंगे। हमने उन पर भरोसा किया है। गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, ष्समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था। बाद में सिफारिशों की जांच के लिए एक कैबिनेट-स्तरीय समिति का गठन किया गया, जबकि महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक अलग समिति ने भी अनुपालन की स्थिति का अध्ययन किया। परमेश्वर ने कहा कि महेश्वर राव समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, और नई कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन समिति ने कहा है कि वह सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करेगी। यह देखते हुए कि आईपीएल मार्च में शुरू होने वाला है, परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले अल्पकालिक शर्तों को पूरा करना होगा। उसी के आधार पर, हमने शर्तों के अधीन अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुपालन की निगरानी करती रहेगी, खासकर प्रमुख सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि वे एक और प्रमुख शर्त को भी पूरा करते हैं या नहीं, यह कहते हुए कि स्टेडियम में काम पहले ही शुरू हो चुका है।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में हजारों हुए शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में आज केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुजरात में साइकिल चलाई।

वहीं कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में खिलाड़ियों पी गोपी. चंद, दीप्ति जीवनजी, ईशा सिंह के साथ विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए। देश भर में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन आज सुबह कई जगहों पर पूरे जोश के साथ आयोजित किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने राजकोट के पास गोंडल में इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद में 1000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कार्यक्रम की कमान संभाली।

डा. मनसुख मांडविया ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत को फिट बनाने के लिए, हमें संडेज ऑन साइकिल में भाग लेना होगा। इस दौरान डा. मांडविया ने प्रतिभागियों से बात की और उनकी कहानियां सुनी। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि साइक्लिग सभी उम्र के लोगों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। यह कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करती है। हम सभी को एक साथ आना चाहिए और रेग. ुलर साइक्लिग करनी चाहिए। मुझे इतने सारे लोगों के साथ साइकिल चलाने में मजा आता है, यह हम सभी को एक कम्युनिटी होने का एहसास देता है, जो बहुत जरूरी है। मैं पूरे देश के भारतीयों से अपील करता हूं कि वे हर रविवार को अपने शहर में किसी जगह पर इसमें शामिल हों। उन्होंने कहा कि कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जितने उसके नागरिक। अगर हमें अपने सपनों का विक. सित भारत बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर भारतीय अपनी सबसे अच्छी शारीरिक और मानसिक फिटनेस में हो ताकि हर कोई देश के विकास में योगदान दे सके। यही विजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे लिए है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजिंत देशव्यापी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन में खेल, संस्कृति और कम्युनिटी को एक यादगार नजारे में मिला दिया गया। दो लाख से अधिक जगहों पर 22 लाख से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया है। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में, हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजिंत इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां और खेल हस्तियां मौजूद थीं, जिंनमें केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी-किशन रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, बैडमिंटन के दिग्गज, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पुलेला गोपीचंद, अर्जुन पुरस्कार विजेता शूटर ईशा सिंह और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी शामिल थे।

## इटली ने जेजे स्मट्स को अपनी टी-20 टीम में किया शामिल

**रोम।** पहली बार टी-20 विश्वकप में खेलने जा रही इटली ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेजे स्मट्स को अपनी 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया है। वेन मैडसेन टूर्नामेंट में इटली की टीम की कप्तानी करेंगे। क्वालिफायर के दौरान टीम की कप्तानी जो बर्न्स ने की थी, लेकिन पिछले साल के आखिर में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को कप्तान के पद से हटाकर टीम से बाहर कर दिया गया था। इटली की इस विश्व कप टीम में दो भाइयों की जोड़ी हैरी और बेंजामिन मैनेंटी, और एंथनी और जस्टिन मोस्का भी शामिल है। एमिलियो गे चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। टीम के मुख्य को जॉन डेविसन होंगे जबकि केविन आ ब्रायन और डौगी ब्राउन को असिस्टेंट कोच बनाया गया है। इटली को टी-20 विश्व के ग्रुप सी में बंगलादेश, इंग्लैंड, नेपाल और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी-20 दल में फूलमाली व पाटिल की वापसी

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज भारती फूलमाली ने 2019 के बाद पहली बार भारत की टी-20 टीम में वापसी की है। उनके साथ ऑफ़ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को भी फरवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना गया है। 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार वनडे टीम से बुलावा मिला है। ए दोनों खिलाड़ी पिछले साल दिसम्बर में श्रीलंका के खलिाफ खेलने वाली भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा थीं। काश्वी गौतम को वनडे दल में शामिल किया गया है,

जबकि भारत ने तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर कर दिया है। रेड्डी टी-20ष दल का हिस्सा हैं, जबकि राधा ने हाल ही में टी-20 टीम से भी अपनी जगह



गंवाई थी। वनडे सेट-अप का हिस्सा रहीं हरलीन देओल को टी-20 टीम से बाहर कर दिया गया है। गौतम ने आखरिी बार पिछले साल मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं फूलमाली की अंतर्राष्ट्रीय वापसी मौजूदा डब्ल्यूपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए चार पारियों में 191-66 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था और चार पारियों में 172-72 के स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए थे। यह 2023 के पहले डब्ल्यूपीएल सीजन से काफ़ी बेहतर प्रदर्शन था, जहां उन्होंने तीन मैचों में 120-75 के स्ट्राइक रेट से 64 रन बनाए थे। फूलमाली ने सात साल पहले गुवाहाटी में इंग्लैंड के खलिाफ भारत के लिए डेब्यू किया था और अब तक सिर्फ़ दो अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पाटिल के लिए यह अक्टूबर 2024 में हुए टी-20 विश्व कप के बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय दौरा होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ़ ही था। चोट के कारण लगभग एक साल तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद उन्होंने पिछले साल सितम्बर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, जहां वह खतिाब जीतने वाली बारबाडोस रॉयल्स टीम का हिस्सा थीं। मौजूदा डब्ल्यूपीएल में पाटिल ने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं, जिंसमें जायंट्स के खिलाफ लिया गया पंजा भी शामिल है। भारत 15 फ़रवरी से 1 मार्च के बीच तीन टी-20 और उतने ही वनडे खेलेगा।

# सबालेंका ने पहले राउंड का टेस्ट पास किया


मेलबन। वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका का लगातार चौथा ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचने का सफर रविवार को शानदार तरीके से शुरू हुआ, उन्होंने टियांत्सोआ राकोटोंमांगा राजाओनाह को हराया, जिन्होंने पहले सेट में सबालेंका को कड़ी टक्कर दी।

वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने निश्चित रूप से अपने करियर के सबसे ऊंचे रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सब कुछ लगा दिया, लेकिन दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अनुभव रॉड लेवर एरिना में 6.4, 6.1 की जीत में काम आया और रात का सेशन शुरू हुआ। सबालें. का ने पहले सेट जीतने के मोमेंटम और आत्मविश्वास का पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के आखिर में राकोटोंमांगा राजाआ. ेनाह की सर्विस तोड़कर सबालेंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। जल्दी ही, दूसरे सेट में यह बढ़त 3-0 हो गई। यह साफ था कि सबालेंका के शॉट के पीछे की ताकत राकोटोंमांगा राजाओनाह के लिए बहुत ज्यादा थी, जो अक्सर रिटर्न नेट में मार देती थीं या गेंद कोर्ट से बाहर चली जाती थी। दूसरे सेट में, सबालेंका की कोर्ट पर राकोटोंमांगा राजाओनाह की मूवमेंट को कंट्रोल करने की क्षमता ने कुछ आसान विनर्स बनाए - उन्होंने उस शाम 23 विनर्स मारे - या राकोटोंमांगा राजाओनाह से गलतियां करवाईं। तुलना के लिए, सबालेंका की पहली सर्विस की औसत गति 167 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जबकि राकोटोंमांगा राजाओनाह की 149 किलोमीटर प्रति घंटा थी। रिटर्न पर, सबालेंका ने अपने प्रतिद्वंद्वी की पहली और दूसरी सर्विस पर क्रमशः 42: और 64: अंक जीते। इसके बाद सबालेंका ने आखिरी चार गेम में से तीन जीतकर एक घंटे और 16 मिनट का मैच खत्म किया।

# विजेंदर सिंह को एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

एनियुक्तियां एशियाई बॉक्सिग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं। बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विजेंदर सिंह की नियुक्ति, साथ ही प्रमुख एशियाई बॉक्सिग कमीशन में भारत की व्यापक उपस्थिति,



महाद्वीपीय निकाय में बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया की रणनी. तिक हिस्सेदारी को मजबूत करती है एथलीट कमीशन में नौ सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता ईरान के सैयद रोहुल्लाह हुसैनी करेंगे। एशियाई बॉक्सिग कमीशन में अन्य भारतीय प्रतिनिधियों में चंदर किशोर जेरथ (खेल और प्रतियोगिता), स्मिता कुमारी (लैंगिक समानता, विविधता और समावेशन आयोग) और चरणजीत सिंह विर्क (न्यायिक आयोग) शामिल हैं।

# युई सुसाकी के नेतृत्व में हरियाणा थंडर्स ने दिल्ली को 6.3 से हराया

**नोएडा, वार्ता।** जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई।

कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विज. ेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुक. ाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, ष्आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मेरा लक्ष्य निर्णायक तरीके से जीत दर्ज करना था,

चाहे वह पिन के जरिए हो या तकनीकी श्रेष्ठता से, और मैं अपनी योजना को अच्छे से लागू कर पाई। टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों का प्रयास उत्साहजनक रहा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा, ष्हमारी उम्मीद जीत की थी, लेकिन शुरुआती कुछ मुकाबले हमारे पक्ष में नहीं गए। ए मुकाबले कड़े और करीबी थे, एकतरफा नहीं, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम हार से सीख लेंगे, टीम के रूप में खुद को दोबारा संगठित करेंगे और आगामी मुकाबलों में मजबूत वापसी करेंगे। हरियाणा ने शुरुआत 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक के जरिए शानदार अंदाज में की। कड़े मुकाबले में काजल ने



अनास्तासिया अल्पएवा को 6-5 से हराया। दूसरे पीरियड में बनाई गई मामूली बढ़त को उन्होंने अंत तक बरकरार रखते हुए हरियाणा को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शुभम कौशिक को 13-3 से परा. जंत कर हरियाणा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच का निर्णायक क्षण 53 किग्रा महिला मुकाबले में आया, जहां युई सुसाकी ने अपनी गति, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन नमूना पेश किया। सारिका को पूरी तरह दबाव में रखते हुए सुसाकी ने मात्र 57 सेकंड में 16-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जो न केवल मुकाबले का रुख तय करने वाला पल था बल्कि एक नया लीग रिकॉर्ड भी बना। इसके बाद हैवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया ने रोनक को 13.0 से हराकर हरियाणा की पकड़ और मजबूत कर दी। 57 किग्रा महिला वर्ग में नेहा सांगवान ने कनाडा की कार्ला गोंजालेज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजिंत कर हरियाणा के लिए पांचवीं जीत सुनिश्चित की और मैच लगभग सील कर दिया। दिल्ली को पहली सफलता 65 किग्रा पुरुष वर्ग में मिली, जहां कप्तान सुजीत कलकल ने रणनी. तिक मुकाबले में तुमुर ओचिर तुलगा को 2.1 से हराया। हालांकि, हरियाणा ने जल्द ही वापसी करते हुए 62 किग्रा महिला वर्ग में इरीना कोलियाडेंको के शानदार प्रदर्शन के दम पर अंजली को 13.0 से हराकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के तुरान बायरामोव ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 8.1 से जीत दर्ज की और दिल्ली के लिए दूसरा मुक. ाबला अपने नाम किया।

### लक्सर-फैरूपुर के बीच हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

# कार व ई-रिक्शा की टक्कर में तीन की मौत, चार गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर-फेरूपुर बीच एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।हादसा इतना भयावह था कि ई-रिक्शा के पर खच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। यह हादसा हरिद्वार मार्ग पर फेरूपुर क्षेत्र के समीप हुआ जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के पूरी तरह परखच्चे उड़ गये।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर तुरंत ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

❖ तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा को सामने से मारी जोरदार टक्कर

मृतकों की पहचान विकास कुमार निवासी फेरूपुर (कार चालक),चरण सिंह निवासी कलियर रुड़की (यात्री) व आस मुहम्मद निवासी नसीरपुर खुर्द, लक्सर (ई-रिक्शा चालक) बताए जा रहे है। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वहीं पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार दुर्घटना का कारण प्रतीत बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। हद से की सूचना पाकर मृतकों व घायलों के परिवारजन भी मौके पर पहुंच गए हैं सभी के परिवार मेंरो-रो कर बुरा हाल है और परिवारों में मातम छा गया है बड़ी तादाद में ग्रामीण भी



मोके पर पहुंचे। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की चेतावनी है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमो का पालन करें जल्दबाजी न करें खुद सुरक्षित रहें और दूसरे को भी सुरक्षित रखें।

### लक्सर-पुरकाजी हाईवे पर

## डंपर की टक्कर से 3 साल की मासूम की मौत, दंपत्ति गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर-पुरकाजी हाईवे पर जेके टायर कंपनी के पास आज एक अनियंत्रित डंपर ने मोटरसाइकिल सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकिउसकेमाता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने डंपर चालक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई की और सड़क पर जाम लगा दिया।हादसे का विवरणजानकारी के अनुसार, कुलदीप (पुत्र चमनदीप), निवासी ग्राम मजलिसपुर तौफिर, थाना भोपा (मुजफ्फरनगर, यूपी), अपनी पत्नी रीना और 3 वर्षीय पुत्री प्रियांशु के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर लक्सर की ओर से जा रहे थे। जैसे ही वे जेके टायर कंपनी के समीप पहुंचे, पुरकाजी की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम प्रियांशु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया,जबकि कुलदीप और रीना लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, चालक की धुनाईहादसे की सूचना मिलते ही शेखपुरी केग्रामीणों ने डंपर को घेराबंदी कर रोक लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,आक्रोशित भीड़ ने डंपर चालक को केबिन से बाहर खींच लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही लक्सर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को उग्र भीड़ के चंगुल से चालक को छुड़ाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।हाईवे पर लगा लंबा जामहादसे से नाराज लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया और घायलों को तत्काल उपचार के लिए हायर सेंटर भिजवाया। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है और डंपर को कब्जे में ले लिया है।पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल यातायात को सुचारू कर दिया गया है।

## कार की चपेट में आकर बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम गोकुलपुर के पास कार की चपेट में आने से रविवार को बाइक सवार दो व्यक्ति चाचा भतीजा घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे परिजनों द्वारा मेरठ डॉक्टर के यहां ले जाया गया है।

ग्राम राजजू पूर थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी शौकत अली अपने भतीजे शराफत के साथ बाइक से अपनी किसी रिश्तेदारी में मंगलौर आ रहा था ।जैसे ही वह ग्राम गोकुलपुर के पास आए उसी समय पीछे से तेज गति से आ रही कार द्वारा ओवरटेक करते समय बाइक उसकी चपेट में आ गई। बाइक कार की चपेट में आते ही बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे तथा घायल हो गए ।वहां से आने जाने वाले दूसरे लोगों द्वारा घायलों को उठाकर गांव में डॉक्टर के यहां ले जाया गया तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर शराफत अली को अधिक चोट आने से उसे मेरठ डॉक्टर के यहां उसके परिजन ले गए। कार चालक कार सहित भागने में सफल रहा।

## एनसीसी कैडेट्स की प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के अधीन कनिष्ठ स्कंध के एनसीसी कैडेट्स हेतु ए प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1, रुड़की परीक्षा का आयोजन रुड़की व तुगलपुर, गुरुकुल नारसन व भगवानपुर परीक्षा केंद्रों में भी भिन्न-भिन्न विद्यालयों में किया गया जिसमें कुल 661 एनसीसी कैडेटस द्वारा कार्यवाहक कमान अधिकारी कर्नल अमन कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में प्रतिभाग किया।

परीक्षा में सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स को शारीरिक परीक्षा जिसमें ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट वेपन क्राफ्ट व मैप रीडिंग पर परखा गया तथा इसके उपरांत लिखित परीक्षा आयोजित कर उनकी मानसिक दक्षता को भी जांचा गया। रुड़की में आयोजित की गई परीक्षा में सर्वाधिक 275 एनसीसी कैडेटस द्वारा परीक्षा प्रभारी फर्स्ट ऑफिसर नीरज नौटियाल, कनिष्ठ स्कंध एनसीसी अधिकारी, आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर, रुड़की के निर्देशन में प्रतिभाग किया गया। इनसे इतर परीक्षा के आयोजन में सेकंड ऑफिसर कमल मिश्रा, सेकंड ऑफिसर सुनीता नौटियाल, सेकंड ऑफिसर रेणु देवी, सेकंड ऑफिसर पंकज बेंजवाल, सेकंड ऑफिसर अरुण कुमार, केयरटेकर नीलिमा छेत्री, केयरटेकर सचिन कौशिक, सूबेदार सुनील कुमार,



बीएचएम केशवानंद, हवलदार पूरन सिंह आदि द्वारा संपन्न कराई गई। परीक्षा के आयोजन में बटालियन के प्रशिक्षण प्रभारी श्री रवि कपूर, डीईओ (हवलदार) धर्म सिंह, डीईओ संदीप बुड़ाकोटी, वाहन चालक अनुज गिरी का विशेष योगदान रहा जिनके द्वारा समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के आयोजन में सहयोग दिया गया।

## दो दिन से धूप निकलने से किसान मजदूरो को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व क्षेत्र में दो दिन से धूप निकलने से किसान मजदूर तथा क्षेत्र में चल रहे गन्ना कोलहू संचालकों को घना कोहरा पडने से पड़ रही कड़ाके की ठंड से काफी राहत मिली है। कुछ किसानों द्वारा अधिक ठंड पड़ने से खेतों में खड़ी गन्ने की फसल की कटाई बंद कर दी गई थी। अब गन्ने की फसल की कटाई शुरू कर दी जाएगी। कस्बा व क्षेत्र निवासी किसान राजवीर सिंह प्रदीप कुमार घनश्याम यशवीर सिंह भोला सिंह कुंवर पाल जमशेद आदि का कहना है कि कड़ाके की ठंड पड़ने से खेतों में काम नहीं हो पा रहा था। कडाके की ठंड के कारण मजदूर भी खेतों में काम करने नहीं जा पा रहे थे। दो दिन से धूप निकलने से कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली है। किसानों का कहना है कि जनवरी माह में कड़ाके की ठंड पड़ने से खेतों में खड़ी गन्ने की फसल की कटाई रोक दी जाती है। पाला व अधिक ठंड पड़ने से गन्ने की फसल कटाई करने के बाद उसमें से दोबारा गन्ने कि फसल मे फुटाव काफी कम होता हैं। जिससे किसानों द्वारा गन्ने की कटाई जनवरी माह में रोक दी जाती है। दो दिन से धूप निकलने से मौसम ठीक होने के कारण किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल में अब किसान गन्ना कटाई शुरू कर सकेंगे ।खेतों में खड़ी सरसों वह गेहूं की फसल में भी कई प्रकार के रोग कोहरा पड़ने के कारण आ जाते हैं ।उससे भी फसल को राहत मिल सकेगी। क्षेत्र में चल रहे गन्ना कोलहू संचालकों को भी मौसम ठीक होने पर राहत मिली है।

# नगर निगम में वीजी राम जी जनजागरण अभियान सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट वीजी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत नगर निगम सभागार में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. कल्पना सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, सहित वक्ताओं ने अभियान के उद्देश्य, कार्ययोजना और इसके दूरगामी लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। वीजी राम जी अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आजीविका के नए साधन विकसित करना है। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को इस मिशन के साथ जोड़कर पात्र लाभार्थियों तक सीधा लाभ पहुंचाया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि यह अभियान संगठन और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही सफल हो सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को इस



अभियान से जोड़ें, उन्हें योजनाओं की जानकारी दें और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभाएं। उन्होंने इसे ग्रामीण भारत के समग्र विकास की मजबूत नींव बताया। राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के समन्वित विकास के लिए ऐसे अभियानों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं, युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को इस मिशन से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कौशल विकास, लघु उद्योग और स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक संजय अरोड़ा ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अभियान के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। कार्यक्रम सहसंयोजक सचिन झबरेडी और अनिल चौधरी ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना साझा की। सम्मेलन में राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, शोभाराम प्रजापति, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़, जिला महामंत्री सागर गोयल, जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह, सोनू धीमान, डॉ सौरभ गुप्ता, प्रिया प्रवेश, अभिषेक चंद्रा, प्रधुम्न सिंह, सतीश सैनी, प्रतिभा चौहान, मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, सुशील रावत, कदम सिंह, गीता मलिक, अंकित गौतम, मोर्चों से नीलकमल शर्मा, सुदेश चौधरी, रोमा सैनी, सावित्री मंगला,ठाकुर संजय सिंह, अरविंद गौतम, एड बृजेश त्यागी, पूजा नंदा, एड. नवीन जैन, सुंदर लाल प्रजापति, योगेश त्यागी , महेंद्र काला, विवेक चौधरी, सरदार सतवीर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## जान से मारने की नीयत से फायर करने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना हेतु हरिद्वार पुलिस की प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले आरोपी को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। वादी आदित्य राणा पुत्र रविन्द्र राणा, निवासी भगवानपुर, जनपद हरिद्वार द्वारा थाना भगवानपुर पर तहरीर दी गई कि दिनांक 08/01/2026 को आरोपीगण मोन्टी निवासी प्रताप कॉलोनी, भगवानपुर, रितिक निवासी रुहालकी दयालपुर द्वारा वादी को जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिसमें वादी बाल-बाल बच गया। फायर की गई गोली दीवार से टकराकर शहजाद निवासी भगवानपुर को छूती हुई निकल गई। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार सुरागरसी, पतारसी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए अथक प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी अनमोल उर्फ प्रेमी उर्फ मोन्टी पुत्र भूपेन्द्र, निवासी प्रताप कॉलोनी, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि दिनांक 01/01/2026 को उसका व सह आरोपी रितिक का वादी आदित्य राणा के साथ झगड़ा हो गया था, जिसके कारण उनके बीच रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों ने मिलकर आदित्य राणा को मारने की योजना बनाई। दिनांक 08/01/2026 को दोनों आरोपी बाइक से नम्बरदार वाली गली पहुँचे। बाइक आरोपी रितिक की थी, जिसे अनमोल चला रहा था। योजना के अनुसार पीछे बैठे रितिक ने आदित्य राणा पर तमंचे से फायर किया।

## दिनारपुर में सुबोध को मिला सर्व समाज का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला/ज्वालापुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के दिनारपुर गांव में ब्राह्मण समाज और सिख समाज में बैठक कर भाजपा नेता सुबोध राकेश को समर्थन देने का ऐलान किया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में परिवर्तन की लहर चल रही है। स्वर्गीय पूर्व कैबिना मंत्री सुरेंद्र राकेश जी ने जैसे घाट क्षेत्र को चमन बनाया था उसी के अनुरूप सुबोध राकेश कार्य करेंगे। सुबोध राकेश ने कहा कि ज्वालापुर विधनसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर उतरना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है उन्होंने कहा कि विकास करने की हमारी प्राथमिकता है ज्वालापुर विधनसभा क्षेत्र की सड़क हालत



खराब है जनता ने जिस व्यक्ति को वोट देकर उन्हें जिताया था वही विकास नहीं कर पा रहे हैं। जनता ने उन्हें अगर मौका दिया तो वह कभी भी क्षेत्र को निराश नहीं होने देंगे। इस दौरान राकेश जी, रीना जी,महेंद्र शर्मा जी,मोहिनी शर्मा जी, दीपक शर्मा जी, निहारिका शर्मा जी, विजय शर्मा जी, जोगेंद्र शर्मा जी, खुशविंदर शर्मा जी,शिवम शर्मा जी,शशि शर्मा जी,प्रिया शर्मा जी,पीयूष शर्मा जी, अजय शर्मा जी, सोनिया शर्मा जी, विकास शर्मा जी, शालू शर्मा जी, रंजीत शर्मा जी, अनीता शर्मा जी, मनीष शर्मा जी, रेनू शर्मा जी, शशि शर्मा जी, प्रिया शर्मा जी,पूनम शर्मा जी,ईशानी शर्मा जी, अभिनव शर्मा जी इत्यादि लोग उपस्थित रहे

## व्यापार मंडल का सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रांतीय कार्यसमिति का भव्य आयोजन आज रुड़की के हरमिलाप भवन में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में उत्तराखंड के कोने-कोने से आए सैकड़ों व्यापारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में व्यापारिक हितों से जुड़े गंभीर विषयों पर मंथन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने साफ संदेश दिया कि व्यापार मंडल अब केवल एक संगठन नहीं, बल्कि व्यापारियों की सुरक्षा की ढाल है। उन्होंने कहा कि व्यापारी हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किए गए। ऑनलाइन व्यापार बनाम स्थानीय व्यापार: स्थानीय दुकानदारों को ऑनलाइन कंपनियों से मिल रही अनुचित प्रतिस्पर्धा के खिलाफ आंदोलन और जागरूकता की रणनीति। व्यापारी सुरक्षा::प्रदेश में व्यापारियों के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन से समन्वय और विशेष 'व्यापारी सुरक्षा सेल' की मांग। प्रदेश महामंत्री प्रकाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने और छोटे व्यापारियों को कागजी जटिलताओं से राहत दिलाने हेतु सरकार को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया ।

## सांसद प्रतिनिधि बनने पर राहुल अग्रवाल का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के लक्सर के युवा भाजपा कार्यकर्ता राहुल अग्रवाल को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर आर्य समाज मंदिर में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिनिधि नियुक्त होने पर राहुल अग्रवाल ने होते हुए कहा:मैं भाजपा का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूँ। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देना गर्व की बात है। इसके लिए मैं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक मदन कौशिक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ समारोह में मुख्य रूप से महंत धनपत राय, सेवाराम सिंघल, बीरबल



आर्य, सुखपाल आर्य, डॉ. राजेश अग्रवाल, गौरव आर्य, विशन कश्यप, रवि शंकर सिंघल, डॉ. राजेंद्र वर्मा, राजपाल टोंक, विजय डल, प्रवेश गर्ग, डॉ. सौरभ वधन सिंघल, राजेश जड़वाणि, सतपाल आर्य, राजपाल आर्य, धर्मचंद आर्य, विनय सिंघल, गौरव अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, उमेश गुप्ता, दिनेश चौहान, कृष्णा, आदित्य मौजूद रहे।

## गंगनहर पुलिस ने एक सटोरिया पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 'गंगनहर पुलिस ने 'सट्टे की खाई बाड़ी करते 01 सटोरीये को धर दबोचा है। अभियुक्त के कब्जे से सट्टा पर्ची पैन डायरी व नगद बरामद की है। स्मैक चरस गांजा पीने/बेचने/सट्टा खाई बड़ी/जुआ खेलने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित में प्रभारी निरीक्षक गंगनहर मनोहर सिंह भंडारी द्वारा अभियान चलाया। परिणाम स्वरुप पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाई बाडी करते अभियुक्त इनाम पुत्र रियासत निवासी रामपुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार का पकडा है।

### उत्तराखंड स्टेट ताइक्वांडो प्रतयोगिता का आयोजन

## आयुष, शौर्य, व प्रिशा ने जीते स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बागेश्वर में दिनांक 5 से 6 जनवरी तक दीप पैलेस मे दित्तीय ओपन उत्तराखंड स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता व सिलेक्शन दित्तीय फेडरेशन कप रास्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमे रूडकी ताइक्वांडो क्लब के 4 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिनमे आयुष सैनी जूनियर अंडर 73 ह स्वर्ण पदक , शौर्य प्रताप कैडेट अंडर 49 ह. स्वर्ण पदक, प्रिशा मेहंदीरत्ता कैडेट अंडर 51 ह स्वर्ण पदक, दिव्यांशी सब जूनियर अंडर 35 ह रजत पदक व दिव्यांशी ने ही सब जूनियर इंडिविजुअल पूमसे केटेगरी मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने जिले कानाम रोशन किया

और अब इन्ही खिलाड़ियों मे से तीन खिलाड़ी आयुष सैनी, शौर्य प्रताप, दिव्यांशी अपने भार वर्ग व इंडिविजुअल पूमसे वर्ग मे प्रतिभाग करने के लिए अपने कोच व इंटरनेशनल मैडलिस्ट, इंटरनेशनल रेफ्री आनंद कृष्णा यादव के साथ, इंडिया ताइक्वांडो के अंतर्गत आयोजित 2दक फेडरेसन कप राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 18 जनवरी से 23 जनवरी तक होने वाली प्रतियोगिता, राजस्थान मे जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर




स्टेडियम के लिये 4 सदस्य टीम कोच सहित रवाना हो चुकी है। कोच रूडकी ताइक्वांडो क्लब रूडकी आनंद कृष्णा यादव 7 डिग्री ब्लैक बेल्ट इंटरनेशनल प्लेयर-मैडलिस्ट इंटरनेशनल रेफ्री भी शामिल।

## कलियर विधायक ने किया सडक का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर विधायक फुरकान अहमद ने विधानसभा क्षेत्र के पाडली गुर्जर में राज्ययोजना से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस रोड को बनाए जाने की मांग लंबे समय से चल रही थी।

नगर पंचायत क्षेत्र पाडली गुर्जर में पनियाला रोड पर सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए विधायक फुरकान अहमद ने कहा काफी लंबे समय से जनता की डिमांड थी कि क्षेत्र में इस सड़क का निर्माण कार्य हो इस डिमांड को देखते हुए और जनता की सुख सुविधाओं को संज्ञान में लेते हुए पनियाला रोड से कब्रिस्तान तक 97 लाख 39 हजार की लागत से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को इससे काफी लाभ होगा उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस सरकार 2027 में आएगी और निश्चित रूप से प्रदेश में विकास की झड़ी लगेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि तौकीर अहमद ने कहा कि नई नगर पंचायतों को बजट न मिलने के कारण क्षेत्र में विकास कार्य अटके पड़े हैं। कहा कि विधायक निधि से लगातार कार्य करवाए जा रहे हैं इस सड़क के बनने के बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी।



इस अवसर पर सभासद दानिश,गुलजार,वसीम,राशिद मलिक,शहजाद,कामिल,भानु प्रताप,आसकिन, आबिद , हाजी रिजवान, उस्मान, शराफत, शमशेर, जावेद, इनाम, इनाम मुखिया,ओमपाल, मोसलीम, भूरा, समर्थक व क्षेत्रवासी आदि उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 19 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महाराष्ट्र में खींचतान

बीएमसी के मेयर को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि जिस तरह के नतीजे वहां से आए, उससे यह लग रहा था कि मुंबई बीएमसी का मेयर भाजपा का होगा। उसका कारण भी था मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट न 29 वार्ड जीते हैं। इस तरह बहुमत का आंकड़ा 114 पर हो जाता है। भाजपा का अगर मेयर बनना है तो उसे शिंदे गुट के 29 वार्ड सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। चुनाव नतीजों के बाद शिंदे गुट ने जिस तरह के तेवर दिखाए हैं, उसने भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाबा साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। स्वाभाविक है, शिंदे का यह रुख भाजपा के लिए हैरत वाला है और दोनों गुटों में खींचतान भी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ उद्धव गुट के संजय राउत ने भी यह कहकर विवाद को और हवा दे दी कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वह पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरे नंबर पर आई है। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांदरा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। यहां यह बताना जरूरी है कि उद्धव ठाकरे के मराठी कार्ड खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या कम रह गई है। जाहिर है शिंदे गुट उद्धव गुट के दबाव के चलते मेयर पद का दांव चलता दिखाई दे रहा है। जाहिर है अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती तो सत्ता के समीकरण बदल सकते हैं। महाराष्ट्र की सियासत आगे चलकर क्या रुख लेती है यह तो आने वाले तीन दिन में पता चलेगा, क्योंकि शिंदे गुट के सभी पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। शिंदे वह व्यक्ति हैं, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग हो गए थे और उन्होंने अपनी अलग शिवसेना बना ली थी। वह 2022 में अपनी ही पार्टी में बगावत करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। सियासत में ऐसा यूं ही नहीं कहा जाता कि इस खेल में कब क्या हो जाए, कोई नहीं जान सकता और इस खेल में चीजें बहुत नाटकीय तेजी के साथ बदलती रहती हैं। ऐसा इस समय भी देखने में आ रहा है। बड़ी पार्टी के रूप में जिस तरह भाजपा ने मुंबई बीएमसी के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और 227 में से 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई, उससे लग रहा था कि वह आराम से अपना मेयर बना लेगी, लेकिन शिंदे गुट ने यह कहकर बड़ा दांव चल दिया कि 2026 शिवसेना संस्थापक ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। बात साफ है शिंदे गुट अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं और कहीं न कहीं उसे लगता है कि भाजपा उसके अस्तित्व के लिए संकट पैदा कर रही है।

## जेल में फर्श पर कंबल में सोते हैं वांगचुक



लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है, उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें, सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है, इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिएं, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए, यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए, जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। **–गीतांजलि आंगमो, पत्नी, सोनम वांगचुक**

# कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ अफवाह और दुष्प्रचार



तनवीर जाफरी



> ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचा. रित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसत. रह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिए ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी जमीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफवाह व दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुकी है? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफवाहें बहुत बड़ी ताकत बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताकत कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिए उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां खूनी इबारत लिखी जा सकती है ?

निश्चित रूप से झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। खुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था। हिटलर का मानना था कि हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो। वह कहता था कि प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है और उसी का मत यह भी था कि झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है। खुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिए जब अमेरिका ने तत्कालीन इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई टग गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में खुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी खुफिया जानकारी गलत थी। इराक पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि श्वे भी निराश हैंश। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुखों ने इसे खुफिया विफलता यानी intelligence failure भी कहा परन्तु तब तक तो झूठ अफवाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक से तेल दोहन से लेकर इराक को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररिज्म, कोकीन आयात की साजिश , मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का कब्जा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साजिश जैसे आरोप लगाए हैं परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के फौरन बाद ट्रंप ने कहा कि अमे. रिका वेनेजुएला को संचालित करेगा, खासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती। ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के खराब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेजुएला के लोगों के फायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफवाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मकसद वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था?

इसी तरह पिछले दिनों ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया खासकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इजराइल फंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहां तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गए । अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इजराइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में व्यापक सहमति है। यह astroturfing कहा जाता है। इजराइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने खुद माना कि इजराइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं और बाद में मुआफी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं। रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व पश्चिमी दुष्प्रचार बताया, जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता खासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया गया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि झूठ अफवाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली और खतरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में नि:संदेह झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार काफी तेज और बहुत आगे चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए नई तैयारियां

> **यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लट्ठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है।**

वैसे तो इस बात पर आम सहमति है कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना सर्वोत्तम तरीका है लेकिन कई लोग मानते हैं कि सिर्फ उत्सर्जन कम करने से बात नहीं बनेगी। कार्बन डाईऑक्साइड को वायुमंडल में से हटाकर भंडारित करना भी जरूरी होगा। इसी सिलसिले में कनाडा में 3775 साल पुराने संरक्षित लाल देवदार के लट्ठे की खोज ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के एक नए तरीके में रुचि उत्पन्न की है। लकड़ी की तिजोरियां (वुड वॉल्ट)। इस तकनीक में लकड़ी को इस तरह दफनाया जाता है कि वह सड़कर वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड न छोड़े। गौरतलब है कि कार्बन डाईऑक्साइड ग्लोबल वार्मिंग में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है। जेंग और उनके सहयोगियों का अनुमान है कि दुनिया भर में एक-दो बार इस्तेमाल की जा चुकी लकड़ी के 4.5 प्रतिशत बायोमास को इस तरह दफनाने से वायुमंडल से सालाना 10 गीगाटन तक कार्बन डाईऑक्साइड को हटाया जा सकता है।



अलबत्ता, इस उपाय की प्रभाविता पर कुछ विशेषज्ञों को चिंता है। इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दबी हुई लकड़ी में कार्बन सदियों तक कैद रहता है या नहीं। अब तक, समुद्री मिट्टी के नीचे क्यूबेक लॉग का संरक्षण वैज्ञानिकों को उम्मीद देता है कि इसी तरह के परिणाम बड़े पैमाने पर प्राप्त किए जा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या अन्य किस्म की मिट्टियां भी ऐसी सुरक्षात्मक परिस्थितियां प्रदान कर सकती हैं। एक चिंता यह है कि कहीं यह तकनीक जंगलों को काटने की प्रेरणा न बन जाए, क्योंकि वह जैव विविधता के लिए खतरे की घंटी होगी। एक और चुनौती पेड़ों को दफनाने की व्यावहारिकता और अर्थशास्त्र है। लकड़ी का उपयोग निर्माण कार्य, कागज और फर्नीचर बनाने में किया जाता है और इसे दफनाने से वनों की कटाई और जैव विविधता के नुकसान सम्बंधित चिंताएं बढ़ सकती हैं। हालांकि, जेंग का सुझाव है कि इन जोखिमों से बचने के लिए केवल बेकार लकड़ी को दफनाया जा सकता है। जेंग के अनुसार बेकार लकड़ी के ढेर आग का खतरा भी बन सकते हैं, इसलिए उन्हें दफनाने से कई लाभ मिलेंगे। अभी के लिए, काष्ठ तिजोरियां जलवायु परिवर्तन के खिलाफ व्यापक लड़ाई में एक आशाजनक रणनीति दिख रही है। यद्यपि पर्यावरण सम्बंधी चिताओं के मद्देनजर इस पर और शोध की आवश्यकता है। **–स्रोत फीचर्स**

# योग और स्वस्थ जीवनशैली के लाभ

विनीत नारायण



भारत की प्राचीन सभ्यता में योग को जीवन का आधार माना गया है। आज की तेज-रफ्तार और तनावपूर्ण दुनिया में, जहां जीवनशैली संबंधी बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और मानसिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, योग एक प्राचीन लेकिन अत्यंत प्रासंगिक समाधान के रूप में उभर रहा है। भारत की यह अमूल्य धरोहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है, बल्कि मन की शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करती है। बीते वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' ने इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया है, क्योंकि योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य से लेकर पर्यावरणीय संतुलन तक सब कुछ जोड़ता है। आज का विषय योग को दैनिक जीवन में अपनाने के व्यावहारिक लाभों पर केंद्रित है, ताकि हम एक स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जी सकें।

योग का अर्थ है 'जोड़ना' या 'मिलन'। यह शरीर, मन और आत्मा का मिलन है। महर्षि पतंजलि के योग सूत्रों में योग को 'चित्त वृत्ति निरोध:' कहा गया है, अर्थात मन की वृत्तियों का निरोध, लेकिन योग सिर्फ ध्यान या समाधि तक सीमित नहींय यह हठ योग, राज योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे विभिन्न रूपों में जीवन को संतुलित करता है। आज के संदर्भ में, हठ योग के आसन और प्राणायाम सबसे अधिक प्रचलित हैं, क्योंकि यह व्यावहारिक और तुरंत लाभ देने वाले हैं। शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग के लाभ अनेक हैं। नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला, मजबूत और संतुलित होता है। सूर्य नमस्कार जैसे गतिशील आसन पूरे शरीर की मांसपेशियों को सक्रिय करते हैं, रक्त संचार बढ़ाते हैं और चयापचय ॢमेटाबॉलिज्मॣ को तेज करते हैं। इससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है। कई अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि योग से मोटापा कम होता है, खासकर पेट की चर्बी। धनुरासन, भुजंगासन और नौकासन जैसे आसन पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत देते हैं। महिलाओं के लिए योग मासिक धर्म चक्र को नियमित करता है, प्रसव के बाद रिकवरी में सहायक होता है और हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी वृद्धावस्था की बीमारियों से बचाव होता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए योग एक वरदान है। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम करते हैं और हृदय की धड़कन को संतुलित रखते हैं। भारत में हृदय रोग मौत का प्रमुख कारण है, और योग जैसे प्राकृतिक तरीके से इसे रोका जा सकता है। योग इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कोविड महामारी के बाद यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मानसिक स्वास्थ्य योग का सबसे बड़ा योगदान है। आज की युवा पीढ़ी चिंता, अवसाद और तनाव से ग्रस्त है। योग में ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं। विपश्यना या उपदकनिसदमे ध्यान से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल कम होता है, नींद बेहतर आती है और एकाग्रता बढ़ती है। छात्रों के लिए यह परीक्षा तनाव कम करने का बेहतरीन माध्यम है। कार्यरत लोगों के लिए योग वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखता है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग से आत्मविश्वास बढ़ता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता की कुंजी है। योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाना चाहिए। योग सिर्फ आसन नहीं, बल्कि आहार, नींद और दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। आयुर्वेद के अनुसार, सात्विक भोजन . फल, सब्जियां, दालें, अनाज और दूध-योग के लाभों को बढ़ाता है। जंक फूड, ज्यादा तेल-मसाले और रात में भारी भोजन से दूर रहना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, सूर्योदय के साथ योग करना और रात को 7-8 घंटे की नींद लेना आदर्श है। डिजिटल डिटॉक्स भी योग का हिस्सा बन सकता है, स्क्रीन टाइम कम करके ध्यान बढ़ाना।

योग नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और संतुलन सुधारता है, जिससे गिरने का खतरा कम होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से सिद्ध है कि यह तनाव कम करता है, कोर्टिसोल स्तर घटाता है और चिंता को 40: तक कम कर सकता है। हृदय स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर नींद, आत्मसम्मान में वृद्धि और समग्र जीवन गुणवत्ता में वृद्धि जैसे लाभ भी प्रमाणित हैं। योग कैंसर रोगियों में थकान कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, जिससे दैनिक जीवन अधिक संतु. लित और ऊर्जावान बनता है। समाजिक स्तर पर योग समुदाय को जोड़ता है। गांवों में योग शिविर, शहरों में पार्कों में सामूहिक सत्र और स्कूलों में योग शिक्षा से लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। महिलाओं के लिए यह सशक्तिकरण का साधन है . घरेलू कामों के साथ स्वास्थ्य बनाए रखना। बुजुर्गों के लिए योग गतिशीलता बनाए रखता है और अकेलेपन को कम करता है। पर्यावरणीय दृष्टि से, योग हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य जुड़े हुए हैं। कम खपत, अधिक जागरूकता और संतुलित जीवन से हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। आर्थिक रूप से भी योग फायदेमंद है। अस्पतालों के खर्च कम होते हैं, दवाओं पर निर्भरता घटती है। एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक उत्पादक होता है, जिससे परिवार और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। भारत में योग पर्यटन बढ़ रहा है . ऋषिकेश, हरिद्वार जैसे स्थान विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, जिससे रोजगार भी बढ़ता है। योग अपनाना आसान है। शुरुआत में 15-20 मिनट रोज काफी हैं। घर पर ऑनलाइन वीडियो या ऐप्स से सीख सकते हैं। वहीं सरकारी योजनाएं जैसे आयुष मंत्रालय के योग कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शिविर मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण है निरंतरता। योग कोई जादू नहीं, बल्कि अभ्यास है। योग को धीरे-धीरे बढ़ाएं, शरीर की सुनें और धैर्य रखें। याद रहे कि योग हमें सिखाता है कि सच्चा स्वास्थ्य बाहर नहीं, भीतर है। जब हम योग अपनाते हैं, तो न केवल हम स्वस्थ होते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण भी लाभान्वित होता है। इसलिए कोशिश करें कि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



राजकोट। ठंडी और धुंध भरी सुबह में अलावा के पास बैठकर खुद को गर्म करते लोग।

## कनाडा में परिवहन विभाग ने फोर्ड की 300000 गाड़ियों को वापस मंगाया

**ओटावा।** कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300000 से ज्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। सीटीवी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोर्ड मालिकों को मेल से सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

# ट्रम्प के बयानों के बाद ग्रीनलैंड, डेनमार्क में हुए विरोध प्रदर्शन

## प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे

**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के 'सिटी हॉल स्क्वायर' पर शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:30 बजे) भारी भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला।

इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे। इस बीच ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में भी दोपहर से ही लोग जुटना शुरू हो गए और 'ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड' के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक निल्सन भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक इनुइट गीत गाए और कई लोग 'मेक अमेरिका गो अवे' (अमेरिका को वापस भेजो) लिखी हुई टोपियां पहने नजर आए। प्रदर्शनों के बीच




■ ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिका एक फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से आने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि ग्रीनलैंड की खरीद को लेकर कोई समझौता नहीं होता है, तो एक जून से इस शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य के भीतर एक स्वशासी क्षेत्र है, जिसकी रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क सरकार के नियंत्रण में है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस द्वीप को 'खरीदने' की इच्छा जताई थी, लेकिन अब वे इसे हासिल करने के लिए 'अमेरिकी सेना के उपयोग' सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को वाशिंगटन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, जिसमें ग्रीनलैंड के भविष्य को लेकर 'मौलिक असहमति' बनी रही। इस बीच, ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों ने इसे 'ब्लैकमेल' और 'अस्वीकार्य' करार देते हुए एकजुट होकर जवाब देने की चेतावनी दी है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने इस धमकी पर हैरानी जताते हुए कहा कि वे यूरोपीय आयोग के संपर्क में हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट किया कि सहयोगियों के बीच विवादों का समाधान दबाव के बजाय बातचीत से होना चाहिए। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इसे सीधे तौर पर 'ब्लैकमेल' बताते हुए कहा कि स्वीडन ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ट्रम्प के कदम की आलोचना की है। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय देश इस पर समन्वित प्रतिक्रिया देंगे, जबकि स्टार्मर ने ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला डेनमार्क और वहां के लोगों द्वारा किए जाने की वकालत की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने चेतावनी दी कि ऐसे कदम से 'ट्रांस-अटलांटिक' संबंधों में गिरावट आएगी।

# ट्रम्प ने 8 यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध कर रहे थे यूरोपीय देश, कहाः नहीं माने, तो जून से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने पोस्ट में 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही है और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

ट्रम्प ने लिखाः हमने कई वर्षों तक डेनमार्क, यूरोपीय यूनियन के सभी देशों और कुछ और देशों को सब्सिडी दी है। हमने उनसे टैरिफ या किसी भी तरह का कोई टैक्स नहीं लिया। अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क बदले में कुछ लौटाए क्योंकि अब विश्व शांति दांव पर है। ट्रम्प ने कहा कि चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं और डेनमार्क इसे चाहे भी तो नहीं रोक सकता।



■ डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी यूनाइटेड किंगडम नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे
■ चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं: ट्रम्प

फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डाग स्लेज (कुत्तों के खींचने वाली गाड़ी) हैं। इस खेल में सिर्फ अमेरिका ही कामयाब तरीके से दखल दे सकता है। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका पिछले 150 सालों से ग्रीनलैंड खरीदने की कोशिश कर रहा है और कई राष्ट्रपतियों ने इसके प्रयास किए, लेकिन डेनमार्क ने हर बार इनकार किया। फिलहाल इस टैरिफ पर यूरोपीय देशों की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं।

## ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक

**ब्रुसेल्स।** ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है। ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था। हालांकि ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के रुख और और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को 'पूरी तरह' से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के 'रणनीतिक स्थान और खनिज संसाधनों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण' बताते हुए चेतावनी दी कि एक फरवरी 2026 से उपर्युक्त सभी देशों द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा कि हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

# उत्तरी सीरिया में अंतरिम सरकार एसडीएफ के बीच फिर शुरू हुई झड़प

■ समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था

**दमिश्क।** सीरिया के उत्तर-पश्चिम में मौजूद अलेप्पो और रक्का में सीरिया के अंतरिम प्रशासन और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) के बीच सैन्य तनाव अचानक बढ़ गया है। एक दिन पहले घोषित वापसी समझौते के बावजूद दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें शुरू हो गई हैं। दिन की शुरुआत पूर्वी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में फिर से शुरू हुई लड़ाई के साथ हुई। एसडीएफ ने सीरियाई सेना पर आरोप लगाया कि वह 48 घंटे की वापसी अवधि समाप्त होने से पहले ही देर हाफ़र और मस्कानह शहरों में दाखिल हो गई।

दूसरी ओर, सीरियाई सेना ने कहा कि उसने समझौते के उल्लंघन और अपने दो सैनिकों की हत्या के बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए तैनाती की है। जैसे-जैसे टकराव बढ़ा, सीरियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी अलेप्पो से आगे रक्का प्रांत की ओर बढ़ने की घोषणा की और फुरात नदी के पश्चिम के सभी क्षेत्रों को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित कर दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना ने तबका के पास सफ़यान और अल-सौरा तेल क्षेत्रों सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और सैन्य हवाई अड्डे की घेराबंदी शुरू कर दी है। एसडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया कि रक्का प्रांत वापसी समझौते के दायरे में था। उनका कहना है कि समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था। एसडीएफ ने रक्का में पूर्ण कर्फ्यू लागू कर दिया है और चेतावनी दी है कि इस तनाव से इस्लामिक स्टेट के कैदियों वाली जेलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। तनाव शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही एसडीएफ कमांडर मजलूम आब्दी ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों की अपील पर उनकी सेनाएं शनिवार सुबह से फुरात के पूर्व से हटने लगेंगी। एसडीएफ और सीरियाई अंतरिम अधिकारियों दोनों का समर्थन करने वाले अमेरिका ने दोनों पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया है। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सीरियाई सरकारी बलों से अलेप्पो और तबका के बीच आक्रामक अभियान रोकने का आग्रह किया है।

# इंडोनेशिया में 11 लोगो को ले जा रहा विमान लापता

■ पहाड़ी इलाके में रडार से गायब, सर्च ऑपरेशन जारी, सरकार से जुड़े लोग सवार थे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान शनिवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कान्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्राप एटीआर 42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी के मुताबिक, विमान दोपहर 1:17 बजे (05:17 जीएमटी) मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया। सारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट ठीक करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। इसके बाद कंट्रोल टावर ने इमरजेंसी डिस्टेस फेज घोषित किया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। विमान जिस इलाके में लापता हुआ, वह पहाड़ी और घने जंगलों वाला क्षेत्र है। यहां पहुंचना रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी चुनौती है। सर्च ऑपरेशन के लिए एयरफोर्स के हेलिकाप्टर, ड्रोन और ग्राउंड यूनिट्स को लगाया गया है। दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल बांगुन नवोको ने इसकी पुष्टि की। इस बीच माउंट बुलुसराउंग इलाके में ट्रैकिंग कर रहे कुछ हाइकर्स ने पहाड़ पर बिखरा मलबा, विमान जैसा लोगो और आग जलने की सूचना दी है।

## मर्कोसुर, यूरोपीय संघ ने किए मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन।** दक्षिणी साझा बाजार (मर्कोसुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मर्कोसुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है। अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मर्कोसुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है।

# ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड से नाराज इजरायल

## कहाः बिना बातचीत टीम बनाई, यह नीति के खिलाफ, शांति बोर्ड में भारतवंशी अजय बंगा भी शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फार द एडमिनिस्ट्रेशन आफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया है। राष्ट्रपति खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा है कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत के की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की। इस बोर्ड में 7 लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं। बंगा फिलहाल वर्ल्ड बैंक ग्रुप के अध्यक्ष हैं। बोर्ड के दूसरे सदस्यों में मार्को रुबियो (विदेश मंत्री),

■ व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की, इस बोर्ड में सात लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं

स्टीव विटकाफ (विशेष राजदूत) समेत कई लीडर शामिल हैं। पीस बोर्ड के अलावा, हाई रिप्रेजेंटेटिव और एनसीएजी की मदद के लिए गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया जा रहा है। इसके शुरुआती सदस्यों में स्टीव विटकाफ, जेरेड कुश्नर, तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान, अली अल-थावादी, जनरल हसन राशाद, टोनी ब्लेयर, मार्क रोवन, यूएई की मंत्री रीम अल-हाशिमी, बल्गेरियाई राजनेता निकोलाय म्लाडेनोव शामिल हैं। निकोलाई म्लाडेनोव एग्जीक्यूटिव बोर्ड के प्रतिनिधि होंगे। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। इजरायल का मुख्य विरोध तुर्की जैसे देशों की भूमिका से है। यह हमास के समर्थक माने जाते हैं और इजरायल के साथ इनका संबंध तनाव पूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने नेतन्याहू के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि गाजा को 'कार्यकारी बोर्ड' की जरूरत नहीं, बल्कि हमास को पूरी तरह खत्म करने और बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक पलायन की जरूरत है। ट्रम्प अक्टूबर 2025 में इजरायल पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने नेतन्याहू से मुलाकात की थी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड का हर सदस्य गाजा की स्थिरता और लंबे समय की सफलता से जुड़े एक तय पोर्टफोलियो की जिम्मेदारी संभालेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने हमे धोखा दियाः ईरानी प्रदर्शनकारी

## कहाः सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त समर्थन नहीं किया, हिंसा में अब तक 5000 लोगों की मौत का दावा

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा कि ट्रम्प ने हमे धोखा दिया और बेवकूफ बनाया।

जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए। एक ईरानी ने कहा, ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किया, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया।



■ सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे

ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं, जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे। ईरान में सरकार के खिलाफ 28 दिसम्बर को प्रदर्शन शुरू हुआ था। ईरान में फैशन की पढ़ाई कर रही 23 साल की एक कॉलेज की छात्रा को ईरानी सुरक्षा बलों ने 8 जनवरी को गोली मार दी थी। घटना की जानकारी अब सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षाबलों की गोली सीधे सिर के पीछे लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। रूबिना की मौत के एक सप्ताह बाद भी परिवार ने रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। सुरक्षा बलों से बचने के लिए उसके शव को चोरी से सड़क के किनारे गड्ढे में ही दफना दिया। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये माना कि पिछले 28 दिसम्बर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। उन्होंने इन मौतों के लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। ट्रम्प ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। वहां नए नेतृत्व की तलाश करने का समय आ गया है। 23 साल की रूबिना अमिनियन ईरान के एक कॉलेज में फैशन की पढ़ाई कर रही थीं। रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षा बलों ने सिर में गोली मारी थी। घटना के समय रूबिना की मां करमनशाह शहर में थीं, जो तेहरान से लगभग 460 किलोमीटर दूर है। रूबिना की मां को उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उन्हें गोली लग गई है। वे सब 8 जनवरी को कॉलेज से घर लौट रहे थे, तभी प्रदर्शन दिखाई दिया और वे उसमें शामिल हो गए। ईरानी एजेंट राइफल और शाटगन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रहे थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर